सूर्योदय दि. 07-12-2021
दिल्ली स्टै. टा.
सूर्यास्त दि.30-17/33 दि.5 -17/37

अधिकतम तापमान 11.1° न्यूनतम तापमान 22.1°

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक RNI No.DELHIN/2015/66886

# ओपन सर्च

E-mail | opensearchdelhi@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 06 अंक : 248 नई दिल्ली, मंगलवार 07 दिसम्बर-2021 नई दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से प्रसारित ₹ मूल्य : 02 रूपए | पृष्ठ : 08




जैकलीन फर्नांडीज को कुछ देर के लिए... पृष्ठ-8 पर

# भारत-रूस ने टू प्लस टू वार्ता में साझा हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, हमारे लिए वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन यूनिक इवेंट है

**नई दिल्ली.एजेंसी**

भारत और रूस के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों ने आज यहां पहली टू प्लस टू बैठक में साझा हितों के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यहां सुषमा स्वराज भवन में रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोएगु और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का स्वागत किया।

अमेरिका , जापान और आस्ट्रेलिया के बाद रूस चौथा देश है जिसके साथ भारत ने टू प्लस टू वार्ता शुरू की है। बैठक में रक्षा मंत्री श्री सिंह ने अपने आरंभिक उद्बोधन में कहा कि भारत एवं रूस के रक्षा संबंधों में हाल के समय में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। हमें आशा है कि रूस इस चुनौतीपूर्ण समय में भारत का प्रमुख साझीदार बना रहेगा। रूसी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग हाल के समय में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रूस एवं भारत क्षेत्रीय सुरक्षा के विस्तार में सहयोग करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि



भारत एवं रूस के बीच यह बैठक बहुपक्षवाद के उभार एवं पुनर्संतुलन के मसलों का समाधान करेगी। हम अत्यधिक केन्द्रित वैश्वीकरण के परिणामों पर काम करने को लेकर उत्सुक हैं। हम आतंकवाद, हिंसक उग्रवाद की पुरानी चुनौतियों सहित कई नयी चुनौतियों पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की स्थिति का मध्य एशिया सहित पूरे क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। समुद्री सुरक्षा हमारी साझी चिंता है। दोनों देश आसियान केन्द्रित एवं आसियान संचालित प्लेटफॉर्म्स को समान रूप से महत्व दिये जाने के पक्ष में हैं। बैठक के बाद श्री जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े परस्पर संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने साझा हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की तथा विचारों का आदान प्रदान किया। सूत्रों के अनुसार श्री सिंह ने बैठक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि भारत मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और अंतर्निहित क्षमता के बल पर राष्ट्र के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने में सक्षम है और उसे ऐसे साझीदारों की जरूरत है जो भारत की उम्मीदों के प्रति संवेदनशील हो।

उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद हाल के समय में दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग असाधारण ढंग से मजबूत हुआ है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि बदलती परिस्थितियों में रूस भारत का प्रमुख साझीदार बना रहेगा। श्री जयशंकर ने कहा कि रूस के साथ हमारे संबंध घनिष्ठ तथा समय की कसौटी पर परखे हुए हैं। दुनिया भर में बदलती परिस्थितियों में हमारे संबंध स्थिर रहे हैं। राजनीतिक स्तर पर हमारे बीच सक्रिय संवाद है और साथ ही लंबे समय से मजबूत रक्षा साझेदारी भी चली आ रही है। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि रूस और भारत के लोकतांत्रिक तथा बहुकेन्द्रीत विश्व व्यवस्था के बारे में समान विचार हैं।

वे शांति और सुरक्षा के बारे में समान विचारों को बढावा देते हैं। उन्होंने कहा कि नया टू प्लस टू तंत्र दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रभावशाली मंच बनेगा और पारंपरिक आपसी समझ को बढाने तथा सामरिक साझेदारी को मजबूत बनाने में योगदान देगा। रूसी रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इस वार्ता से परस्पर विश्वास और वैश्विक तथा क्षेत्रीय सुरक्षा का माहौल बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दोनों देशों के संबंधों में विशेष स्थान है।

## दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्षा रुबी यादव को महानगर मेल ने किया सम्मानित





**नई दिल्ली :** भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यालय पर महानगर मेल के अध्यक्ष श्री रणवीर गहलोत व संस्था के सदस्यों ने दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्षा श्रीमती रुबी यादव को पांचवें महानगर ग्लोबल अवीवर्स अवार्ड-2021 से सम्मानित किया। इस सम्मान के लिए महानगर मेल के सभी सदस्यों को रूबी यादव ने धन्यवाद दिया। **छाया : ओपन सर्च**

## एक नज़र

### देश में कोरोना के 8 हजार से अधिक नए मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 8,306 नए मामले सामने आये हैं और 211 लोगों की इस महामारी से मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों की संख्या एक लाख से घटकर 98,416 हो गई है। कोरोना संक्रमण के 8,306 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 46 लाख 41 हजार 561 हो गई है। इस दौरान 8,834 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर तीन करोड़ 40 लाख 69 हजार 608 हो गई है। गौरतलब है कि पिछले 24 घंटे में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से 211 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 73 हजार 537 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.28 फीसदी, रिकवरी दर 98.35 फीसदी और मृत्यु दर 1.37 फीसदी है। मंत्रालय के अनुसार, इसी अवधि में 24 लाख 55 हजार 911 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक 127 करोड़ 93 लाख 09 हजार 669 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

### शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स और निफ्टी में 1.65 फीसदी की गिरावट

**मुंबई (एजेंसी)** देश में कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रॉन के नये मामलों में हो रही वृद्धि के मद्देनजर रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों को यथावत बनाये रखने की आशंका में आज शेयर बाजार में चौतरफा भारी बिकवाली हुयी जिससे बाजार में भूचाल आ गया और सेंसेक्स और निफ्टी में 1.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का 30 शेयरों का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 949.32 अंक गिरकर 57 हजार अंक से नीचे 56747.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 17 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से फिसलकर 16912.25 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.35 प्रतिशत उतरकर 24842.18 अंक पर और स्मॉलकैप 1.35 फीसदी गिरकर 28038.53 अंक पर रहा।

## युवक ने बड़ी बहन का सिर काटा और लेकर पहुंच गया थाने, वारदात में मां ने दिया बेटे का साथ

**औरंगाबाद (एजेंसी)**

महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली वारदात में 18 साल के एक युवक ने अपनी मां के साथ मिलकर बड़ी बहन का सिर काटकर धड़ से अलग कर दिया। इसके बाद उस सिर के साथ सेल्फी लेकर उसे परिचितों के वाट्सएप ग्रुप में साझा



किया। जान गंवाने वाली युवती का कुसूर बस इतना था कि उसने अपनी मर्जी से शादी की थी। पुलिस ने हत्या करने वाले मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार दोपहर बाद की है। औरंगाबाद की वैजापुर तहसील के गोयगांव में संकेत एस मोते (18) ने मां शोभा एस मोते (40) के साथ मिलकर बहन की हत्या की। सेल्फी लेने, वाट्सएप ग्रुप पर फोटो शेयर करने और सिर को लेकर कुछ देर घूमने के बाद दोनों ने नजदीक के थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को शुरुआती जांच में आनर किलिंग का मामला होने का पता चला है। पता चला है कि संकेत की बड़ी बहन कीर्ति (19) अपने ही गांव में रहने वाले प्रेमी अजय (23) के साथ बीती 21 जून को बिना बताए घर से चली गई थी। बाद में उन्होंने पुणे के अलांदी में शादी कर ली और वहीं पर रहने लगे। इस घटना को लड़की के परिवार वालों ने अपने अपमान के तौर पर लिया। कुछ दिन पहले कीर्ति और अजय वापस गांव लौटे थे। जानकारी मिलने पर भाई संकेत और उसकी मां कीर्ति से मिलने उसके ससुराल वाले घर में गए। शुरुआत में उन्होंने जताया कि वे रिश्ते में आई कड़वाहट को भूल चुके हैं और उनकी तरफ से सब सामान्य हो गया है। कुछ देर बाद कीर्ति जब उनके लिए चाय-नाश्ता बनाने के लिए रसोईघर में गई, तब मां और भाई भी पीछे-पीछे वहां पहुंच गए। वहां पर मां और भाई ने कीर्ति को गिरा लिया।

## ओमिक्रोन के खतरे को देखते हुए योगी का कोविड टेस्टिंग और टीकाकरण की गति बढ़ाने के निर्देश

**ओपन सर्च ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के नए वैरिएंट आने के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को टीकाकरण की गति बढ़ाने और कोविड -19 की रोकथाम और उपचार के संबंध में स्वास्थ्य सलाहकार समिति के सुझावों का सख्ती से पालन करने का आदेश दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने संबंधित अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कोविड -19 प्रोटोकॉल, परीक्षण, टीकाकरण, निगरानी और स्वच्छता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। सीएम कार्यालय ने बताया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में 100 बेड और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही करीब 3,011 पीएचसी और 855 सीएचसी सभी उन्नत सुविधाओं से लैस हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों, पीएचसी और सीएचसी में 74 हजार से अधिक बेड बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। जिससे कि किसी भी आपात स्थिति में इससे निपटा जा सके। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य



सलाहकार समिति ने ओमिक्रान से जुड़े विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की है और इस रिपोर्ट के आधार पर प्लान तैयार किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संक्रमण से बचाव के लिए समिति की रिपोर्ट में शामिल बिंदुओं पर गंभीरता से काम करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने वैक्सीनेशन को और तेज करने का आदेश दिया है। राज्य में लगातार दूसरे दिन कोरोना वायरस के नए केस के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। बीते पिछले 24 घंटे में 29 नए कोरोना संक्रमण मामलों की पुष्टि हुई। इससे पहले शनिवार को 27 संक्रमित मिले थे। इसके बाद सभी जिलों को कोरोना की जांचों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। हर जिले में होने वाले कुल टेस्ट में से 70 प्रतिशत आरटीपीसीआर करने को कहा गया है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डा. वेदव्रत सिंह ने बताया कि पहली लहर के बाद से ही उत्तर प्रदेश में आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधाएं बढ़ाई गई थीं और जिलों में आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा के लिए बीएसएल-2 लैब खोली गई है। अब तो जीनोम सीक्वेंसिंग की स्पीड भी बढ़ाई जा रही है। संजय गांधी पीजीआई तथा केजीएमयू में जीनोम जांच में तेजी लाने के आदेश दिए गए हैं।

## कराधान प्रणाली का लक्ष्य कर स्लैब की संख्या को कम करना : बिरला



**नई दिल्ली (एजेंसी)**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि कराधान प्रणाली का लक्ष्य कर स्लैब की संख्या को कम करना और अधिक करदाताओं को इस प्रणाली में लाना है।

सोमवार को श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए 'फेसलेस कराधान प्रणाली' की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देने से ईमानदार करदाता बोझिल प्रक्रियाओं से अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश में पारदर्शी और जिम्मेदार कर प्रशासन प्रणाली है और युवा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जवाबदेही और पारदर्शिता के माध्यम से इस व्यवस्था में लोगों का विश्वास बनाए रखें।

श्री बिरला ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सेवा देश की कराधान प्रणाली और उसके विकास का आधार है। युवा अधिकारियों को समाज के सबसे कमजोर और निर्धन वर्गों के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। प्रशिक्षु आईआरएस अधिकारी अपने प्रशिक्षण के भाग के रूप में इस समय लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संसदीय पद्धतियों और प्रक्रियाओं के बारे में आयोजित दो दिवसीय परिबोधन कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षु अधिकारी 74वें बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। इस उद्घाटन सत्र में कुल 56 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भाग लिया।

# कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं

## दिल्ली सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार, समीक्षा बैठक कर सीमए केजरीवाल ने तैयारियों का लिया जायजा

**विजय कुमार.ओपन सर्च**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि ओमिक्रॉन बेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है।

मैं इस पर लगातार नजर बनाए हुए हूं। मैंने पिछले हफ्ते समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया था। हमने पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, बेड्स, दवाइयों और उपकरण का इंतजाम कर रखा है। आप चिंता न करें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और घर से बाहर निकलें, तो मास्क अवश्य पहनें। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने आज डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि कोराना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन देश में प्रवेश कर चुका है। कई जगह से खबर आ रही हैं कि वहां ओमिक्रॉन के मरीज पाए गए। दिल्ली के अंदर भी



मरीज पाए गए। लेकिन मैं आप सबको कहना चहता हूं कि पैनिक करने की कोई जरूरत नहीं है, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मैं इस पर लगातार नजर रखे हुए हूं। मैंने पिछले हफ्ते भी हर चीज की समीक्षा बैठक की थी। ऑक्सीजन है, बेड्स हैं, दवाइयां हैं, उपकरण हैं, जिस भी चीज की जरूरत हैं, उसे हम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएंगे। आप चिंता न करें, बस आप अपना काम करते रहें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क पहनना बिल्कुल न भूलें। मास्क सबसे जरूरी है। घर से बाहर निकलें, तो अवश्य मास्क पहनें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीते हफ्ते कोरोना की संभावित लहर से निपटने के लिए संबंधित विभागों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया था।

दिल्ली सरकार की तैयारी 64-65 हजार बेड्स तैयार करने की है। मौजूदा समय में दिल्ली सरकार ने 30 हजार ऑक्सीजन बेड्स पहले ही तैयार कर लिया है, जिसमें 10 हजार आईसीयू बेड हैं। इसके अलावा, दिल्ली सरकार फरवरी तक और 6800 आईसीयू बेड तैयार कर

**मैं कोरोना पर लगातार नजर बनाए हुए हूं, हमने पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन, बेड्स, दवाइयों और उपकरण का इंतजाम कर रखा है : अरविंद केजरीवाल**

**आप चिंता न करें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और घर से बाहर निकलें, तो मास्क अवश्य पहनें : अरविंद केजरीवाल**

लेगी। साथ ही, इस तरह की व्यवस्था की गई है कि जरूरत पड़ने पर दो हफ्ते की नोटिस पर दिल्ली के हर वार्ड में 100-100 ऑक्सीजन बेड तैयार कर लिए जाएंगे। इसके अलावा, 32 किस्म की दवाइयों को दो महीने का बफर स्टॉक ऑर्डर दिया जा चुका है, ताकि दवाइयों की कमी न पड़े। दिल्ली सरकार ने 442 मीट्रिक टन ऑक्सीजन भंडारण की अतिरिक्त क्षमता बना ली है और दिल्ली में 121 मीट्रिक टन ऑक्सीजन भी बननी चालू हो गई है। ऑक्सीजन के प्रबंधन के लिए सभी टैंक में टेलीमेट्री डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि रियल टाइम पर उपलब्ध ऑक्सीजन की जानकारी मिलती रहे। साथ ही, केजरीवाल सरकार ने दो बॉटलिंग प्लांट्स लगाया है।

इसकी मदद से दिल्ली में अब प्रतिदिन 2900 सिलेंडर भरे जा सकेंगे। कोरोना की संभावित लहर के मद्देनजर मैन पावर की कमी न हो, इसके लिए केजरीवाल सरकार ने विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ मेडिकल स्टूडेंट्स, नर्सेज और पैरामेडिकल स्टॉफ को कोविड प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया है। केजरीवाल सरकार ने कुल 15370 डॉक्टर, नर्सेज, मेडिकल स्टूडेंट्स और पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया है, जिसमें 4673 डॉक्टर, 1707 मेडिकल छात्र, 6265 नर्स और 2726 पैरामेडिक्स शामिल हैं।

इन्हें ऑक्सीजन थेरेपी, कोविड प्रबंधन, पीडियाट्रिक वार्ड कोविड प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया है। केजरीवाल सरकार ने कोरोना की संभावित लहर को ध्यान में रखते हुए पांच हजार हेल्थ असिस्टेंट तैयार किए हैं। जरूरत पड़ने पर सरकार इन हेल्थ असिस्टेंट की भी मदद ले सकेगी। हेल्थ असिस्टेंट को नर्सिंग, पैरामेडिक्स, होम केयर, ब्लड प्रेशर मापने, वैक्सीन लगाने समेत अन्य बेसिक ट्रेनिंग दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर हेल्थ असिस्टेंट, डॉक्टर और नर्स के असिस्टेंट के रूप में काम करेंगे और खुद से कोई निर्णय नहीं लेंगे।

## नागालैंड की घटना अत्यंत दुखद : अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

गृहमंत्री अमित शाह ने नागालैंड में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताते हुए आज इस घटना पर खेद जताया और कहा कि उनकी सरकार इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

श्री शाह ने सोमवार को लोकसभा में इस बारे में वक्तव्य देते हुए कहा कि सरकार वहां हालात नियंत्रित कर माहौल को शांत करने का प्रयास कर रही है और इसके लिए वह खुद बराबर राज्य सरकार के संपर्क में हैं। केंद्र सरकार के पूर्वोत्तर मामलों के वरिष्ठ अधिकारी को घटना स्थल पर भेजा गया है।

इसके साथ ही इस घटना की जांच के आदेश दिये गये हैं और एक माह में रिपोर्ट देने को कहा गया है। घटना के बारे में विस्तृत विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि सेना को एक वाहन से उग्रवादियों की गतिविधि की सूचना मिली थी इसलिए उसके कमांडो संदिग्ध जगह पर पहुंचे और वाहनों की चेकिंग करने लगे।

# एक नज़र

## मेरठ के लालकुर्ती पैंठ बाजार में चोर गैंग सक्रिय, अब शिक्षक का मोबाइल उड़ाया

**मेरठ (एजेंसी)** मेरठ में लालकुर्ती पैंठ बाजार में पर्स व मोबाइल चोर गैंग सक्रिय है। यह गैंग खरीदारी कर रहे लोगों के पास खड़े होकर उनकी जेब काट देता है। रविवार को व्यापारियों ने एक महिला चोर की पिटाई भी की थी। इसके बावजूद चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही। सोमवार को खरीदारी करने पैंठ बाजार आए शिक्षक का मोबाइल आज्ञात आरोपितों ने चोरी कर लिया। उन्होंने तहरीर दी है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ट्यूबेल कॉलोनी निवासी केएन मिश्रा साकेत आईटीआई में शिक्षक है।

सोमवार को केएन मिश्रा अपनी पत्नी शिव कुमारी व बच्चों के साथ खरीदारी करने बाजार आए थे। वह एक दुकान पर कपड़े देख रहे थे। तभी आज्ञात आरोपितों ने जेब मे रखा रेडमी-6 मोबाइल चोरी कर लिया। शिक्षक ने आसपास मोबाइल की तलाश भी की, लेकिन पता नहीं चला। एसपी सिटी विनीत भटनागर का कहना है कि मोबाइल को सर्विलांस पर लगवा दिया है। इसके अलावा लालकुर्ती पैंठ बाजार में सादे कपड़ों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। जिससे आरोपित पकड़े जाए। दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित गाडविन कालोनी निवासी रहनुमा पुत्री मंसूर फैशन डिजाइनिंग की छात्रा है। रविवार दोपहर छात्रा अपनी शादी की खरीदारी करने छतरी वाले पीर स्थित इमरान साड़ी सेंटर पर आई थी।

खरीदारी करने के बाद छात्रा स्कूटी पर वापस लौट रही थी। तभी पैदल आए बदमाश ने सरेआम रहनुमा से मोबाइल लूट लिया। उसने साहस दिखाते हुए बदमाश को पकडने का प्रयास भी किया लेकिन आरोपित खैरनगर की तंग गलियों में घुसकर फरार हो गया। छात्रा ने लूट की तहरीर दी है।

मेडिकल थाना क्षेत्र के जागृति विहार निवासी अधिवक्ता अनुज शर्मा का थापर नगर में आफिस है। शनिवार रात काम खत्म करने के बाद अधिवक्ता घर जा रहे थे। तभी गली से निकलते ही बाइक सवार दो युवकों ने हाथ देकर अधिवक्ता की कार रोक ली। इसी बीच एक आरोपित ने उनका आइफोन लूट लिया और फरार हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर बदमाशों की तलाश भी की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह अधिवक्ता ने तहरीर दी है।

## सुलतानपुर में कार की टक्कर से बाइकसवार बच्ची समेत तीन की मौत, तेरवहीं से लौट रहा था परिवार

**सुलतानपुर (एजेंसी)** सुलतानपुर में बल्दीराय के पारा बाजार चौराहे के निकट तेज रफ्तार ब्रेजा कार की टक्कर से बाइक सवार एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार खाई में जा गिरी। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कुड़वार निवासी विनोद कुमार अपनी बुआ पुष्पा, बुआ की नतिनी आरती व अमृता के साथ अमेठी के चांदीपुर गांव में तेरवहीं के निमंत्रण में गए थे। सोमवार तड़के विनोद सभी को बाइक पर बैठाकर घर की ओर आ रहे थे।

पारा बाजार की कुछ दूरी पर चक्रारीभीट गांव के पास पहुंचे ही थे कि सुलतानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि बाइक कुछ दूर जा गिरी और सभी एक पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ओवर स्पीड कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद खाई में पलट गई। हादसे में विनोद व पुष्पा की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीण जमा हो गए। घायल आरती को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। वहीं दो वर्षीय अमृता बाल-बाल बच गई। 10 साल से मायके में रह रही थी पुष्पाः पुष्पा की शादी पांचोपीरन में हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह दस साल से अपने मायके निषाद बस्ती भंडरा में रह रही थी। उनके दो बेटे अमरनाथ, रामजनक व दो बेटियां संगीता व मनोरमा हैं। संगीता की शादी प्रेमचंद्र निवासी राईबीगो पांडेयबाबा मोतिगरपुर के साथ हुई है।

प्रेमचंद्र दिल्ली में रहते हैं। इन दिनों संगीता अपनी दो बेटियों अमृता व आरती के साथ अपने मायके भंडरा आई थी। जिद करने पर पुष्पा रविवार को अपनी दोनों नातिनों को लेकर निमंत्रण में गई थी। कार से बरामद हुई शराब की बोतलः क्षतिग्रस्त कार में शराब की बोतलें बरामद हुई हैं, जिससे नशे में वाहन चलाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। कार में चालक के अलावा कुछ और लोग बैठे थे, जिन्हें पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग बरात से लौट रहे थे। थाना प्रभारी प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित चालक की तलाश की जा रही है।

## मेरठ में विदेश से आए 116 नए यात्रियों ने बढ़ाई धड़कन, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

**मेरठ (एजेंसी)** कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग की धड़कन बढ़ी हुई है। प्रदेश सरकार ने विदेश से मेरठ पहुंचने वाले 116 नए यात्रियों की सूची भेज दी है, जिसमें कई यात्री ऐसे देशों से आए हैं, जहां कोरोना का नया वैरिएंट संक्रमित हो चुका है। उधर, रविवार तक जारी रिपोर्ट के मुताबिक 24 नवंबर के बाद कुल 449 यात्री विदेश से मेरठ आए हैं। 80 और यात्रियों की सैंपलिंग कर ली गई। ओमिक्रोन के बढ़ते मामले में बीच मेरठ में स्?वास्थ्?य विभाग कोई भी कोताही नहीं बरतना चाहता है।

विशेष सावधानी रखी जा रही है। विदेश से आने यात्रियों को लेकर मेरठ में प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डा. अशोक तालियान ने बताया कि नागरिक उड्डयन विभाग अब तक पांच सूची भेज चुका है। ज्यादा यात्री खाड़ी देशों से होकर आए हैं। लेकिन यूएसए, इंग्लैंड, फ्रांस, कनाडा, इटली, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका से लौटने वालों की भी बड़ी तादाद है। संक्रमित देशों से आने वालों पर विशेष नजर है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग सभी यात्रियों की सैंपलिंग करवा रहा है।

डा. तालियान ने बताया कि ओमिक्रोन वैरिएंट से संक्रमित होने वालों में ज्यादा लक्षण नहीं उभरते हैं, ऐसे में लक्षण रहित मरीजों की संख्या ज्यादा हो सकती है। संदिग्ध लक्षण वाले मरीजों को तत्काल आइसोलेट किया जाएगा। फिलहाल मेडिकल कालेज व सुभारती में 20-20 बेडों के ओमिक्रोन वार्ड बना दिए गए हैं। करीब तीन हजार आइसोलेशन बेड रिजर्व कर लिए गए हैं और 29 आक्सीजन प्लांटों की फिटनेस जांच ली गई है।

## लखनऊ में शार्ट सर्किट से अलमारी की फैक्ट्री में भीषण आग, धमाकों से दहला इलाका

**लखनऊ (एजेंसी)** चिनहट में देवां रोड अपट्रान चौकी के पास स्थित अलमारी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। अग्निकांड के दौरान फैक्ट्री में रखे गैस सिलिंडर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटे। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आधा दर्जन गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। देवां रोड अपट्रान चौकी के पास गीता अलमीरा फैक्ट्री है।

सोमवार तड़के फैक्ट्री से धुंआ और आग की लपटें निकलती देख गार्ड ने शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़े उन्होंने पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग बेकाबू होते देख लोगों ने दमकल को सूचना दी। इस बीच आग की तपिश से फैक्ट्री में रखे सिलिंडर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटने लगे। आस पड़ोस में अफरा-तफरी मच गई।

लोग भागने लगे। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निकांड के दौरान फैक्ट्री में रखी बड़ी संख्या में अलमारियां और अन्य सामान जल गया। एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि गैस रिसाव के कारण आग लगी है। आग लगने के मूल कारणों की जांच की जा रही है।

फैक्ट्री में नहीं थें अग्निसुरक्षा के संसाधनः सीएफओ विजय कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में आग से सुरक्षा के संसाधन नहीं थें। फैक्ट्री के पास फायर विभाग की एनओसी थी कि नहीं इसकी भी जांच की जा रही है। फैक्ट्री मालिक को नोटिस देकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सोनभद्र में कनहर सिंचाई परियोजना पूरी होने पर लहलहाएंगे खेत तीन प्रदेशों के 21 ग्राम पंचायतों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

**सोनभद्र के दुद्धी तहसील के अमवार में निर्माणाधीन कनहर सिंचाई परियोजना से तीन प्रदेशों के 21 ग्राम पंचायतों के दर्जनों गांवों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसमें यूपी के 11, छत्तीसगढ़ के छह और झारखंड की चार ग्राम पंचायतें शामिल हैं।**



**सोनभद (एजेंसी)** महत्वाकांक्षी कनहर सिंचाई परियोजना सोनांचल के लोगों के लिए वरदान साबित होगी। परियोजना के पूरी होने के बाद जहां 35467 हेक्टेयर असिंचित भूमि सिंचित होगी, वहीं दुद्धी एवं चोपन ब्लाक के लगभग 108 गांवों को भी लाभ पहुंचेगा।

इससे जहां खेत लहलहाएंगे, वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सोनभद्र के दुद्धी तहसील के अमवार में निर्माणाधीन कनहर सिंचाई परियोजना से तीन प्रदेशों के 21 ग्राम पंचायतों के दर्जनों गांवों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसमें यूपी के 11, छत्तीसगढ़ के छह और झारखंड की चार ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इस परियोजना के मूर्त रूप ले लेने से जिले के दुद्धी व चोपन ब्लाक के लगभग 108 गांवों में बंजर पड़े खेतों को सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी। इससे उन खेतों में जहां हरियाली आएगी, वहीं खेतों में रबी और खरीफ दोनों फसलें लहलहाएंगी। परियोजना का निर्माण होने से किसानों की आय तो बढ़ेगी ही साथ ही रोजगार भी मिलेगा। परियोजना से जुड़े इन गांवों में सिंचाई की सुविधा न होने के कारण यहां के किसान पूरी तरह मानसून पर निर्भर रहते हैं। बारिश अच्छी हुई तो फसल अच्छी होने की उम्मीद रहती है, नहीं तो खेत सूखे ही रह जाते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में ज्यादातर किसान खेती नहीं कर पाते हैं। कनहर सिंचाई परियोजना के पूर्ण हो जाने के बाद दुद्धी व चोपन ब्लाक में इससे जुड़े गांवों का जलस्तर भी बढ़ जाएगा। कनहर सिंचाई परियोजना के मूर्त रूप लेने पर उसकी जद में आने वाले डूब क्षेत्र के सैकड़ों वर्ष पुराने कई गांवों व धार्मिक स्थलों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वालों में भीसूर, सुंदरी, सुगवामान, लांबी, कोरची, गोहड़ा, कुदरी सहित दर्जन भर गांव शामिल हैं। इन गांवों में सैकडों वर्ष पुराने धार्मिक स्थल के साथ ही श्मशान व कब्रिस्तान भी शामिल हैं, जिनका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। हालांकि इन गांवों में रहने वाले लोगों को सरकार ने मुआवजा देकर सुरक्षित जगह पर बसा दिया है। यूपी, छत्तीसगढ़ व झारखंड तीन राज्यों से जुड़ी कनहर सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य 1976 में शुरू हुआ था। 10 वर्ष भी इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन लगभग 47 वर्ष पूर्ण होने के बाद अभी तक महज 80 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। कनहर सिंचाई परियोजना के 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है। परियोजना की लागत अब तक लगभग 2239 करोड़ रूपये पहुंच चुकी है। इस परियोजना में अब तक 2000 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं।

परियोजना के तहत बन रहे 39.90 मीटर ऊंचे इस बांध की पानी स्टोरेज क्षमता 10.29 लाख क्यूसेक है। इसका कुल कैचमेंट एरिया यूपी, झारखंड व छत्तीसगढ़ को मिलाकर 4580 एस्क्रायर किमी है। परियोजना के तहत बन रहे अंडरग्राउंड वाटर टनल का कार्य भी लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। महत्वाकांक्षी कनहर सिंचाई परियोजना का कार्य वर्ष 2024 में पूरा होने की उम्मीद है। परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना की कुल लागत 2239 करोड़ में अब तक 2000 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। कार्य निर्बाध गति से जारी है।

## बोलेरो पर किया पथराव, मारपीट कर किया घायल

**मधुबन, मऊ (एजेंसी)** पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को लेकर मायके वालों ने बहन की तिलक लेकर जा रहे भाई की बोलेरो पर पथराव करके क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं प्रतिरोध करने पर दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह भागकर युवकों ने अपने को बचाया। इसमें तिलक में शामिल होने जा रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तो वहीं बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के पाउस निवासी अमित यादव का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। पत्नी अपने मायके में ही रह रही है। अमित यादव रविवार की शाम अपने मित्र नई बाजार निवासी विजय यादव और बड़कीबारी निवासी संजय के साथ बोलेरो से क्षेत्र के अहिरुपुर में अपनी बहन की तिलक लेकर जा रहा थे। रविवार की शाम को जैसे ही वह दुबारी के पास पहुंचे कि वैसे ही उसकी पत्नी के मायके पक्ष के आधा दर्जन लोग बोलेरो को घेर लिए और बोलेरो पर पथराव करने लगे। जब बोलेरो सवार ने इसका विरोध किया तो वह विजय यादव और संजय को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को नामजद तहरीर दे दिया गया है।

# अयोध्या में रामलला की गर्भगृह में स्थापना के बाद श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए 2024 में विचार करेगी विहिप

**समरसता के ही क्रम में 16 फरवरी को रविदास जयंती मनाए जाने पर भी विहिप का जोर होगा। विहिप आंबेडकर, वाल्मीकि और कबीर जैसे महापुरुषों को भी सम्मान देकर समरसता की भावना को बलवती बनाएगी। आलोक कुमार ने बताया कि समरसता की ही भावना से विहिप मलिन बस्तियों पर ध्यान केंद्रित करने जा रही है।**




**अयोध्या (एजेंसी)** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा है कि जब तक रामलला को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में विराजमान नहीं करा देंगे, तब तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि के विषय का स्पर्श नहीं करेंगे।

दिसंबर, 2023 तक गर्भगृह में रामलला की स्थापना हो जाएगी और 2024 में हम श्रीकृष्ण जन्मभूमि के बारे में विचार करेंगे। आलोक कुमार कारसेवकपुरम में आयोजित वार्ता के दौरान पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर दे रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने बताया कि विहिप समरसता के अभियान में तेजी लाने जा रही है और इसी योजना के तहत न केवल कारसेवकपुरम में रविवार को समरसता विभाग की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक संपन्न हुई, बल्कि 14 जनवरी को पूरे देश में समरसता दिवस मनाने की तैयारी है। आयोजन के तहत विहिप के संयोजन में प्रखंड स्तर पर प्रभात फेरी एवं समरसता गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

समरसता के ही क्रम में 16 फरवरी को रविदास जयंती मनाए जाने पर भी विहिप का जोर होगा। विहिप आंबेडकर, वाल्मीकि और कबीर जैसे महापुरुषों को भी सम्मान देकर समरसता की भावना को बलवती बनाएगी। आलोक कुमार ने बताया कि समरसता की ही भावना से विहिप मलिन बस्तियों पर ध्यान केंद्रित करने जा रही है। इस क्रम में यह कोशिश होगी कि अनुसूचित जाति और जन जाति के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस वर्ग की महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित हो और प्रत्येक गांव के मंदिर सभी के लिए खुले हों। पानी के स्रोत अलग-अलग न हों और श्मशान पर भी सभी के लिए समान व्यवस्था हो। मनुष्य के नाते जो गरिमा, बंधुत्व का भाव और अधिकार है, वह सभी को प्राप्त हो सके।

आलोक कुमार के अनुसार जाति की वजह से दूल्हा को घोड़ी से उतारने जैसी किसी घटना के सामने आने पर विहिप पूरी तत्परता से पीड़ित परिवार एवं समाज के साथ खड़ी होगी और यह तय करेगी कि वंचित समाज को ऐसा आघात कभी न सहना पड़े। तमिलनाडु को लेकर केंद्रीय कानून की मांग ~विहिप कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। कहा कि तमिलनाडु जैसे राज्यों में सरकारी नियंत्रण की वजह से मंदिरों का तेज कम हो रहा है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय कानून बनाए जाने या मंदिरों के नियंत्रण के लिए स्वतंत्र ढांचा विकसित करने की मांग की।

## राहुल गांधी से नहीं हुई मुलाकात तो चार कांग्रेसियों ने दिया इस्तीफा, प्रदेश अध्यक्ष ने गठित की नई कमेटी

**प्रयागराज (एजेंसी)** संगम नगरी यानी प्रयागराज में राहुल गांधी का कल रविवार को आगमन हुआ था। राहुल के आगमन के दौरान उनसे मुलाकात न कर पाने से नाराज चार कांग्रेसियों ने उसी रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कयास लगाई जा रही है कि इनके अलावा भी कुछ लोग इस्तीफा दे सकते हैं। इसके बाद से कांग्रेस में सियासी हलचल तेज हो गई है। इतना ही नहीं यह मामला पार्टी हाई कमान तक पहुंच गया है। नौबत तो यह आ गई कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा। यही वजह है कि प्रदेश अध्यक्ष ने शहर की नई कार्यकारिणी का गठन कर दी। महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू ने अनूप सिंह को कोषाध्यक्ष पद का दायित्व दिया है। उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद असलम, परवेज सिद्दीकी, अनीता कुशवाहा, इशरत अली, प्रदीप नारायण द्विवेदी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अलावा राजकुमार शुक्ल, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, मोहम्मद इरफान, अखिलेश वाष्णेय, अनूप त्रिपाठी, शादाब अहमद, अंजुम नाज, हर्षिता अरोड़ा, प्रवीन सिंह, शफीकुद्दीन, शशांक शुक्ल, अजेंद्र गौड़, सतीश केसरवानी, अनिल सोनकर व राकेश पाठक को महासचिव बनाया गया है। कुछ दिन पहले वरुण गांधी के साथ सोनिया गांधी का पोस्टर वायरल करने वाले और दो समोसे के लिए मारपीट करने वाले कांग्रेस के शहर सचिव इरशाद उल्ला को फिर से उसी पद की जिम्मेदारी दे दी गई है। इसके अलावा पीसीसी सदस्य किशोर वाष्णेय के पुत्र अभिन्न वाष्णेय समेत दीप चंद्र शर्मा, विशाल सोनकर, मोहम्मद हसीन, शकील अहमद, अजय श्रीवास्तव, कामेश्वर सोनकर, आलोक शुक्ला, रीतेश हेला, अवधेश मिश्रा, अभिनव पांडेय, रिजाय अहमद, स्वतंत्र सिंह, दिलावद हुसैन, अशोक सोनी, आमिद वारसी, अब्दुल गनी, नफीस कुरैशी, ऋषभ पांडेय और नीरज पाल को सचिव पद पर बैठाया गया है।



# आजम खां के बाबा साहब आम्बेडकर को लैंड माफिया बोलने पर ताली बजा रहे थे अखिलेश यादव : बृज लाल



**लखनऊ (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक बृज लाल ने भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन करने के साथ ही समाजवादी पार्टी पर बड़ा बोला।

इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दलित प्रेम को भी दिखावा बताया। कुशीनगर निवासी बृज लाल ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन किया। इसके साथ ही ट्वीट वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मैं तो वर्ष 2016 के उस दिन को याद करके भावुक हो जाता हूं, जब गाजियाबाद में अखिलेश यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां ने भारत रत्न बाबा साहब आम्बेडकर को लैंड माफिया बोला था। गाजियाबाद में अखिलेश यादव ने हज हाउस का उद्घाटन किया था। इस समारोह में जब मंच पर आजम खां ने बाबा साहब को लैंड माफिया यानी भू-माफिया बोला था, तब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ा रहे थे। ऐसे अखिलेश यादव को बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन करना शोभा नहीं देता है। बृज लाल ने कहा कि आजम खां ने इस समारोह में सामने दिख रही बाबा साहब डा. आम्बेडकर की प्रतिमाओं की ओर इशारा कर उनको लैंड माफिया कहा था। आजम खां ने कहा था कि यहां पर जो मूर्तियां उंगली उठाए खड़ी हैं, वो कह रही हैं कि जहां पर मैं खड़ा हूं यह जमीन तो मेरी है ही। सामने वाला प्लाट भी मेरा है। बृज लाल ने कहा कि अखिलेश यादव उस दौरान आजम खां के इस बयान पर तालियां बजा रहे थे। उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष बृजलाल ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने माफिया तथा अपराधियों पर अपना शिकंजा जा कस दिया है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी आतंकवादियों के केस वापस लेने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि माफिया को हर स्तर पर मदद करने वाली समाजवादी पार्टी का चरित्र ही दोहरा है। माफिया की पार्टी तो आतंकियों को शरण देती है और इसके नेता संविधान निर्माण में अग्रणी भूमिका में रहे बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर को लैंड माफिया बताते हैं।

## यूपी की सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक के पोस्टर-बैनर हुए चोरी, तीन थानों में दी शिकायत

**गाजियाबाद (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा की ओर से लगवाए गए होर्डिंग-बैनर चोरी हो गए हैं। विज्ञापन एजेंसी ने इसकी इंदिरापुरम, कौशांबी और लिंक रोड थाने में शिकायत दी है। विज्ञापन एजेंसी के मुताबिक गाजियाबाद नगर निगम ने उसे क्षेत्र में विज्ञापन का अधिकार दिया है।साहिबाबाद के भाजपा विधायक सुनील शर्मा ने क्षेत्र में प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित होर्डिंग-बैनर लगवाए थे। इंदिरापुरम, कौशांबी और लिंक रोड थाना क्षेत्र में लगे होर्डिंग-बैनर चोरी हो गए हैं। उन्होंने तीनों थानों में इसकी तहरीर दी है।

विधायक प्रतिनिधि हरिचंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लोगों तक उनकी जानकारी पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इससे लोगों को योजनाओं की जानकारी होगी और वह उसका लाभ ले सकेंगे। इसी के तहत विधायक सुनील शर्मा ने होर्डिंग-बैनर लगवाए थे। बता दें कि यूपी में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में प्रस्तावित है। चुनाव नजदीक आते देख सभी दल चुनाव प्रचार तेजी से कर रहे हैं। भाजपा विधायक सुनील शर्मा भी चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने योगी सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं का पोस्टर बैनर छपवाया था। जोकि चोरी हो गया है। साहिबाबाद विधानसभा को सबसे प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा माना जाता है। इस सीट पर सबसे ज्यादा वोटर हैं।

## पीएमएफएमइ से जुड़ रहीं फूड प्रोसेसिंग यूनिट, 25 किसानों ने किए आवेदन

**अलीगढ़ (एजेंसी)** बंद हो चुकीं फूड प्रोसेसिंग यूनिटें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमइ) से जुड़ रही हैं। जिला उद्यान विभाग इन्हें पुनः स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। सरकार द्वारा दी जा रहीं सुविधाओं से विभागीय अधिकारी किसानों को अवगत करा रहे हैं।

वाट्सएप ग्रुप के जरिए किसानों को इस संबंध में सूचनाएं पोस्ट की जा रही हैं। अब तक छह गोष्ठियां हो चुकी हैं, जिनमें योजनाओं के बारे में जानकारी देकर आवेदन लिए जा रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 25 किसानों के आवेदन आ चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2020 में इस योजना की शुरूआत की गई थी। योजना के तहत सरकार इन यूनिटों को 10 लाख रुपए तक का अनुदान दे रही है। वित्तीय वर्ष 2021- 22 के लिए अलीगढ़ को 30 यूनिटों का लक्ष्य मिला है। असंगठित क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) में कार्यरत सूक्ष्म उद्यम जैसे आम, लीची, आलू, टमाटर, साबूदाना, किन्नू भुजिया, पापड़, अचार, मोटे अनाज आधारित उत्पाद, मत्स्य, पाल्ट्री फार्म और पशुचारा के लिए भी लोग इस योजना में पात्र हैं।

कोरोना काल में नौकरी छोड़कर बेरोजगार हुए कुछ युवको ने यूनिटें शुरू कर स्वरोजगार किया। योजना के तहत 18 रिसोर्स पर्सन भी नियुक्त किए गए हैं, जो व्यक्तिगत इकाइयों और समूहों को सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की उन्नयन व स्थापना के लिए डीपीआर तैयार करा रहे हैं। यही नहीं, रिसोर्स पर्सन बैंक से ऋण दिलाने, खाद्य मानक व उद्योग की जानकारी भी देंगे। योजना के तहत मशरूम केयर यूनिट, शहद प्रोसेसिंग यूनिट, मधुमक्खी पालन में भी लाभ लिया जा सकता है।

# आधार नंबर से संभागीय परिवहन विभाग के कार्यों में आएगी धार, वाहनों का डीलर प्वाइंट पर ही तत्काल होगा रजिस्ट्रेशन

**मीरजापुर (एजेंसी)** संभागीय परिवहन विभाग के कार्यों में आधार से अब सुचिता व पारदर्शिता संग धार आएगी। आधार प्रमाणीकरण एवं जीएसआर 240 ई के तहत मोटरयानों के डीलर प्वाइंट पर ही तत्काल रजिस्ट्रेशन होगा। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने सभी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन को दिशा निर्देश जारी किया है।




प्रदेश भर में नई व्यवस्था आगामी आठ दिसंबर से लागू होने जा रही है। इसके मददेनजर परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार पांच दिसंबर तक बिके सभी वाहनों का पंजीयन करने के लिए जनरेट किए गए एप्लीकेशन को छह दिसंबर तक पूरा करने में जुटा रहा। परिवहन विभाग में वाहन व सारथी एप संबंधी सेवाओं में आधार प्रमाणीकरण की सेवा आरंभ कर दी गई है। साथ ही जीएसआर 240 ई द्वारा पूरी तरह से निर्मित मोटरयानों के डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में भी परिवर्तन किया है। जिसके तहत डीलर प्वाइंट का वाहन कर शुल्क जमा करते ही पंजीयन चिंह आवंटित होने की व्यवस्था की गई है। एआरटीओ विवेक शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश में क्रय के बाद राज्य में ही पंजीकृत होने पर अस्थायी पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था समाप्त होने और डीलर स्तर पर ही संबंधित जनपद का पंजीयन चिंह वाहन पोर्टल पर स्वतः जनरेट होना, प्रदेश में क्रय कर उत्तर प्रदेश के बाहर पंजीकृत कराने वाली पूरी तरह से निर्मित बाडी वाली वाहनों तथा चेसिस क्रय कर बाडी का निर्माण कराने के उपरांत पंजीकृत होने वाले वाहनों में अस्थायी पंजीयन छह माह के लिए वैद्य होगा। डीलर स्तर पर अपलोड होने के बाद जिस जनपद में पंजीयन चिंह आवंटित हो रहा है। संबंधित जनपद के पंजीयन अधिकारी द्वारा चिंह अनुमोद किया जाएगा। आधार प्रमाणीकरण संबंधी दिशा निर्देश शासन से मिला है।

इस बाबत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया गया है। निर्देश दिया गया है कि पांच दिसंबर तक विक्रीत सभी वाहनों के पंजीयन के लिए जनरेट किए गए एप्लीकेशन को प्रत्येक दशा में छह दिसंबर तक डिस्पोज करें।

# एक नज़र

## एंबियंस समूह के प्रमोटर राज सिंह की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)** 800 करोड़ रुपये के मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार किए गए एंबिएंस समूह के प्रमोटर राज सिंह गहलोत की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए एजेंसी को जवाब दाखिल का निर्देश दिया। गहलोत की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल 28 जुलाई से हिरासत में हैं और मामले में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

उन्होंने दलील दी कि परिस्थितियों में बदलाव हुआ है और यहां तक कि निचली अदालत ने भी विधेय अपराध में याचिकाकर्ता को जमानत दे दी थी। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल वरिष्ठ नागरिक हैं और इस मामले में सर्वाधिक सजा सात साल की है। उन्होंने जोर दिया कि आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है और उनके मुवक्किल ने हमें जांच एजेंसी के साथ सहयोग किया है। वहीं, ईडी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने याचिका का विरोध करते हुए जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की।

इस पर पीठ ने सुनवाई छह जनवरी तक के लिए स्थगित करते हुए गहलोत को विधेय अपराध में याचिकाकर्ता को निचली अदालत द्वारा दी गई जमानत के आदेश को रिकार्ड पर लाने को कहा। अक्टूबर माह में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने राज सिंह गहलोत को यह कहते हुए जमानत देने से इन्कार कर दिया था कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो उनके द्वारा जांच को प्रभावित करने की संभावना है। अदालत ने कहा कि था कि अपराध की प्रवृत्ति और गंभीरता को देखते जमानत नहीं दी जा सकती है। ईडी ने धोखाधड़ी के 800 करोड़ के मनी लॉड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 29 जुलाई को राज सिंह गहलोत को कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

## शिकायत लेकर थाने आए तीन युवकों को पुलिस ने कमरे में बंद करके बेरहमी से पीटा

**फरीदाबाद (एजेंसी)** आमजन के सहयोग के लिए अक्सर पुलिस अधिकारी दावा करते रहते हैं, लेकिन यदि पुलिस चौकी व थानों का हाल देख लिया जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी। यहां शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता है। कईयों को तो फटकार कर भगा दिया जाता है।

एक ऐसा ही मामला डबुआ थाने का सामने आया है। यहां सोमवार सुबह कार का शीशा तोड़ने की शिकायत लेकर आए पीड़ितों के साथ डबुआ थाने के अंदर पुलिसकर्मियों ने खूब मारपीट की। तीनों को कमरे में बंद कर दिया गया था ताकि चिल्लाने की आवाज बाहर न जा सके। सूचना मिलने पर पीड़ितों के स्वजन थाने के बाहर आए और हंगामा किया। जिस समय एक पीड़ित के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की जा रही थी, उसी दौरान उसका परिवार थाने के बाहर बैठा गाड़ी में बैठा था। उन्हें जयपुर जाना था। हंगामा होते ही पुलिसकर्मियों ने नेम प्लेट उतार दी और सादे कपड़े पहन लिए ताकि कोई पहचान न कर सके। थाना प्रभारी महेंद्र पाठक इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। हंगामे की सूचना मिलने पर एसीपी बड़खल सुखबीर सिंह आए। इसके बाद विनय ने मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायत दी।

कपड़ा कालोनी निवासी विनय कुमार ने बताया कि वह मंदिर के प्रधान हैं। 4 दिसंबर को मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम था। इसलिए उनके छोटे भाई अविनाश के जयपुर निवासी साला आकाश परिवार सहित यहां आया हुआ था। उसने अपनी क्रेटा कार मंदिर के बाहर खड़ी थी। रात को किसी ने आकाश की कार क्षतिग्रस्त कर दी। अगले दिन पांच दिसंबर को उन्होंने इसकी शिकायत डबुआ थाने में की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई और छह दिसंबर को बुलाया। वह, अविनाश और आकाश सोमवार सुबह आठ बजे थाने पहुंच गए, लेकिन पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया।

## संसद मार्ग स्थित एक भवन की सुरक्षा में तैनात दो गार्ड आपस में भिड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)** संसद मार्ग थाना इलाके में ड्यूटी पर देरी से आने को लेकर एक सुरक्षा गार्ड ने दूसरे गार्ड को फटकार लगा दी। उसके बदले दूसरे गार्ड ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। गार्ड की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं घायल सुरक्षा गार्ड का अस्पताल में उपचार कराया गया है। संसद मार्ग स्थित एक मीडिया संस्थान के भवन में शिव कुमार राय सुरक्षा गार्ड हैं। उनके साथ हेमंत कुमार भी गार्ड है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि शिव कुमार व हेमंत में ड्यूटी देरी से आने को लेकर बहस बाजी हो गई थी।

उसके अगले दिन शिव कुमार कैंटीन के पास बैठे थे। इस दौरान हेमंत आया और लकड़ी के फट्टे से कई बार शिव कुमार पर हमला किया। घायल शिव कुमार वहां से बचकर भागने लगे। इसके बावजूद हेमंत फिर से उन्हें पकड़ कर पिटाई की। गंभीर रूप से घायल शिव कुमार को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आरोपित हेमंत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उधर पश्चिमी दिल्ली ने सेल अगेंस्ट ईलीगल फारनर एंड नारकोटिक्स ने अफ्रीकी नागरिक आयोमाइड फशेनू, माइकल उचे बस्से, आनयेमा जान गेराल्ड व ओडिक्पो को अवैध रूप से यहां रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इनके पास न तो वीजा था और न ही यहां रहने का कोई विशेष कारण वह पुलिसकर्मी को बता पाये। इसके अलावा उत्तम नगर थाना पुलिस ने भी अवैध रूप से रह रहे चार अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान आनयेशी पाल ओवा, इमेका इसरीयल अन्यन्व्यू, चिसोम जान ओकाफोर व उथमन तोबीलोबा हसन के रूप में हुई है। इन सभी के पास भी वैध कागजात नहीं थे। सभी को लामपुर डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है। यहां से इन्हें अपने देश डिपोर्ट करने की तैयारी की जा रही है।

## नोएडा पुलिस में तैनात एक और हेड कांस्टेबल बर्खास्त, 20 लाख रुपये लेकर बदमाशों को छोड़ने का है आरोप

**नोएडा (एजेंसी)** एटीएम हैक करने वाले बदमाशों से बीस लाख रुपये व क्रेटा कार की रिश्वत लेने के मामले में पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने दोषी पाए गए तीसरे पुलिसकर्मी नितिन को भी पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इसी प्रकरण में पूर्व में एसओजी प्रभारी शावेज खान व सिपाही अमरीश को पहले ही पुलिस सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। वहीं, पुलिस कमिश्नर ने बताया कि एसओजी में इंस्पेक्टर समेत कुल 11 पुलिसकर्मी थे। तीन लोगों को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि आधा दर्जन से अधिक की भूमिका की जांच चल रही है।

जिन पुलिसकर्मियों की गलत भूमिका मिलेगी उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एटीएम हैक करने वाले बदमाशों को छोड़ने के मामले में पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने रविवार रात को ही हेड कांस्टेबल नितिन तोमर को भी पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के मुताबिक, इस पूरे मामले की जांच डीसीपी क्राइम कर रहे हैं। इसमें सभी 11 पुलिसकर्मियों की भूमिका के बारे में पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि 30 नवंबर को गाजियाबाद पुलिस की टीम ने कुछ बदमाशों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बदमाशों ने कई चौंकाने वाली बात बताई। उन्होंने बताया था कि अगस्त में नोएडा पुलिस ने भी उन लोगों को गिरफ्तार किया था, लेकिन पुलिस ने 20 लाख रुपये व क्रेटा कार लेकर छोड़ दिया था। इसके बाद लखनऊ तक बात पहुंच गई थी। आनन-फानन में पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए थे।

जांच के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर अब तक 3 पुलिस वालों को बर्खास्त किया जा चुका है। यहां पर पता दें कि नितिन तोमर पहले भी कई गड़बड़ियों में संदिग्ध रहा है। इसी कड़ी में साल 2015 में गौतमबुद्धनगर के तत्कालीन एसएसपी डा. प्रीतिंदर सिंह के आदेश पर सटोरियों को पांच लाख रुपये लेकर छोड़ने के आरोपी पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज हुआ था। इसमें भी नितिन तिमिर भी शामिल था।

# बाबा साहब तेरा सपना अधूरा, केजरीवाल करेगा पूरा : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**बाबा साहब का सपना था, देश के हर बच्चे को, गरीब और दलित बच्चों को भी अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले, आज 75 वर्ष बाद भी उनको अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाई : अरविंद केजरीवाल**

**बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाएगी केजरीवाल सरकार**

विकास.ओपन सर्च



**नई दिल्ली।** बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की 65वीं पुण्यतिथि पर आज मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने उनके जीवन और संघर्षों को एक भव्य नाटक के जरिए जन-जन तक पहुंचाने की बड़ी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन और संघर्ष से देश के लोग प्रेरणा ले सकें। इसलिए उनके महान जीवन को एक भव्य संगीतमय नाटक के ज़रिए दर्शाया जाएगा। बाबा साहेब का सपना था कि देश के हर बच्चे को, गरीब और दलित बच्चों को भी अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले। आज 75 वर्ष बाद भी उनको अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाई। मैंने क़सम खाई है कि बाबा साहेब का ये सपना हम पूरा करेंगे। बाबा तेरा सपना अधूरा, केजरीवाल करेगा पूरा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 5 जनवरी 2022 से बाबा साहेब के जीवन पर आधारित भव्य नाटक शुरू होगा और इसके 50 शो कराए जाएंगे। भारत में शायद पहली कोई सरकार है, जो बाबा साहेब के जीवन को बच्चे-बच्चे तक पहुंचाने के लिए इस किस्म का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, '' बाबा साहब का सपना था, देश के हर बच्चे को, गरीब और दलित बच्चों को भी, अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले। आज 75 वर्ष बाद भी हम गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाए। मैंने क़सम खाई है कि बाबा साहब का यह सपना हम पूरा करेंगे। बाबा तेरा सपना अधूरा, केजरीवाल करेगा पूरा।'' मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने आज डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि आज बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की 65वीं पुण्यतिथि है। मैं समझता हूं कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर भारत के सबसे बड़े सपूत थे। उन्होंने देश का संविधान बनाया। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान हमारे देश को दिया। बाबा साहेब पूरे जीवन दलितों और शोषितों के लिए लड़ते रहे, संघर्ष करते रहे। अगर मैं कहूं कि बाबा साहब शायद आज तक के भारत के सबसे अधिक पढ़े-लिखे नागरिक थे, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। मैं नहीं जानता कि कोई और भारतीय ने इतनी पढ़ाई की हो। बाबा साहेब ने 64 विषयों में मास्टर डिग्री हासिल की थी। एक मास्टर डिग्री लेने में नानी याद आ जाती है। एक एमए या एमएससी करने में नानी याद आ जाती है। उन्होंने एक अमेरिका से और एक इंग्लैंड से दो डॉक्टरेट डिग्री ली थी। वो इतने गरीब परिवार से आते थे कि उनके घर में खाने को नहीं होता था। जब वो इंग्लैंड में डिग्री कर रहे थे, तो बीच में उनका छात्रवृत्ति रूक गई और उनको डिग्री बीच में छोड़कर आना पड़ा। इसके बाद फिर वो यहां पर पैसों का जुगाड़ करके दोबारा डिग्री लेने गए थे। वो पढ़ाई को इतना तबज्जो देते थे। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन दिनों में उन्होंने विदेशों में दो डॉक्टरेट डिग्री ली थी। आज की तारीख में कोई बच्चा विदेश पढ़ने जाना चाहता है, तो विदेश में पढ़ने जाना कितना मुश्किल है। उन दिनों में ऐसा सख्स, जिसने विदेशों से दो डॉक्टरेट डिग्री ली थी। उस जमाने के डॉक्टरेट डिग्री हासिल करने वाले पहले भारतीय थे। उनको नौ भाषाएं आती थीं। वो किताबों के बड़े शौकिन थे और उनकी एक व्यक्तिगत लाइब्रेरी थी। जिसमें 50 हजार किताबें थीं और उनकी लाइब्रेरी का नाम राजगीर था। कहते हैं कि उनकी व्यक्तिगत लाइब्रेरी दुनिया की सबसे बड़ी लाइब्रेरी थी। आज वो हमारे बीच में नहीं है, लेकिन भारत ही, पूरी दुनिया उनकी कितनी कद्र करती है, यह आप इस बात से सोच सकते हैं कि लंदन के म्युजियम में आज कार्ल मार्क्स के बगल में उनकी प्रतिमा लगी हुई है। वह इतने बड़े भारतीय विद्वान थे, जिन्होंने दुनिया में भारत का नाम रौशन किया। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम आजादी का 75वां साल मना रहे हैं। इस मौके पर मैं एक बड़ा ऐलान कर रहा हूं कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के जीवन को बच्चे-बच्चे तक पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार उनके जीवन पर एक बहुत भव्य नाटक तैयार कर रही है। यह बहुत बड़े स्तर पर नाटक तैयार किया जा रहा है। यह भव्य नाटक 5 जनवरी से पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में दिखाया जाएगा।

यह पूरा नाटक उनके जीवन और विचारों के उपर आधारित होगा। इस नाटक के निर्देशन, आर्ट और क्रिएशन में नामचीन लोग जुड़े हुए हैं। स्टेडियम में 100 फुट स्टेज बनाया गया है। पांच जनवरी 2022 से भव्य नाटक का मंचन शुरू होगा और इसके 50 शो कराए जाएंगे। इसे देखने के लिए कोई भी आ सकता है, जनता के लिए बिल्कुल फ्री होगा। इसका प्रोडक्शन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है। शायद भारत देश में पहली कोई सरकार है, जो बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन को बच्चे-बच्चे तक पहुंचाने के लिए इस किस्म का प्रयास कर रही है। बाबा साहेब बहुत पढ़े-लिखे थे और उनको पढ़ाई की कीमत पता थी। उनका एक सपना था कि भारत के एक-एक बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, चाहे वह कितना भी गरीब क्यों न हो।

## मतदान नहीं करने पर देना होगा 350 फाइन अफवाह को लेकर दिल्ली पुलिस ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली (एजेंसी)**
मतदान नहीं करने पर 350 रुपये का फाइन देना होगा और यह रकम शख्स के बैंक खाते से निकाली जाएगी पिछले कई महानों से इंटरनेट मीडिया पर वायरल इस खबर को लेकर दिल्ली पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस की मानें तो मतदान नहीं करने पर 350 रुपये के जुर्माने की अफवाह की जांच शुरू की गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पिछले काफी समय से इंटरनेट मीडिया पर यह खबर कुछ देर तक वायरलल हो रही है, जिसमें चुनाव आयोग के हवाले से कहा गया कि वोट नहीं डालने पर लोगों के बैंक खाते से 350 रुपये काट लिए जाएंगे। हालांकि, इस बाबत चुनाव आयोग की ओर से इसका खंडन करने के साथ स्पष्टीकरण भी दिया जा चुका है, बावजूद इसके यह अफवाह जारी है। कुछ शरारती किस्म के लोग इस तरह की सूचना धड़ल्ले से इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बार-बार के स्पष्टीकरण के बावजूद इस तरह की अफवाह नहीं रुकी, तो अब दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है।



इसके बाद मामले को इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट को सौंप दिया गया, जिसके बाद जांच जारी है। दिल्ली पुलिस की मानें तो वायरल फर्जी खबर को लेकर दिल्ली पुलिस ने रविवार को मामले की जांच शुरू की।

गौरतलब है कि इंटरनेट मीडिया पर चुनाव में मतदान नहीं करने पर बैंक खाते से पैसे कटने संबंधी लंबे समय चल रहे फर्जी संदेश को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने दिल्ली पुलिस के साइबर सेल में शिकायत की थी, इसके बाद रविवार को सेल ने धारा 171-जी (चुनाव के संबंध में झूठा बयान) की धारा के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## केजरीवाल सरकार के बिजनेस ब्लास्टर्स को मिली शानदार सफलता, पूरे भारत में हो रही प्रशंसा

रणवीर गहलोत. ओपन सर्च



**नई दिल्ली।** बिजनेस ब्लास्टर्स के 28 नवंबर 2021 को पहले एपिसोड के लॉन्च के बाद दूसरा एपिसोड रविवार को प्रसारित किया गया। जिसमें दिल्ली सरकार के स्कूलों के उत्कृष्ट छात्रों ने प्रमुख निवेशकों के सामने अपने व्यावसायिक विचारों को पेश किया। शो के दूसरे एपिसोड में बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, इंडिया की निदेशक सीमा बंसल, प्रमुख कैफे चेन चायोस के संस्थापक नितिन सलूजा और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जज के रूप में नजर आए। इस शो में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, खिचड़ीपुर के विज्ञान संकाय के छात्र सुख सागर ने जजों के सामने पहला आइडिया साझा किया। उन्होंने अपने दोस्त की मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर अपना खाली समय बिताते हुए मोबाइल और हेडफ़ोन की मरम्मत करना सीखा। मोबिसाइट नाम के इस स्टार्ट-अप आइडिया के दौरान यह हुनर काम आया। उन्होंने कहा कि जब ऑनलाइन कक्षाएं शुरू हुई तो मेरी कक्षा के कई बच्चों के पास मोबाइल फोन नहीं था। इसलिए हमने पुराने मोबाइल फोन को रीफर्बिश्ड करने और उन्हें कम कीमत पर बेचने का फैसला किया, जो हर कोई खरीद सकता है। सीड धनराशि 50 हजार रुपये प्राप्त करने और चायोस में इंटर्नशिप प्राप्त करने पर उन्होंने कहा कि बिजनेस ब्लास्टर्स ने हमें न केवल मूल्य निर्धारण, समय प्रबंधन और नेतृत्व कौशल सिखाया, बल्कि इतनी कम उम्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए एक मंच दिया है। जिससे मैं बहुत खुश हूं। दूसरा आइडिया स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, खिचड़ीपुर की दो छात्राओं शीज़ा अली और साक्षी झा ने होम 2 क्रिएशन का पेश किया। इस स्टार्ट-अप के तहत दो तरह की एक्सेसरीज़ का व्यापार किया, जिसमें वॉल हैंगिंग, की-चेन, निट और लूम बैग, चॉकलेट शामिल हैं। इसमें सीमा बंसल और नितिन सलूजा ने 20 हजार रुपए का अतिरिक्त निवेश किया। उन्होंने कहा कि आखिर में मुझे लगता है कि उद्यमिता यही है। यह अन्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के साथ आप अपना भी जीवन सुधारते हैं। इस परियोजना ने हमें बहुत कुछ सिखाया है। इस प्रोजेक्ट ने शुरुआती चुनौतियों, टीम वर्क, योजना और प्रत्येक सदस्य के सहयोग से बड़ी सफलता हासिल की है। इसके अलावा यश पटवाल और उनकी टीम के नेतृत्व में इंक परिवार एक व्यवसाय चलाता है। जिसमें वे संदेश, चुटकुले और मीम्स वाले प्रिंटेड कप, टी-शर्ट और मास्क उपहार के विकल्प के रूप में बेचते हैं। इस व्यापार को शुरू करने से पहले यह एक कठिन यात्रा थी। हमें व्यक्तिगत नुकसान हुआ और हम दुखी हो गए। लेकिन हम प्रयास करते रहे। जिसके बाद कुछ दुकानों से ऑर्डर प्राप्त करने लगे। इंस्टाग्राम पर सोशल मीडिया रीच से धीरे-धीरे आर्डर में वृद्धि हुई है।

## चुनाव आयोग वोटरों के खाते से काटेगा 350 रुपये, साइबर सेल ऐसे फर्जी संदेश फैलाने वालों की खंगाल रही कुंडली

**नई दिल्ली (एजेंसी)**
फर्जी संदेश फैलाकर मतदाताओं को गुमराह करने के मामले को चुनाव आयोजन ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने इस प्रकरण को लेकर मुकदमा दर्ज करा दिया है।

वहीं दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने भी कोर्ट से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति ली है। साइबर सेल अब ऐसे लोगों की कुंडली खंगाल रहा है। साइबर सेल के डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के मुताबिक कुछ लोगों द्वारा इंटरनेट मीडिया पर फर्जी संदेश वायरल किया जा रहा है।

इसमें कहा जा रहा है किसी भी चुनाव के दौरान वोट नहीं डालने पर चुनाव आयोग वोटरों के खाते से 350 रुपये काट लेगा। इस मामले की जांच के लिए सेल में कई अधिकारियों की एक टीम बनाई गई है। शिकायत में आयोग ने कहा है कि इस तरह की अफवाह फैलाना गंभीर अपराध है। उक्त संदेशों से



आम जनता में दहशत फैल सकती है। इस तरह के फर्जी संदेश इंटरनेट मीडिया पर चल रहे हैं। साइबर सेल अब जल्द इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों के अधिकारियों से उक्त फर्जी संदेश प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी मांगेगी। आयोग की शिकायत पर सेल ने धारा 171-जी (चुनाव के संबंध में झूठा बयान) की धारा के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूर्वी जिले की एएटीएस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर सात कट्टे और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। आरोपितों की पहचान अलीगढ़ के रायपुर खास निवासी शैलेश कुमार और कासगंज के अहरौली निवासी मोहम्मद हनीफ उर्फ मुल्ला के रूप में हुई है। मो. हनीफ ने अपने गांव में हथियार बनाने की मिनी फैक्ट्री खोल रखी थी। पुलिस के मुताबिक पहली दिसंबर को एएटीएस को सूचना मिली थी कि हथियार तस्कर अवैध हथियार लेकर अपोलो अस्पताल, सरिता विहार के पास आने वाला है। इस पर पुलिस ने सरिता विहार सीएनजी पंप पर टीम को तैनात कर दिया। जांच के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा, लेकिन वह फिसलकर गिर गया।

पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से पांच कट्टे मिले। आरोपित की पहचान शैलेश कुमार के रूप में हुई। उसने बताया कि वह मोहम्मद हनीफ से अवैध हथियार खरीदता है। तीन दिसंबर को पुलिस ने कासगंज से मो. हनीफ को गिरफ्तार कर उससे दो पिस्तौल और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए। हनीफ ने बताया कि वह हथियार बनाकर दिल्ली में बेचता है।

## मौसम की तरह बदलती रहती है किसान नेता राकेश टिकैत की मांगें, अब उभरने लगा संगठनों में मतभेद

**नई दिल्ली (एजेंसी)**
भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की मांगें भी मौसम की तरह बदलती रहती है। सबसे पहले उनकी मांग केंद्र सरकार से तीनों कृषि कानून वापस लेने की थी, गुरू पूर्णिमा के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की उस मांग को मान लिया और ये तीनों कानून लोक सभा और राज्यसभा में पेश कर वापस ले लिए गए। 11 माह से दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसानों के आंदोलन के नेता इसे अपनी जीत बताने लगे। जब केंद्र सरकार ने कृषि कानून वापस ले लिया अब उसके बाद एमएसपी की गारंटी और किसानों पर दर्ज हुए सभी राज्यों में मुकदमों को वापस लेने की मांग की जाने लगी। टिकैत ने तो यहां तक कह दिया कि 26 जनवरी के दौरान जिन ट्रैक्टरों को दिल्ली पुलिस ने बंद किया है अब वो सभी किसानों को वापस दिए जाएं। साथ ही उन पर हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और यूपी में दर्ज सभी 55 हजार से अधिक मुकदमे वापस लिए जाएं।



उसके बाद किसान धरना खत्म करने के लिए सोचेगा। राकेश टिकैत के इन दोनों मांगों पर जोर देने के बाद अब बाकी किसान नेता भी इसी पर जोर देने लगे हैं। किसान नेता चढूनी ने तो यहां तक कह दिया कि जब तक किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं होंगे और एमएसपी की गारंटी नहीं मिलेगी तब तक किसान वापस नहीं जाएंगे।

# दिल्ली में लॉकडाउन लगने की संभावना अभी नहीं, केस बढ़ने पर ग्रेडेड रेस्पोंस एक्शन प्लान को किया जाएगा फॉलो : सत्येन्द्र जैन

**वायरस के हर वेरिएंट से बचने की मास्क ही है एकमात्र शील्ड : सत्येन्द्र जैन**

**दिल्ली में 93.9 फीसदी से ज्यादा लोग वैक्सीन की पहली और 61.3 फीसदी से ज्यादा लोग दूसरी डोज लगवा चुके हैं, जिन लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है उन्हें भी सावधानी बरतने की जरूरत है : सत्येन्द्र जैन**

विकास सैनी.ओपन सर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दिल्ली में कोरोना के मामलों पर जानकारी साझा की।

उन्होने बताया कि दिल्ली सरकार ओमिक्रोन वेरिएंट से प्रभावित देशों से आने वाले सभी लोगों की टेस्टिंग करवा रही है। अभी तक कुल 27 लोग एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराये गए हैं। जिनमे से 17 पॉज़िटिव आएं है। एक व्यक्ति में ही ओमिक्रोन वारिएंट मिलने की पुष्टि हुई है और बाकी लोगो की जांच जारी है। सभी मरीज़ अस्पताल में हैं।

कई ऐसे भी हैं जिनमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। देश में कोरोना के नए वेरिएंट के बढ़ते मामलों को देखते हुए लॉकडाउन की आशंका को ख़ारिज़ करते हुए श्री सत्येन्द्र जैन ने कहा कि कोरोना के केस बढ़ते ही दिल्ली सरकार अपना ग्रेडेड रेस्पोंस एक्शन प्लान फॉलो करेगी।



सत्येन्द्र जैन ने कहा कि अभी फिलहाल लॉकडाउन की कोई संभावना नहीं है। कोरोना के केस बढ़ते ही दिल्ली सरकार अपना ग्रेडेड रेस्पोंस एक्शन प्लान फॉलो करेगी। जिसके तहत जब संक्रमक दर 0.5 फीसदी, यानी जिस दिन 1 हज़ार में से 5 लोग पॉजिटिव आना शुरू होंगे, उस दिन इसका पहला चरण शुरू होगा। इसका दूसरा चरण संक्रमक दर 1 फीसदी होने पर यानी 1 हज़ार में से 10 लोगों के पॉजिटिव आने पर शुरू किया जाएगा। तीसरा चरण 1 हज़ार टेस्ट करने पर 20 लोगों के पॉजिटिव पाए जाने पर यानी 2? फीसदी संक्रमण दर होने पर शुरू किया जाएगा। चौथा और आखरी चरण 5 फीसदी संक्रमण दर होने पर शुरू किया जाएगा। हालांकि अभी दिल्ली में कोरोना के मामले 0.5 फीसदी से बहुत कम है। इसलिए किसी भी प्रकार का कोई लॉक डाउन अभी नहीं लगया जाएगा। उन्होने कहा कि सभी को सतर्क रहने की जरूरत है, क्यूंकि यह वेरिएंट बहुत ही तेजी से फैलने वाला वेरिएंट है। यह डेल्टा वारिएंट से भी ज़्यादा तेजी से फैलता है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मास्क ही वायरस के हर वेरिएंट से बचने की एकमात्र शील्ड है।

सभी लोग मास्क जरूर लगाएं तथा जिन्होने वैक्सीन की दूसरी डोज़ नहीं लगवाई है, वे जल्द से जल्द दूसरी डोज़ लगवाएं। तभी हम कोरोना का सामना मजबूती से कर पाएंगे। दिल्ली में 93.9 फीसदी से भी ज्यादा लोग वैक्सीन की पहली डोज़ ले चुके हैं। दूसरी डोज़ 61.3 फीसदी से ज्यादा लोग ले चुके हैं। जिन लोगों ने वैक्सीन लगवा लिया है उन्हें भी सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र को चिट्ठी लिख कर ऑमिक्रॉन वेरिएंट से प्रभावित देशों से आने वाले फ्लाइट को कुछ समय तक बंद करने की अपील की थी लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसा नहीं किया।

पिछली बार भी केंद्र सरकार से हमने अपील की थी कि विदेशों से आने वाली फ्लाइट को जल्द से जल्द बंद करें, लेकिन केंद्र सरकार ने विदेशों से आने वाले फ्लाइट को बंद करने में बहुत देरी कर दी थी। जिसका नतीजा हमलोग देख चुके हैं। इसलिए जरूरी है कि केंद्र सरकार हमारी बातों को संज्ञान में ले और कुछ दिनों के लिए ऑमिक्रॉन वेरिएंट से प्रभावित देशों से आने वाली फ्लाइट बंद करें। ओमिक्रोन वेरिएंट से बचने का यह सबसे आसान और कारगर तरीका है। दिल्ली में विदेशों से सबसे ज़्यादा फ्लाइट आती हैं। इसलिए दिल्ली को इससे सबसे ज़्यादा खतरा है।

सम्पादकीय

ओपन सर्च

# शादी की रस्मों का बनता भद्दा मजाक

वर्तमान में हमारे सभी त्यौहारों, संस्कारों, रीति-रिवाजों का पूर्ण रूप से व्यवसायीकरण हो चुका है। संचार माध्यमों की घुसपैठ तथा भौतिकवादी सोच हमारे सभी रीति-रिवाजों, संस्कारों तथा त्यौहारों में झलक रही है। देखा-देखी तथा साधनों के अभाव के बावजूद आम तथा गरीब व्यक्ति भी इन आयोजनों के लिए मजबूर हो चुका है। भौतिकवादी चकाचौंध तथा विचार शून्यता से संस्कृति, रीति-रिवाजों तथा संस्कारों की परिभाषाएं ही बदल गई हैं। शादी समारोहों में कई प्रकार के रस्मों-रिवाजों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्कारों का प्रावधान है जिसमें देवताओं के आह्वान के साथ-साथ हल्दी, मेहंदी, उबटन, मामा आगमन, घोड़ी, जयमाला, सात फेरे, हवन, वेदिका पूजन, मांग भरना, आनंद-विनोद एवं छेड़छाड़ के उद्देश्य से दुल्हन की बहनों, सहेलियों द्वारा द्वार रोकना या जूते छुपा लेना, बारातियों को गालियां देना, विदाई तथा वधु प्रवेश आदि रस्मों-रिवाज हमारे शादी समारोह को चार चांद लगाकर चिर स्मरणीय बना देते हैं।

विवाह संस्कार किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण समारोह होता है। यह संस्कार युवक एवं युवती को जहां एक-दूसरे के हाथों में सौंप कर भविष्य के अनंत सपनों, उमंगों तथा खुशियों से दामन को भर देता है, वहीं पर यह पारिवारिक तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी ज़िम्मेदारी का एहसास करवाता है। विवाह संस्कार में विभिन्न रस्मों-रिवाजों के पीछे कोई न कोई महत्त्व एवं गूढ़ रहस्य होता है जिसे शादी के योग्य सभी युवा-युवतियों को जानना एवं समझना चाहिए अन्यथा कोर्ट मैरिज तथा अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है। आजकल बहुत सा शिक्षित युवा वर्ग शादी की आवश्यकता को न समझते हुए लिव इन रिलेशनशिप में भी रह रहा है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में इसे सामाजिक रूप से मान्यता नहीं है। वर्तमान में शादी समारोह में लाखों रुपए की राशि खर्च कर भव्य आयोजन किए जाते हैं। एक से बढ़कर एक शादी आयोजित होती है, लेकिन कोई भी शादी समारोह इतिहास के पन्नों में भव्य आयोजन के रूप में आज तक अपना पंजीकरण नहीं करवा पाया।

इसका कारण यह है कि भौतिकवाद की इस भेड़ चाल में कोई भी धनवान तथा संपन्न व्यक्ति अपने आयोजनों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देना चाहता। विवाह संस्कार की महत्त्वपूर्ण एवं अर्थपूर्ण क्रियाओं का कोई महत्त्व ही नहीं रह गया है। ब्यूटी सैलून संचालकों के सस्ते से महंगे पैकेजेस हैं। बैंड-बाजे वाले तथा ढोली चाहते हैं कि बाराती शराब के नशे में धुत्त-मदमस्त होकर सारी रात नाचते रहें तथा पैसे की बरसात होती रहे। उनकी ओर से लग्न मुहूर्त का समय निकले तो निकलता रहे। घोड़ी वाले का पैसे बनाने का अपना समय है। पंडित जी की अपनी मजबूरियां हैं। फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर को अपना बिजनेस करना है। दूल्हे के दोस्तों तथा दुल्हन की सहेलियों की अपनी भूमिका है। शादी का कार्ड छापने से लेकर मिठाई, भाजी, धाम, टैंट, कैटरिंग, लाइट एंड साउंड, डीजे, डैकोरेशन, ब्यूटी सैलून, बड़े-बड़े होटलों में ठहरने के इंतजाम, महंगी से महंगी शराब, कुल मिलाकर शादी एक संस्कार समारोह न बन कर एक 'इवेंट मैनेजमेंट' बन चुका है। इवेंट मैनेजमेंट में कितने लोगों का इंतजाम, क्या-क्या रिक्वायरमेंट, ब्रेकफास्ट, लंच, कॉकटेल, डिनर का मैन्यू तथा बजट महत्त्वपूर्ण है। केवल चौक पेमेंट पर सब कुछ एकदम तैयार मिलता है। आपको सिर्फकोट-पेंट तथा टाई लगाकर सज-धज कर आयोजन स्थल पर रोबोट की तरह हाथ जोड़ते हुए लोगों का स्वागत करना है। पड़ोसी तथा रिश्तेदार मात्र तीन घंटे के आयोजन में समारोह का आनंद लेने के बाद अक्सर आलोचनाएं करते ही पाए जाते हैं। इन भव्य शादी समारोहों में आयोजकों द्वारा सभी को दुनिया के सुखों को प्रदान करने की कोशिश की जाती है, लेकिन भौतिकवाद की चकाचौंध में विवाह-संस्कारों तथा रस्मों-रिवाजों की आत्मा ही घुटती है। सबसे बुरी हालत तो शादी संस्कारों को पूरा करवाने वाले कुल पुरोहित की होती है जिसे बंधुआ मजदूर की तरह शादी समारोह में लाकर आधे घंटे में रस्मों-रिवाज पूरा करने के आदेश दे दिए जाते हैं। पुरोहितों को भी व्यवस्था से समझौता करना पड़ता है। वरमाला के समय वर पक्ष की ओर से दूल्हे के दोस्तों तथा वधु पक्ष की ओर से उसके भाइयों की फौज को वरमाला डालने या न डालने पर कई बार उलझते देखा जाता है। आमोद-प्रमोद के क्षणों में विष्णु रूपी वर तथा लक्ष्मी रूपी वधु को अपने बेहद अंतरंग, अर्थपूर्ण तथा महत्त्वपूर्ण क्षणों में भी तनातनी का सामना करना पड़ता है। बुद्धिमान व्यक्तियों के अनुसार जयमाला के क्षण वर एवं वधु के लिए बहुत ही अंतरंग एवं महत्त्वपूर्ण होते हैं तथा इसमें किसी भी अनावश्यक नाटक या अन्य पात्रों की आवश्यकता नहीं होती। वरमाला बहुत ही सरल तथा सहज ढंग से ग्रहण की जानी चाहिए। इसी प्रकार लग्न, सात फेरों, हवन, वेदिका, मांग भराई आदि संस्कारों का विधि-विधान से पालन होना चाहिए। हमारे शास्त्रों में परिवार के कुल पुरोहित को गुरु माना जाता है। उनके निर्देशानुसार विधानपूर्वक संस्कार संपन्न होना चाहिए। विवाह संस्कार में द्वार रोकना तथा जूते चुराना इत्यादि रस्में भी वर-वधु एवं उनके भाइयों-बहनों, दोस्तों, सहेलियों के बीच हंसी-खुशी, आमोद-प्रमोद का एक कारण है, लेकिन इसके नाम पर भी भारी भरकम राशि मांगने की शर्त पर अड़े रहने से भी कई बार आंखें मैली होती हुई दिखाई देती हैं। किसी भी शादी समारोह के आयोजनों में बहुत से लोगों के हित, आजीविका तथा भावनाएं जुड़ी होती हैं जिन्हें पूरा किया जाना आसान कार्य भी नहीं होता।

# बहुआयामी गरीबी की चुनौती

**डा. जयंतीलाल भंडारी**



इन दिनों देशभर में बहुआयामी गरीबी की चुनौती से संबंधित नीति आयोग की 26 नवंबर को प्रकाशित रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। इस बहुआयामी गरीबी सूचकांक (मल्टीडायमेंशनल पोअर्टी इंडेक्स या एमपीआई) में यह तथ्य सामने आया है कि देश में बहुआयामी गरीबी सबसे बड़ी आर्थिक-सामाजिक चुनौती बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश देश के सर्वाधिक गरीब आबादी वाले राज्य हैं। इस सूचकांक के अनुसार जहां बिहार में 51.91 प्रतिशत, झारखंड में 42.16 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 36.65 प्रतिशत और मेघालय में 32.67 प्रतिशत आबादी गरीब है। इस सूचकांक के तहत केरल में 0.71 प्रतिशत, गोवा में 3.76 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.89 प्रतिशत और पंजाब में 5.59 प्रतिशत जनसंख्या गरीब पाई गई है।

इस रिपोर्ट में बहुआयामी गरीबी के आकलन के लिए वर्ष 2015-16 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के चौथे दौर के समंको को आधार बनाया गया है। नीति आयोग के मुताबिक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में एनएफएचएस के द्वारा वर्ष 2019-20 में किए गए पांचवें दौर के सर्वे के परिणामों से बड़ा परिवर्तन होगा। कारण यह है कि एनएफएचएस के चौथे राउंड के बाद देश में प्रधानमंत्री आवास जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, सहम बिजली हर घंटे बिजली, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, पोषण अभियान समग्र शिक्षा योजना शुरू की गई है। इनसे सभी राज्यों में गरीबी के स्तर में कमी आने की संभावना है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक 2014-15 की तुलना में 2019-20 के दौरान रसोई गैस से वंचित लोगों की संख्या 58.5 प्रतिशत से घटकर 41.4 प्रतिशत, स्वच्छता से वंचित आबादी की संख्या 29.8 फीसदी और बिजली से वंचित आबादी का प्रतिशत 12.2 फीसदी से घटकर 3.2 प्रतिशत रह गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि कोविड-19 ने भारत में गरीबी और भूख की चुनौती को बढ़ाया है। पिछले दशक में देश में जिस तेजी से गरीबी में कमी आ रही थी, उसे अकल्पनीय कोरोना संकट ने बुरी तरह प्रभावित किया है और देश के अधिक जनसंख्या वाले बड़े प्रदेशों में गरीबी का स्तर बढ़ गया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2005-06 में भारत में 51 फीसदी लोग गरीबी में थे। यह प्रतिशत 2015-16 में 27.9 फीसदी रह गया और इसमें लगातार कमी आती जा रही थी। कोरोना के एक साल में देश को गरीबी के मामले में देश को कई वर्षों पीछे धकेल दिया और कोरोना ने करोड़ों लोगों को गरीब बना दिया। अमरीकी शोध संगठन प्यू रिसर्च सेंटर के द्वारा प्रकाशित की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना महामारी ने भारत में बीते साल 2020 में 7.5 करोड़ लोगों को गरीबी के दलदल में धकेल दिया है।

रिपोर्ट में प्रतिदिन 2 डॉलर यानी करीब 150 रुपए कमाने वाले को गरीब की श्रेणी में रखा गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जहां सरकार गरीबी, भूख, परिवार कल्याण और स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाते हुए आगे बढ़ रही है। कोविड-19 के बाद इन सभी क्षेत्रों में सरकार ने जो पहल की और जो अभियान चलाए उन्हें हर व्यक्ति अनुभव कर रहा है और दुनिया के विभिन्न वैश्विक संगठनों ने भी इसकी सराहना की है। यदि कोरोनाकाल में सरकार के ऐसे सफल अभियान नहीं होते तो देश में बहुआयामी गरीबी और बढ़ी हुई दिखाई देती। स्थिति यह है कि देश की दो तिहाई आबादी को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के दायरे में लाया गया है। स्थिति यह है कि अप्रैल 2020 से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लागू की गई और इससे देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। यह योजना मार्च 2022 तक के लिए बढ़ाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक जनधन, आधार और मोबाइल (जैम) के कारण गरीब व कमजोर वर्ग के करोड़ों लोग डिजिटल दुनिया से जुड़ कर प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। देश में करीब 43 करोड़ जनधन खातों, 130 करोड़ आधार कार्ड और 118 करोड़ लोगों के पास मोबाइल उपभोक्ता, होने के कारण पिछले वर्ष 2020 में सरकार के द्वारा घोषित किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान से 40 करोड़ से अधिक गरीब वर्ग के लोगों तक उनके खातों में सीधी राहत पहुंचाई गई। कोरोनाकाल में दुनिया के किसी देश में ऐसा डिजिटल माध्यम से राहत का काम कहीं नहीं हुआ। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक देश के छोटे किसान सरलतापूर्वक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ लेने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पीएम किसान योजना के अंतर्गत अगस्त 2021 तक 11.37 करोड़ किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के जरिये 1.58 लाख करोड़ रुपए जमा किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुआयामी गरीबी को दूर करने में स्वामित्व योजना को एक नई आर्थिक शक्ति बनाया जा सकता है। विगत 6 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के हरदा में आयोजित स्वामित्व योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होते हुए देश के 3000 गांवों के 1.71 लाख ग्रामीणों को जमीनों के अधिकार पत्र सौंपे हैं। इस योजना के सूत्र मध्यप्रदेश के वर्तमान कृषि मंत्री कमल पटेल के द्वारा वर्ष 2008 में उनके राजस्व मंत्री रहते तैयार की गई मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास अधिकार योजना से आगे बढ़े हुए दिखाई देते हैं। इसके तहत 2 अक्तूबर 2008 को हरदा के दो गांवों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में भूखंडों के मालिकाना हक के पट्टे ग्रामीण आवास अधिकार पुस्तिका के माध्यम से दोनों गांवों के किसानों व मजदूरों को सौंपे गए थे। इन दोनों गांवों के किसानों व मजदूरों का जोरदार आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। इस अभियान से दोनों गांवों में अनेक लोगों ने अपनी स्वामित्व की जमीन पर बैंकों से सरलतापूर्वक ऋण लेकर छोटे-कुटीर और ग्रामीण उद्योग शुरू किए हैं। इन गांवों में किसानों की आय बढ़ी है। गरीबी व बेकारी कम हुई है और किसानों की खुशियां बढ़ी हैं।

ऐसे में देशभर के गांवों में स्वामित्व योजना के तेजी से लागू होने से किसानों की गैर कृषि आय बढ़ाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चमकीली स्थिति बनाई जा सकेगी। निश्चित रूप से इस समय देश में लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के साथ-साथ उनके जीवनस्तर को ऊपर उठाने की दिशा में अभी लंबा सफर तय करना है। स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि के साथ-साथ गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सीखना होंगे।

हम उम्मीद करें कि देश में बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा घोषित नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाएगा। हम उम्मीद करें कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-20 के पांचवें दौर के अंतिम परिणामों के आधार पर जब आगामी नया बहुआयामी गरीबी सूचकांक प्रस्तुत होगा, तब उसमें अधिक जनकल्याण और गरीबी में कमी आने का स्पष्ट परिदृश्य दिखाई देगा।

# ये चुनाव तू जिंदाबाद....



**पण्डित संदीप**

*राष्ट्रप्रेम की जुबानी मशालें धधकने लगती हैं। कहीं भगत सिंह, कहीं राजगुरु, कहीं महात्मा गाँधी तो कहीं जिन्ना को पुकारा जाने लगता है। गाँधी और गाँधी के हत्यारे मंच के प्रपंच का हिस्सा बन जाते हैं। नेता आदतन झूठ की दुकान बन जाता है, झूठे प्रचार में झूठे वादों की सेल का खेल शुरू हो जाता है। सहमी, सताई, शोषित, सम्मोहित जनता सच मान फिर सामने आ जाती है। चाय पान की दुकान पर छूटभैया सड़कछाप नेताओं का जमघट लगने लगता है।*

चुनाव ना होते तो गरीब देश की गलियों में रौनक न होती, पसीने से लथपथ चीथड़ों में सिमटे गरीब राजा के चरणों में नेताजी का सिर ना होता, रैलियों का रेला, भाषणों का मेला, गाड़ियों की कतार झूठ की भरमार, वायदों का बोरा, इरादों का कटोरा ना होता। ऐ चुनाव! तू जिंदाबाद, तेरे आने की आहट से भंडारों की भरमार हो जाती है, रोजगार के अवसर बढ़ जाते हैं।

दल दिल खोलकर जाति धर्म मजहब भुला आलिंगन को बढ़ जाते हैं। राष्ट्रप्रेम की जुबानी मशालें धधकने लगती हैं। कहीं भगत सिंह, कहीं राजगुरु, कहीं महात्मा गाँधी तो कहीं जिन्ना को पुकारा जाने लगता है। गाँधी और गाँधी के हत्यारे मंच के प्रपंच का हिस्सा बन जाते हैं। नेता आदतन झूठ की दुकान बन जाता है, झूठे प्रचार में झूठे वादों की सेल का खेल शुरू हो जाता है। सहमी, सताई, शोषित, सम्मोहित जनता सच मान फिर सामने आ जाती है। चाय पान की दुकान पर छूटभैया सड़कछाप नेताओं का जमघट लगने लगता है। पान की पीक थूक, सिगरेट का धुआं उड़ा मेरा वाला अच्छा मेरा वाला श्रेष्ठ की गौरव गाथा में सब बेहद मशगूल नज़र आते हैं। चुनाव की चुनौतियां भी बहुत हैं नेता कितने भ्रष्ट हैं? नेता कितने लुटेरे? नेता कितने चोर? कितने अय्याश, बदमाश, अपराधी हैं? यह बताने के लिए नेतानगरी के लोग ही एक दूसरे के गड़े मुर्दे उखाड़ दूसरे की राजनीति की कब्र खोदने में शुमार हो जाते हैं। इन्ही चुनाव में सीडियां खूब चलती हैं, स्टिंग के डंक मारे जाते हैं। लेनदेन की तस्वीरें आती हैं, नेता बोलते पकड़े जाते हैं पैसा खुदा तो नहीं, पर खुदा की कसम खुदा से कम भी नहीं।

मोलभाव के इस दौर में बिकने को सब तैयार हैं सवाल बस उचित कीमत पर आकर अटक जाता है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष बंगारू लक्ष्मण का दफ्तर इस बात का गवाह पहले ही बन चुका है। चुनाव ना आते तो आसमान छूने को बेताब पेट्रोल के दाम कैसे कम होते? चुनाव ना आते तो जो काम किसान अपनी जान देकर भी नहीं करा सके वह तीनों काले कानून कैसे वापस होते। हर दिन एक से ज्यादा किसान चिता सजा श्मशान पहुँचा, हर दिन चिता की लपटें आसमान छू गई, हर दिन एक किसान का घर उजड़ गया पर ये सब चुनाव आने तक सत्ता के अंधे सत्तासीन को चिताओं से उठता गुबार नहीं दिखा, बहरे सत्ताधीश के टूटे उजड़े घर से उठा मृत्यु का नाद क्रंदन करुण पुकार नहीं सुनाई दी, गूंगे मुखिया के मुँह से किसान की असमय बली पर संवेदना का एक शब्द भी नहीं फूटा।

ऐ चुनाव! जिंदाबाद, तेरी आहट से वह हो सब हो गया जो मर मर के भी किसान की जमात न कर सकी। चुनावी समर में फिर वायदों की झड़ी लगेगी। अपने प्रदेश को बेहतर बताने के लिए दूसरे प्रदेशों की ही नहीं दूसरे देशों की तस्वीरों के इश्तिहार से अखबारों को पाटा जाएगा। गरीबों को घर बांट दिए गए ऐसे वादे भी अखबारों में छप आएंगे लेकिन जिसकी तस्वीर छपेगी वो बेघर निकलेगा। ऐसे झूठे प्रचार की भरमार से खबरिया चैनल भी भरे पड़े होंगे। काला पैसा वापस लाने का वायदा कर जो सरकार दिल्ली में जमी पड़ी है उसे चुनाव में बिखरा काला धन नहीं दिखेगा, न ही महंगाई की मार दिखेगी, न भ्रष्टाचार दिखेगा, टुकड़ा टुकड़ा कर बिकती देश की परिसंपत्तियों रेल, तेल, जहाज बेचकर क्या कमाया? क्या पाया? क्या खोया यह भी बताया नहीं छुपाया जाएगा। 70 साल में देश में कुछ भी नहीं हुआ लेकिन सात साल के कुशासन में जो बेचा गया उसकी लिस्ट इतनी लंबी है जो चीख चीख कर बता रही है कि देश में बहुत कुछ बनाया गया, जिसे 7 साल में एक-एक कर आसानी से बेचा जा रहा है। चुनावी चकल्लस में इन मुद्दों को भी हवा दी जाएगी और जिसकी जेब बड़ी होगी वह दल खबरों से यह हवा दबा नई हवा चला देगा जिसमें हिंदू मुसलमान करने के लिए हैदराबादी नेता और गोरखपुरी निजाम की जुबानी जंग शुरू होगी।

किसको क्या बोलना है? यह पहले से ही तय होगा जनता बस बातों के बतासो से बहक इनका चुनाव करेगी। ऐ चुनाव! तू जिंदाबाद, तेरे आने से कुछ गरीबों के घर राशन पहुँचेगा, कुछ बेरोजगारों को भीड़ बनने, झंडा उठाने, नारा लगाने का रोजगार मिलेगा, कुछ बुझे चूल्हे धड़क उठेंगे, कुछ मयकशों को मय से सराबोर कर मत लूट लिया जाएगा, कुछ का खरीद लिया जाएगा। तू तू मैं मैं से नगर नगर, शहर शहर अटे पड़े होंगे। पोस्टर, होर्डिंग, झंडे, बैनर से भरे पड़े होंगे। चुनाव के बाद लुटी पिटी जनता घरों में सिमटी होगी।फिर महंगाई दुगुनी ताकत से लौटेगी, देश के संस्थानों की बोली लगेगी, नए नए कानून फिर आएंगे, गरीबों की कतार कमर तोड़ेगी, बेरोजगारों की फौज बनेगी यह नहीं होगा ऐसा कहने वाला कोई नेता नज़र नहीं आता, चार दिन की सही चाँदनी दिखाने वाले चुनाव तू ज़िंदाबाद।

# दीनदयाल जी के भाव बोध में भारतीय दर्शन की अनुगूंज

**हृदयनारायण दीक्षित**

भारत की ऋषि परंपरा प्राचीन है। ऋषियों को मंत्र द्रष्टा कहा गया है। ऋषि अनेक हैं। सब संवादरत हैं लेकिन अनुभूति एक है। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति। पं. दीनदयाल उपाध्याय आधुनिक काल के तत्वद्रष्टा ऋषि हैं। उन्होंने एकात्म मानव दर्शन का विचार दिया। भारतीय राष्ट्रभाव के संवर्द्धन में पूरा जीवन लगाया। वे राष्ट्रवादी विचार के संवादी थे। दीनदयाल जी सभी संवादों में सिद्ध थे। संवाद की कई कोटियां होती हैं- जैसे बुद्धि और बुद्धि के मध्य संवाद। वाद और प्रतिवाद का संवाद। लेकिन असली संवाद हृदय से हृदय के मध्य होता है। हृदय बोलता है, हृदय सुनता है।

तब मन बुद्धि और प्राण सह चित्त हो जाते हैं। दीनदयाल जी की राष्ट्र अनुभूति गहन थी। उन्होंने इसी ध्येय के लिए संपूर्ण जीवन राष्ट्र को अर्पित किया था। उन्होंने हजारों प्रबोधन / बौद्धिक दिए। वे प्रेरित करते थे, प्रभाव डालते थे। सक्रिय करते थे। इस सबका मूल कारण था कथन और कर्म की एका। प्रामाणिक जीवन का आचार व्यवहार अपने आप में बहुत बड़ा संवाद होता है। इसका प्रभाव दीर्घकालिक भी होता है। पंडित जी ध्येयनिष्ठ सृजनशील थे। उनके प्रबोधन से सहस्त्रों कार्यकर्ता सक्रिय हुए और सहस्त्रों कार्यकर्ता राष्ट्र जीवन में यशस्वी भी हुए। भारत में ऋग्वेद के रचना काल से ही प्रश्न व तर्क की महत्ता है। पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीय दर्शन के उत्कृष्ट विद्वान थे। उन्होंने शंकराचार्य पर एक छोटी- सी प्यारी किताब लिखी थी। किताब में उन्होंने शंकराचार्य के दर्शन-ज्ञान की विकास यात्रा को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया है। शंकराचार्य ने अल्प जीवन में संपूर्ण भारत का भ्रमण किया। 11 उपनिषदों का भाष्य लिखा, गीता और ब्रह्मसूत्र पर विशाल भाष्य सहित ढेर सारा साहित्य लिखा। विश्व इतिहास में ऐसा उदाहरण दूसरा नहीं मिलता। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता का तानाबाना बनाया।

दीनदयाल जी स्वाभाविक ही शंकराचार्य पर मोहित थे। भारत में अद्वैत दर्शन के साथ शंकराचार्य का नाम जुड़ा हुआ है। अद्वैत दर्शन वैज्ञानिक है। उपाध्याय जी ने अद्वैत दर्शन के लिए बादरायण का स्मरण किया है। लिखा है, शंकर के नाम के साथ अद्वैत तथा वेदांत का इतना अटूट संबंध जुड़ गया है कि लोग शंकर को ही वेदांत तत्वज्ञान का जन्मदाता समझने लग गये हैं। वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। सब तत्व ज्ञानों के समान वेदांत तत्व आदि का स्रोत वेद मंत्र ही हैं। इसको संसार के समक्ष प्रकट करने वाले महर्षि बादरायण थे। (शंकराचार्य, लोकहित प्रकाशन लखनऊ, पृष्ठ 21)। ब्रह्मसूत्र बादरायण की रचना है। उपाध्याय जी ने बताया है महर्षि बादरायण के काल में वैदिक धर्मावलम्बियों में तीन तत्वज्ञान मुख्यतया प्रचलित थे, कणाद का वैशेषिक दर्शन, गौतम का न्याय दर्शन तथा कपिल का सांख्य दर्शन। इसके अतिरिक्त चार्वाक का लोकायत दर्शन, जैनों का अर्हत् दर्शन तथा बौद्धों का तथागत दर्शन बहुत प्रसिद्ध है। (वही, पृष्ठ 21) स्पष्ट है कि दीनदयाल जी भारतीय दर्शन के सूक्ष्म तत्वों से सुपरिचित थे। उपाध्याय जी के दार्शनिक विवरण में भारतीय दर्शन की विकास यात्रा के बीज सूत्र हैं। लिखते हैं वैदिक दर्शन में कणाद भौतिकवाद का, कपिल द्वैतवाद का तथा गौतम नीरस तर्क का आश्रय लेकर संसार में द्वैधीभाव, अनास्था और अविश्वास का प्रचार कर रहे थे। कृष्ण तथा महर्षि वेदव्यास के बताये हुए मार्ग को लोग भूलते जाते थे।

ऐसे समय में देश की समस्त बुराइयों को दूर कराने तथा वेदों का सारगर्भित अर्थ प्रकट करने के लिए तीन नये दर्शनों की रचना हुई, वे हैं पतंजलि का योग दर्शन, जैमिनी का मीमांसा दर्शन तथा बादरायण का वेदान्त दर्शन। (वही पृष्ठ 22) दर्शन और विज्ञान मनुष्य और समाज के समग्र विकास के लिए ही होते हैं। दीनदयाल जी ने इसीलिए पतंजलि के योग दर्षन, जैमिनी के मीमांसा व वादरायण के वेदान्त दर्शन को सारगर्भित अर्थ प्रकट करने वाला बताया है। दीनदयाल जी कहते हैं कि लेकिन वेदांत इन सबमें प्रमुख है। (वही, 22) वेदांत ही प्रमुख क्यों है ? लिखा है युगों-युगों से हिन्दुस्थान के महापुरूषो ने इसी में शांति पाई है। (वही, पृष्ठ 22) वेदांत के 'अद्वैत' में संपूर्ण सृष्टि एक इकाई है। दूसरा कुछ और नहीं- अद्वैत यानी दो नहीं। अद्वैत का यह दर्शन भारत की सनातन परंपरा है। वेदांत को सूत्रों में बांधने का काम बादरायण ने किया था लेकिन दर्शन को भारत के जन-जन तक पहुंचाने का काम शंकराचार्य ने किया। वेदांत दर्शन भारतीय दर्शन का प्रतिनिधि है। यूरोप के दर्शनशास्त्री बहुत लम्बे समय तक 'वेदान्त' को ही भारतीय दर्शन मानते थे। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने बादरायण को स्वाभाविक ही प्रतिष्ठा दी है, उन्होंने लिखा, श्रुति, स्मृति, उपनिषद् तथा श्रीमद्भगवतगीता के अर्थ को सुस्पष्ट करने के लिए तथा ऊपर-ऊपर से देखने के कारण इन ग्रन्थों में आपस में विरोध देखने वालों के विरोधाभास को नष्ट करने के निमित्त उन्होंने स्वयं वेदान्त सूत्रों की रचना की। (शंकराचार्य, पृष्ठ 23) असल में ऋग्वेद से लेकर उपनिषद् तक दर्शन की धारणा 'एक सत्य' की ही है। ब्रह्म सूत्रों में सभी ऐसे नामों को एक अर्थ दिया गया है। तब ब्रह्मसूत्र, उपनिषद् और गीता ज्ञान यात्रा की प्रस्थानत्रयी कहे गए थे। उपाध्याय जी 'प्रस्थानत्रयी' परंपरा से पूर्णतया अवगत थे। लिखते हैं उपनिषद् वेदान्त सूत्र तथा गीता अपने धर्म की प्रस्थानत्रयी के नाम से विख्यात है। (वही पृष्ठ 23) पं. दीनदयाल उपाध्याय भारत की सांस्कृतिक एकता में ही राष्ट्रभाव की स्थिरता देखते थे। राजा और राज्य व्यवस्थाएं आती-जाती रहती हैं लेकिन सांस्कृतिक प्रवाह अविच्छन्न रहते हैं। शंकराचार्य ने भारत की सांस्कृतिक एकता को पुनर्नवा ऊर्जा दी थी। उन्होंने शंकराचार्य के वाराणसी प्रवास का वर्णन किया है, भगवती भागीरथी के किनारे दशाश्वमेध घाट पर इन मिटते हुए साम्राज्यों तथा भारत की एकता के प्रश्न पर अवश्य ही विचार किया होगा। वहां यदि उन्होंने निर्णय किया हो तो क्या आश्चर्य कि बिना सांस्कृतिक एकता के, बिना विचारों के एक छत्र साम्राज्य के राजनैतिक एकता टिकाऊ नहीं होती। सांस्कृतिक एकता होते हुए राजनीतिक भिन्नताएं भी राष्ट्र का गला नहीं घोंट सकतीं।

उपाध्याय जी ने लिखा, कल-कल करती हुई जाह्नवी ने उनका समर्थन किया। पुण्य सलिला की स्वच्छ जलराशि ने उनको स्नान के लिए आमंत्रित किया। शंकराचार्य स्नान करके निकले तो उनकी कांति द्विगुणित थी। संसार के समान गंगा का जल सामने से भागता जा रहा था, प्रतिक्षण परिवर्तनषील किन्तु अभिन्न कितना अनित्य किन्तु शांत। काशी की गंगा और हरिद्वार की गंगा एक है। दोनों को कौन अलग कहेगा ? वे समान हैं, उनका स्रोत समान है, ध्येय समान है। यही है भेद में अभेद, भिन्नता में अभिन्नता, अनेकत्व में एकत्व, जिसको वे संसार को बताना चाहते थे। (वही, पृष्ठ 41 व 42) दीनदयाल जी के भाव बोध में भारतीय दर्शन की अनुगूंज है। उन्होंने लिखा, गंगा में उठने वाली भंवर और तरंगें सत्य नहीं हैं, वह तो वायु के परिणाम स्वरूप हैं। वे ऊपर की हैं, नित्य नहीं। शंकराचार्य की 'अद्वैत' प्रेरणा व वैदिक प्रतीति से उपाध्याय के चित्त में 'एकात्म मानवदर्शन का उदय' हुआ। उपाध्याय जी 'एकात्म मानव दर्शन' को लेकर सांस्कृतिक राष्ट्रभाव के लोक जागरण में सक्रिय थे। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म अनुभूति वाले ऋषि द्रष्टा थे।

दीनदयाल जी ने बहुत कुछ लिखा, बहुत कुछ कहा। भारत केवल भूगोल नहीं। यूरोपीय तर्ज का नेशन स्टेट नहीं। भारत एक विचार है। ज्ञान विज्ञान और दर्शन की पुण्य धरती। आकाश से धरती पर उतरी वैदिक ऋचा है भारत। एक मधुर गीत। शब्द ब्रह्म हैं। अमर हैं। उनके बोले लिखे शब्द अजर-अमर हैं। उनके शब्द हमारा आत्म रूपांतरण करते हैं। दीनदयाल जी के विचार अमर हैं। उन्हें पढ़ना दीनदयाल जी को सुनना है। अंग्रेजी के कवि शेली ने 'एडोनिस' में लिखा है प्रकृति में पुनर्नवा शक्ति है। दीप्ति आभा बदल जाती है सुगंध में- ह्वेयर स्पलेंडर इज चेंज्ड इन टू फ्रेंगरेंस। दीनदयाल जी की शब्द दीप्ति में शब्द गंध भी है। भारत इसी संदेश को ग्रहण करते हुए परम वैभवशाली हो सकता है।

**(लेखक उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं।)**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542 फोन :- 011-46696546 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com
सम्पादकीय कार्यालय :- 15&16 सिंधिया हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

## एक नज़र

### पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने किया कार्यालय का उद्घाटन, कहा- विधानसभा चुनाव जीतना है लक्ष्य

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** कांग्रेस छोड़कर पंजाब लोक कांग्रेस पार्टी बनाकर 2022 के चुनावी दंगल में ताल ठोकने की तैयारी कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह आज सेक्टर-9 में अपनी पार्टी के दफ्तर का शुभारंभ कर दिया है। इसके साथ ही राज्य की राजनीतिक गतिविधियों में और गरमी आने की संभावना है। दफ्तर की शुरुआत के बाद कैप्टन अधिकारिक रूप से राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ाएंगे। कैप्टन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना उनका लक्ष्य है। कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर कोई बड़ा चेहरा कैप्टन के साथ नजर नहीं आया।

हालांकि पूर्व विधायक हरजिंदर सिंह ठेकेदार और प्रेम मित्तल इस मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा कैप्टन अमरिंदर सिंह के पुराने नजदीकी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इनमें बड़े नाम नहीं हैं। कैप्टन के दावों के विपरीत अभी तक कोई भी बड़ा चेहरा कैप्टन के साथ खड़ा नजर नहीं आया। वहीं, कांग्रेस के सूत्रों का यह भी कहना है कि जब तक राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू नहीं हो जाती है तब तक सही तस्वीर उभर कर सामने नहीं आएगी। पार्टी कार्यालय के उद्घाटन से पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अरदास करते नजर आ रहे हैं। कैप्टन ने लिखा, आज पंजाब लोक कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करने से पहले वाहेगुरु जी का आशीर्वाद लिया। पंजाब की समृद्धि और सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, क्योंकि मैं अपने राज्य और इसके लोगों के कल्याण के लिए काम करना जारी रखने का संकल्प लेता हूं।

वहीं, कैप्टन की अगले तीन-चार दिन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक भी होने जा रही है। शनिवार को अमित शाह ने भी कह दिया था कि गठबंधन को लेकर उनकी कैप्टन और सुखदेव सिंह ढींडसा की पार्टी के साथ बातचीत चल रही है। इससे पहले कैप्टन और अमित शाह की बैठक चार दिसंबर को होनी तय हुई थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। अब देखना यह होगा कि अपनी पार्टी का दफ्तर खोलने के बाद कैप्टन 2022 के चुनाव को लेकर अपने राजनीतिक पत्ते कब खोलते हैं।

### हाई कोर्ट ने दिया पंजाब सरकार को झटका, न्यू दीप व बादलों की आर्बिट एविएशन को मिली बड़ी राहत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से पंजाब सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार के उस आदेश को रद कर दिया है जिसके तहत सरकार ने न्यू दीप और बादलों की आर्बिट एविएशन की बसें जब्त करने और परमिट रद करने का आदेश दिया था।

टैक्स न भरने के चलते न्यू दीप और आर्बिट एविएशन की बसें जब्त कर परमिट कैंसिल किए जाने के खिलाफ इन दोनों ट्रांसपोर्ट कंपनियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। दो दिनों तक चली बहस के बाद शुक्रवार को हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों याचिकाओं पर परिवहन मंत्री अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने अपना जवाब दायर कर कहा था कि टैक्स न भरने के कारण विभाग ने यह कार्रवाई की है उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। न्यू दीप और आर्बिट एविएशन ने हाई कोर्ट को बताया था कि जब सरकार पहले इनसे टैक्स को किश्तों में भरे जाने की इजाजत दे चुकी थी तो बाद में कैसे याचिकाकर्ता कंपनी को सूचित किए बिना इस इजाजत को रद कर दिया गया और परमिट कैंसिल कर दिए गए।

इस पर हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता कंपनी की जब्त की गई बसें छोड़ने और रद किए गए परमिट को अस्थायी तौर पर बहाल किए जाने के आदेश देते हुए पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया था। आर्बिट एविएशन ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बताया था कि उनका 77 लाख 15 हजार 61 रुपये का जो बकाया था । 11 अक्तूबर को संबंधित अथारिटी ने इस राशि को 19 लाख 28 हजार 765 रुपये की चार किश्तों में भरे जाने की इजाजत दे दी थी। जिसके बाद आर्बिट एविएशन ने पहली किश्त भर दी थी, लेकिन 18 अक्तूबर को किस्तों में बकाया भरे जाने की जो इजाजत दी गई थी। वह वापस ले ली गई बावजूद इसके 15 नवंबर तक वह 30 नवंबर तक प् पूरा टैक्स भर चुके थे लेकिन 12 नवंबर को उनका परमिट ही रद कर दिया गया कुछ यही दलीलें न्यू दीप की ओर से दी गयी थी। हाई कोर्ट ने आज इस मामले में फैसला सुना दिया है।

### पानी को लेकर गर्माने लगी सियासत, लुधियाना के विधायक बैंस बोले-पंजाब के पानी की रक्षा के लिए लिप संघर्षरत

**लुधियाना (एजेंसी)** पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में पानी भी इस बार मुद्दा बन सकता है। राज्य में पानी को लेकर सियासत नई बात नहीं हैं। पंजाब और हरियाणा में पिछले कई सालों से जल विवाद चल रहा है। इसको अब राजनीतिक दल भी भुनाने में जुट गए हैं। लोक इंसाफ पार्टी के प्रधान एवं हलका आत्मनगर से विधायक सिमरजीत सिंह बैंस ने पानी के मुद्दे पर तेवर तल्ख कर लिए हैं।

रविवार को वार्ड नंबर 47 में लोगों को आ रही पानी की समस्या के समाधान के लिए बैंस ने मनजीत नगर में बाबा जीवन सिंह पार्क में ट्यूबवैल का उद्घाटन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार पानी का मुद्दा सुलझाने में नाकाम साबित रही है। बैंस पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साधते रहे हैं। बैंस का मानना है कि पंजाब के नेता पानी के मुद्दे पर सियासत ही करते हैं। इस दौरान बैंस ने कहा कि पानी प्राकृतिक का दिया अनमोल तोहफा है।

आजादी के बाद से पंजाब का पानी दूसरे राज्यों को मुफ्त में जा रहा है। लोक इंसाफ पार्टी ने इस पानी की रक्षा के लिए संघर्ष किया है यदि दूसरे राज्य पानी की कीमत नहीं देते तो उनको पानी की सप्लाई ठप कर देनी चाहिए। तब सूबे के लोगों को ट्यूबवेल लगा कर जमीनी पानी निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा पानी का उपयोग संयम से करना चाहिए। इस अवसर पर नीरज गोरा, राजवीर सिंह, सतपाल काला, गोगी शर्मा, दर्शन सिंह व रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सिरसा में पति पत्नी के विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस, 8-10 लोगों ने किया हमला

**सिरसा (एजेंसी)** हिसार रोड पर स्थित खैरपुर कालोनी में पति पत्नी के विवाद की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच पुलिस टीम पर आठ-दस लोगों ने हमला कर दिया। एक होमगार्ड जवान के साथ मारपीट की गई व उसकी वर्दी फाड़ दी। बाद में पुलिस कर्मियों ने घर में घुसकर अंदर से दरवाजा बंद कर अपना बचाव किया। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने एएसआइ राजकुमार की शिकायत पर कालोनी में रहने वाले मनोज सोनी, काला व आठ दस आदमी व महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एएसआइ राजकुमार ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार रात को पुलिस चौकी के सरकारी नंबर से सूचना मिली कि खैरपुर कालोनी की गली बजाज स्वीट्स वाली में कृष्णा देवी के साथ उसका पति उमेश शर्मा शराब पीकर मारपीट कर रहा है।

सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम में एएसआइ राजकुमार, होमगार्ड सुनील, विक्रम, राकेश जब कृष्णा के घर पहुंचे तो वहां कृष्णा व उसका पति उमेश आपस में झगड़ रहे थे। राजकुमार ने बताया कि जब वह कृष्णा व उसके पति को समझाने की कोशिश कर रहा था। इतने में मनोज सोनी, काला व आठ दस अन्य वहां पर आए और आते ही उमेश शर्मा के साथ मारपीट करने लगे। जब पुलिस टीम उमेश शर्मा को छुडवाने लगी तो मनोज, काला व उसके साथियों ने उनके साथ भी लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया। होमगार्ड सुनील कुमार के थप्पड़ मुक्के मारे व उसकी वर्दी फाड़ दी।

# सत्ता के गलियारे से : ओमप्रकाश चौटाला व प्रकाश सिंह बादल की यारी,राजनीतिक किस्से तो बनेंगे ही

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**
हरियाणा और पंजाब की सियासत के सबसे बुजुर्ग व अनुभवी नेता ओमप्रकाश चौटाला तथा प्रकाश सिंह बादल बेहद सक्रिय हैं। पंजाब में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और हरियाणा में अभी तीन साल बाकी हैं, लेकिन दोनों नेताओं की सक्रियता गजब की है। प्रकाश सिंह बादल ने पंजाब में घूम-घूमकर लोगों को अपने पक्ष में लामबंद करना शुरू कर दिया है और ओमप्रकाश चौटाला तो पूरे हरियाणा में काफी समय से घूम ही रहे हैं। ईश्वरीय देन यह है कि उम्र के इस दौर में भी दोनों नेता राजनीतिक मसलों पर बातचीत करते हुए लयबद्ध रहते हैं। पटरी से नहीं उतरते। चौटाला तो टेप रिकार्डर की तरह शुरू हो जाते हैं और मुद्दों पर बड़े ही प्रभावी ढंग से बात करते हैं। देश की राजनीति में चौटाला और बादल को पगड़ी बदल भाई कहा जाता है। दोनों के पारिवारिक संबंध हैं। दोनों परिवार एक दूसरे के सुख-दुख में भाग लेने जाते हैं। चार दिन पुरानी बात है, चौटाला जब प्रदेश का दौरा कर निपटे तो वह बादल के लंबी स्थित फार्म हाउस पर पहुंच गए। बस फिर क्या था...जब मिल बैठें दो यार..तो राजनीति में किस्से भी बनते हैं अपार। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गणित बहुत तेज है। किसी भी योजना के लिए धन आवंटन से लेकर उसके खर्च तक आंकड़ेबाजी में कोई अधिकारी मुख्यमंत्री को बरगला नहीं सकता। अंगुलियों पर हिसाब लगाकर मुख्यमंत्री इन अफसरों को साफ बता देते हैं कि उनके बजट अनुमान ठीक नहीं हैं। साथ ही सुझाव भी देते हैं कि उन्हें किस तरह से हिसाब-किताब बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री से जब गणित में इस मास्टरी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि हिसाब-किताब लगाना उन्होंने अपने पिता से सीखा है। पिता कपड़े के व्यापारी थे। पिता के साथ उन्होंने भी कपड़ा बेचा है। एक-एक इंच और एक-एक पैसे का हिसाब-किताब रखना पिता ने सिखाया। दुकानदारी भी की। यहां तक कि मुख्यमंत्री चार सौ करोड़ रुपये के टर्नओवर वाली एक कंपनी के फाइनेंस डायरेक्टर (वित्त निदेशक)



भी रह चुके हैं। मुख्यमंत्री ने जब यह राज खोले तो अफसरों को भी लगा कि उनके सामने तो पाई-पाई का हिसाब लेकर जाना पड़ेगा। कांग्रेस तो कांग्रेस, युवक कांग्रेस भी अब गुटबाजी का शिकार हो गई है। हरियाणा युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर चयनित दिव्यांशु बुद्धिराजा इस लड़ाई का कारण बने हैं। लेकिन उन पर एक कहावत फिट बैठती है कि जब सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का। दिव्यांशु बुद्धिराजा को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के खेमे का खास आदमी माना जाता है। यूं कह सकते हैं कि युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव दिव्यांशु ने नहीं बल्कि दीपेंद्र हुड्डा ने जीता है। विवाद इस बात को लेकर है कि हरियाणा कांग्रेस कमेटी के सात दिसंबर को भर्तियों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाले आंदोलन से पहले ही युवक कांग्रेस ने तीन दिसंबर को प्रदर्शन कर दिया। इससे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को बड़ा खराब लगा, लेकिन हुड्डा खेमे की अपनी दलील है। आंदोलन जितनी जल्दी किया जाए, उसका प्रभाव उतना ही अधिक होता है। अब दिव्यांशु पर कार्रवाई के लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विवेक बंसल मना बना रहे हैं। हुड्डा खेमे के विधायकों पर कार्रवाई के लिए मन तो उन्होंने पहले भी कई बार बनाया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। अब कार्रवाई युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के विरुद्ध हो या फिर हुड्डा खेमे के विधायकों के, विवेक बंसल को इसमें सफलता मिल पाती है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। हरियाणा में किसान संगठनों की नरमगोशी सबसे अधिक जननायक जनता पार्टी के नेताओं को रास आई है। तीन कृषि कानूनों का विरोध करने वाले किसान संगठनों की वजह से भाजपा तो भाजपा, मगर जजपा नेता भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में नहीं जा पा रहे थे। अब कानून वापस हो चुके हैं तो सरकार के नेताओं और मंत्रियों ने फील्ड में अपनी आवाजाही एकाएक बढ़ा दी है। राजनीतिक नफे-नुकसान का आकलन करते हुए चीजों को बैलेंस करने की मंशा से जननायक जनता पार्टी तो अब एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग तक कर डाली है। यह मांग करने वाले दुष्यंत चौटाला के भाई दिग्विजय चौटाला हैं। जजपा को लगने लगा कि जब तक किसानों की बात नहीं करेंगे तो फील्ड में जाना मुश्किल हो जाएगा। दुष्यंत चौटाला भी अब प्रदेश के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक न केवल फील्ड में घूम रहे, बल्कि अपनी पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ भाजपा विधायकों के पास भी जा रहे हैं। मौका भले ही विवाह समारोहों या व्यक्तिगत आयोजनों का हो, दुष्यंत के लिए भाजपा विधायकों की यह गलतफहमी दूर करना भी जरूरी हो गया है कि डिप्टी सीएम के कार्यालय में उनके काम इतनी आसानी से नहीं होते।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर चोर गिरोह एक्टिव, दो स्टाल से सामान, दो बाइक व महिला का पर्स चोरी

**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)**
अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में उमड़ते पर्यटकों के साथ ही चोरी भी सक्रिय हो गए हैं। चोरों ने ब्रह्मसरोवर पर लगे दो स्टाल से सामान चोरी कर लिया, वहीं ब्रह्मसरोवर के बाहर पार्किंग में खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़ कर पर्स चोरी कर लिया। चोरों ने ब्रह्मसरोवर के बाहर पार्किंग में खड़ी दो मोटरसाइकिल भी चोरी कर ली। पुलिस ने चारों मामले दर्ज कर लिए हैं। उत्तर प्रदेश के कानपुर कालपी निवासी असफाग ने केयूके थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगे शिल्प मेले के स्टाल लगाया हुआ है। उसके स्टाल का नंबर 382 है। रविवार को उसके स्टाल पर एक औरत, उस औरत के साथ दो औरतें और थी। वे उसकी दुकान से कपड़े का थान उठाकर निकल गई। आगे जाकर उन औरतों ने बैग की दुकान के स्टाल संचालक रूकसार व दो-तीन



अन्य औरतों ने उन्हें पकड़ा। उनके पास से कुछ सामान मिला और कुछ नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने आरोपित महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव बड़तौली निवासी जगदीश ने केयूके थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह गीता जयंती पर घूमने आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल ब्रह्मसरोवर के मेन गेट पर पार्किंग में खड़ी की थी। दोपहर दो बजे जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। वहीं गांव खासपुर निवासी आर्यन ने केयूके थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गीता जयंती देखने के लिए ब्रह्मसरोवर पर आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल हनुमान मंदिर के समीप पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। बाबैन निवासी अनु ने केयूके थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह ब्रह्मसरोवर पर घूमने के लिए आई थी।

उसने अपनी गाड़ी ब्रह्मसरोवर पर पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह घूम कर वापिस आई तो उसकी कार का पीछे का शीशा टूटा हुआ था। कार के अंदर से उसका पर्स चोरी था। उसके पर्स में जरूरी कागजात आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड और सोने के टापस है। पुलिस प्रवक्ता नरेश सागवाल ने बताया कि पुलिस की असामाजिक तत्वों पर पूरी नजर है। पुलिस जल्द ही आरोपितों का सुराग लगा लेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है वे लापरवाही न बरतें, जरूरी सामान को गाड़ी में न छोड़े। कोई भी वारदात होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## सामूहिक छुट्टी पर गए मोहाली डीसी दफ्तर के कर्मचारी, दो दिन की हड़ताल से जनता परेशान

**मोहाली (एजेंसी)** मोहाली में अलग-अलग कर्मचारी संगठनों की ओर से सोमवार को पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए गए। डीसी दफ्तर कर्मचारी यूनियन की ओर से दो दिन की सामूहिक छुट्टी की घोषणा के बाद सोमवार को जिले की सबडिवीजन व डीसी कार्यालय में कामकाज नहीं हुआ। इस कारण सरकारी दफ्तरों में काम करवाने आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

डीसी दफ्तर, एसडीएम और तहसील दफ्तरों के सभी कर्मचारियों ने सामूहिक छुट्टी लेकर डिवीजन दफ्तरों के आगे रोष प्रदर्शन किया। मंगलवार को भी कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन करने की घोषणा की हुई है। वहीं, पंजाब रेवेन्यू ऑफिसर्स यूनियन की हड़ताल बीते 22 नवंबर से लगातार जारी है। ध्यान रहे जिला होशियारपुर के नायब तहसीलदार और रजिस्ट्री क्लर्क के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई के विरोध में ऐसा किया जा रहा है। कानूनगो, पटवारी यूनियन की पहले ही हड़ताल चल रही है। वहीं, मिड डे मील सर्व शिक्षा अभियान के दफ्तरी कर्मचारियों ने भी सोमवार को रोष प्रदर्शन किए। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। कर्मचारियों



की ओर से सरकार के खिलाफ रैली निकाली गई। फेज-8 में शिक्षा भवन के बाहर स्थायी नौकरी की मांग को लेकर बैठे शिक्षकों ने प्रदर्शन किया।

इस दौरान शिक्षकों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उधर, फेज-7 के लाइट प्वाइंट के पास डिप्लोमा होल्डर्स इंजीनियर्स की ओर से सरकार के खिलाफ शुरू किया गया स्थायी धरना पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। गुरुद्वारा सिंह शहीदां के पास अपनी मांगों को लेकर बैठे पीटीआई अध्यापकों के अलावा खरड़ में भी अलग अलग कर्मचारी संघगठनों की ओर से प्रदर्शन किए गए।

## हरियाणा की यशिका के यश का बखान आकाश तक, अब अंतरिक्ष तक उड़ान भरने की तैयारी

**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)**
जिंदगी की असली उड़ान अभी बाकी है, जिंदगी के कई इम्तिहान अभी बाकी हैं, अभी तो नापी है मुट्ठीभर जमीन हमने, आगे सारा आसमान बाकी है...। इन पंक्तियों को कुरुक्षेत्र की बेटी यशिका खत्री ने चरितार्थ कर दिखाया है। यशिका के यश का बखान आकाश मंडल तक तो हो गया है, मगर उनकी उड़ान अंतरिक्ष तक भरने की है। एरिजोना के एम्ब्री रिडल ऐरोनोटिकल विश्वविद्यालय में यशिका प्लेन (विमान) उड़ाने की प्रतियोगिता में प्रथम आई तो उनका नाम यूनाइटेड स्टेट आफ अमेरिका (यूएसए) की ओर से विश्व की उन 35 महिलाओं में शामिल किया, जिन्हें मिलिया एयर हार्ट स्कालरशिप प्रदान की गई। इसके लिए यशिका को 10 हजार डालर देकर स्कालरशिप से सम्मानित करने के साथ ही एक साल तक एक विमान पर उसका नाम भी अंकित किया गया। इस विमान पर भारत का तिरंगा भी एक साल तक फहराता रहेगा। यशिका उसी कोलोराडो विश्वविद्यालय में एयरोनाटिकल विषय से पीएचडी कर रही हैं, जहां से अंतरिक्ष यात्री स्वर्गीय कल्पना चावला ने एयरोनाटिकल में इंजीनियरिंग की थी। उन्होंने कहा कि अगर बेटियों को मौका दिया जाए तो वे देश का नाम विश्व में बुलंद कर सकती हैं। गत दिवस हैरिटेज विरासत में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें डा. महासिंह पूनिया ने सम्मानित किया। यशिका का सपना भी कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष तक उड़ान भरने का है। जब उसकी वजह से उसके देश का झंडा बुलंद होता है।

यूएसए के एक विमान पर जब उनका नाम अंकित हुआ और साथ में तिरंगा लहराया गया तो यह उनके लिए सबसे गौरवान्वित करने वाला पल था। यशिका ने एम्ब्री रिडल एयरोनाटिकल विश्वविद्यालय से स्नातक की है। अब वे यूनिवर्सिटी आफ कोलोराडो से एरोस्पेस में पीएचडी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि यह एरोस्पेस इंजीनियरिंग का अवार्ड है, जिसे मिलिया एयर हार्ट स्कालरशिप कहते हैं।

## फतेहाबाद में कमेटी के नाम चल रही चिटफंड कंपनियां, 12 लाख रुपये लेकर फरार हुआ व्यक्ति

**फतेहाबाद (एजेंसी)**
फतेहाबाद शहर में कमेटी बनाकर 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में शहर के ओबीसी बैंक निवासी ओमप्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज क लिया है। वहीं बताया जा रहा है कि आरोपित अब शहर छोड़कर हिसार रहने लग गया है।




पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फतेहाबाद निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह धर्मशाला रोड पर मैसर्ज वकील साडी हाउस के नाम से दुकान करता आ रहा है। आरोप है कि राशन डिपो संचालक ओमप्रकाश पिछले 20 से 25 सालों से कमेटियां बनाने का कार्य करता आ रहा है। उसने भी दो कमेटी लगा रखी थी। ये कमेटियां 9 अगस्त 2019 को पूरी हो गई थी। ऐसे में 12 लाख रुपये लेने थे।

ऐसे में उसने रुपये वापस मांगे तो एक साल का समय मांगा और डेढ़ लाख रुपये ब्याज सहित लौटाने का वादा भी किया। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसकी पत्नी को ब्लड कैंसर हो गया था। ऐसे में उसे इलाज के लिए अमेरिका में लेकर जाना था। लेकिन समय पर रुपये न मिलने के कारण वहीं नहीं ले जा पाया और 7 मार्च 2020 को उसकी मृत्यु हो गई। अगर समय पर रुपये मिल जाते तो उसकी पत्नी की जिंदगी बच सकती थी। पुलिस ने इस मामले में केवल एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। लेकिन बताया जा रहा है कि कमेटी के नाम पर शहरवासियों को लाखों रुपये देने है। यहीं कारण है कि अब आरोपित फतेहाबाद छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस को दी शिकायत में राकेश ने बताया कि अब ओमप्रकाश हिसार रह रहा है ताकि लोग उनसे रुपये न मांग सके। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अब वह और उसका भाई जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। जिले में कमेटी के नाम पर चिटफंड कंपनी के नाम पर रुपये इकट्ठे करने का खेल पिछले कई सालों से चल रहा है। ऐसे में जिस व्यक्ति के पास अधिक रुपये इकट्ठा हो जाते है और देने के लिए आनाकानी करता है तो वह फरार भी हो रहा है। इस तरह का कार्य करना अवैध है। ऐसे में पुलिस के पास अधिकतर शिकायतें भी नहीं आती। जो व्यक्ति रुपये देते है उनके पास किसी प्रकार का रिकार्ड भी नहीं होता।

यहीं कारण है कि आरोपित बड़ी आसानी से फरार हो जाते है। पांच से 10 लोगों की एक कमेटी बनाई जाती है। इस कमेटी में एक अमीर व्यक्ति को लिया जाता है। सभी लोग उसी पर विश्वास भी करते है कि अगर रुपये चले भी जाएंगे तो वह रुपये दे देगा। उदाहरण के तौर पर दस लोग 10 हजार रुपये उस व्यक्ति को जमा करवाते है। ऐसे में एक लाख रुपये जमा हो जाते है।

जिस व्यक्ति को यह रुपये चाहिए वह ले लेता है और उसे हर महीने 10 हजार रुपये जमा करवाने होंगे। हर महीने सभी सदस्य रुपये जमा करवाते रहते है। जिस व्यक्ति को चाहिए वह ले लेता है। जो व्यक्ति रुपये नहीं लेता है उसे अंत में ब्याज सहित राशि मिल जाती है। फतेहाबाद जिले में इस तरह का अंधा चल रहा है। पुलिस चाहकर भी इस तरह के धंधे को बंद नहीं करवा पा रही।

## गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी मामले में जांच करने के लिए सिरसा डेरा पहुंची पंजाब पुलिस की एसआइटी

**सिरसा (एजेंसी)**
श्री गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी मामले में डेरा की चेयरपर्सन विपसना व वाइस चेयरमैन पीआर नैन से पूछताछ के लिए पंजाब पुलिस की एसआइटी सिरसा पहुंची है। एसआइटी के प्रभारी लुधियाना रेंज के आइजी सतिंद्रपाल सिंह बटाला के पुलिस अधीक्षक मुखविंदर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में एसआइटी बेअदबी मामले में पहली बार जांच के लिए सिरसा पहुंची है। पंजाब पुलिस की टीम पहले चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के फैक्लटी हाउस पहुंची। यहां सिरसा पुलिस अधीक्षक डा. अर्पित जैन से टीम ने



मुलाकात की और इसके बाद टीम डेरा सच्चा सौदा के लिए रवाना हो गई। बता दें कि पंजाब के फरीदकोट जिले के बुर्ज जवाहर सिंह वाला में श्री गुरुग्रंथ साहिब की चोरी और बेअदबी मामले में पंजाब पुलिस की एसआइटी जांच कर रही है। इस मामले की सीबीआइ जांच कर चुकी है। बाद में हाई कोर्ट के निर्देश पर पंजाब पुलिस की एसआइटी जांच कर रही है। फरीदकोट जिला के थाना बाजेखाना में दो जून 2015 को केस दर्ज किया हुआ है। एसआइटी ने जांच में शामिल होने के लिए चेयरपर्सन विपसना इंसां व वाइस चेयरमैन डा. पीआर नैन को जांच में शामिल होने के लिए तीन बार नोटिस दिया है। विपसना की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है न ही उसे नोटिस तामिल होने की जानकारी सामने आई हे जबकि डा. पीआर नैन ने बीमारी का हवाला देकर मेडिकल दिया हुआ है। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह से एसआइटी रोहतक स्थिति सुनारिया जेल में पूछताछ कर चुकी है। एसआइटी के प्रभारी आईजी ने सिरसा पहुंचने के बाद कहा कि इस मामले की जांच के संबंध में ही वे पूछताछ के लिए आए हैं। अभी भी चेयरपर्सन विपसना इंसां व वाइस चेयरमैन डा. पीआर नैन जांच में शामिल नहीं हुए हैं। एसआइटी अन्य डेरा समर्थकों से पूछताछ कर रही है, वहीं चेयरपर्सन विपसना इंसां व वाइस चेयरमैन डा. पीआर नैन डेरे में भी नहीं मिले हैं। वो कहां है इसकी भी एसआइटी पूछताछ करने में जुटी हुई है।

### रोहतक में हाईवे के किनारे मिला अधेड़ व्यक्ति का खून से लथपथ शव

**रोहतक (एजेंसी)** दिल्ली-रोहतक हाईवे पर चुलियाना मोड के पास अधेड़ का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। सोमवार सुबह चुलियाना मोड के पास बंद पड़ी सिंगल स्ट्रिप्स फैक्ट्री के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। जिसकी उम्र करीब 48 साल के आसपास थी। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे, जो खून से लथपथ था।

## एक नज़र

### नीतीश का बयान बिहार में पियक्कड़ों की बढ़ाएगा परेशानी, अब बोतल फेंकते ही सामने होगा फोटो

पटना (एजेंसी)। जनता दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद सोमवार को मीडिया को संबोधित करते हुए बिहार सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोग शराबबंदी कानून लागू होने के बाद भी गड़बड़ी कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर सरकार कड़ी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोशिश की जा रही है कि शराब पीकर बोतल फेंकने वाले की तस्वीर इजात कर ली जाए। नीतीश ने कहा कि पियक्कड़ों की एक-एक हरकतों पर नजर रखी जा रही है। सीएम ने कहा कि अब लोग कहीं भी बोतल देख लेते हैं तो उसी घटना को लेकर चर्चा शुरू कर देते हैं, ऐसे में सरकार ने भी अपनी ओर से सजगता बढ़ा दी है। इस दौरान



नीतीश ने जातीय जनगणना को लेकर कहा कि जल्द ही इसको लेकर सर्वदलीय बैठक की जाएगी। राज्य के सभी दल जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में हैं। बिहार में शराब की खाली बोतल मिलने से जुड़े सवाल के जवाब में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारा अच्छा काम दिल्ली के अखबारों में नहीं छपता, पर शराब से जुड़े मामले जरूर पब्लिश किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब न्यूज पेपर देखता हूं तो समझ जाता हूं कि मामला क्या है। उन्होंने कहा इसके बावजूद हर चीजों को गंभीरता से लिया जा रहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि केवल अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। पटना पर विशेष नजर रखनी है। राजधानी को पहले नियंत्रित करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए एक्शन काफी हो रहा है, इसका असर भी देखने को मिल रहा है। ऐसी कोशिश की जा रही है कि शराब पीकर बोतल फेंकने वाली की तस्वीर सामने आ जाए। उन्होंने कहा कि शराब मामले से जुड़ी समस्याएं जनता दरबार में भी आई हैं, इसपर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

### किसानों के हक के लिए खड़े हुए लालू, बोले- ये सरकार खाद नहीं दे पा रही तो एमएसपी क्या देगी

पटना (एजेंसी) । बिहार में किसान रबी फसल की बोआई की तैयारियों में जुटे किसान खाद की समस्या को लेकर काफी परेशाना हैं।डीएपी की किल्लत की वजह से रबी फसलों की बोओई पर असर पड़ने की भी बात किसान कर रहे हैं। उर्वरक के लिए किसान और उनके परिवार के लोग रात ही कतारों में खड़े हो जा रहे हैं। राज्य में खाद की किल्लत पर अब सियासत शुरू हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने केन्द्र और नीतीश सरकार पर हमला बोला है।



लालू ने कहा है कि बिहार के किसान खाद के लिए परेशान हैं और डबल इंजन की सरकार नींद की गोलियां खाकर सोयी हुई है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को ट्वीट कर बिहार में खाद की किल्लत की वजह से किसानों को हो रही समस्या पर सरकार को घेरने की कोशिश की है। लालू यादव ने ट्वीट कर डबल इंजन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाय है कि डबल इंजन की सरकार किसानों की दुश्मन है। बिहार के किसान खाद के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री सहित डबल इंजन की सरकार आंखों पर पट्टी बांध सोयी हुई है। लालू यादव ने आगे लिखा है कि, ये सरकार फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य क्या देगी ये तो खाद भी नहीं दे पा रही है। दरअसल आरजेडी के ट्वीटर हैंडल से सुपौल का एक वीडियो ट्वीट किया गया है। इस वीडियो में ये दिखाने की कोशिश की गई है कि किसान खाद के लिए रात में कैसे दुकानों पर भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। लालू यादव ने इस वीडियो पर ही अपनी प्रतिक्रिया दी है। लालू यादव के ट्वीट पर यूजर्स के तरह-तरह की प्रतिक्रियां भी आईं। संजय कनौजिया नाम के यूजर ने लिखा कि नीतीश सरकार पर शर्म है तो वहीं नीतीश शांडिल्य नाम के यूजर ने लिखा कि लालू चाचा आप आराम कीजिए और स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए। आपके मुंह से ये बातें अच्छी नहीं लगती हैं।

### डेहरी में सड़क दुर्घटना, धान लदे ट्रक पलटने से बाइक सवार की मौत

सासाराम (एजेंसी) । स्थानीय नगर थाना क्षेत्र में एनएच दो पर शंकर अस्पताल के समीप सोमवार को धान लदे अनियंत्रित ट्रक पलटने से उसके नीचे दबकर बाइक से घर जा रहे नगर परिषद से जुड़े एक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है। मृत युवक की पहचान पतपुरा गांव निवासी बांके सिंह के पुत्र 22 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित स्वजन व ग्रामीणों ने एनएच पर धान की बोरी रख सड़क को लगभग तीन घंटे तक जाम कर यातायात बाधित कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजीत कुमार सिन्हा ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। इसके बाद वाहनों का आवागमन सुगम हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रवि कुमार बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच औरंगाबाद की तरफ से आ रहा धान लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर बाइक सवार को धक्का मारते हुए बीच सड़क पर पलट गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर आनन-फानन में पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर काफी मशक्कत के बाद पलटे ट्रक को उठवाया, जिसके धान की बोरी के नीचे दबे रवि के शव को निकाला जा सका। ट्रक से दब जाने के चलते उसका चेहरा व शरीर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था।

### पटना की इस खूबसूरत हसीना के झारखंड तक हैं नाम, दूल्हे संग किया ऐसा काम कि जानकर होंगे हैरान

पटना/ रांची (एजेंसी) । पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी की रहने वाली लवली अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह की सरगना निकली। वह पटना में बैठकर गिरोह का संचालन करती थी। झारखंड में वाहनों की चोरी और लूट की कई घटनाओं को उसने अंजाम दिया। बन-ठन कर रहने वाली लवली सड़क पर सुनसान में अकेले खड़ी हो जाती।कार चालकों से लिफ्ट मांगती। रास्ते में पूर्व प्लान के अनुरूप वह गाड़ी रोकवाती और वहां उसके साथी लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे। हालांकि, अब वह गिरोह के पांच अपराधियों के साथ रांची के बुढ़मू थाने की पुलिस के हत्थे चढ़ चुकी है।

उनके पास चोरी के तीन चारपहिया वाहन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में चान्हो थाना क्षेत्र के तरंगा निवासी फरीद खान, पटना की लवली सिंह एवं हजारीबाग के शिवकुमार, अशफाक अंसारी, मो. अजहर व मुश्ताक आलम उर्फ अरमान शामिल हैं। ताजा घटना एक दिसंबर की है। बुढ़मू थाना क्षेत्र के पाथकोइ गांव में बरात आई थी। लवली के गिरोह ने जंगल के रास्ते गुजर रही दूल्हे की गाड़ी घेरी। दूल्हे को जंगल में ही उतार दिया और उसकी स्विफ्ट गाड़ी लूट ली थी। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी तो शादी के वीडियो फुटेज में एक संदिग्ध दिखा। वही लाइनर का काम कर रहा था। संदिग्ध को पुलिस ने उठाया। वह फरीद खान निकला।

# सीएम नीतीश के विधायक ने भागलपुर के जेडीयू सांसद को कहा शराब तस्कर

भागलपुर (एजेंसी)। भागलपुर जिले के गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। अपने विवादित बयानों के लिए चर्चा में रहने वाले विधायक ने इस बार अपनी ही पार्टी के सांसद को अफीम की खेती करने वाला बताया दिया। इसके अलावा विधायक ने भागलपुर के संसद अजय कुमार मंडल पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इसका वीडियो लगातार वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, विधायक गोपाल मंडल की पत्नी सविता देवी जिला परिषद का चुनाव लड़ रहीं हैं। इसी दौरान विधायक उनके पक्ष में चुनाव प्रचार करने इस्माइलपुर प्रखंड के नारायणपुर चंडीस्थान पहुंचे। वहां उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। सभागलपुर जिले के गोपालपुर सविधानसभा के जदयू सविधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने अपनी ही पार्टी के भागलपुर के ससांसद अजय कुमार मंडल को कहा-अफीम की खेती करने वाला। कहा- बनाते हैं दारू (शराब), नहीं देते दर्शन। विधायक ने कहा कि संसद अजय कुमार मंडल का हम कभी विरोध नहीं करते हैं। हम दोनों जदयू के हैं। लेकिन वे कभी दर्शन ही नहीं देते। उन्होंने सांसद को कहा कि कभी-कभी इस्माइलपुर की जनता को भी दर्शन दें, जैसे हम देते हैं। यहां के लोगों ने आपको झार कर (काफी) वोट दिया है। कहा कि सांसद हमको पाकेटमार समझते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जो ट्रैक्टर के टेलर पर दारू पैदा करता हो, अफीम की खेती करता हो, वो हमारे सांसद हैं। वाह रे सांसद...! चुनाव जीता दिया, लेकि आप इलाके के लोगों ने भेंट नहीं देते हैं।



जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आते हैं तो आगे-पीछे करते हैं। आपका नैया डूब जायेगा, नहीं बचेगा। सभागलपुर के गोपालपुर विस के जदयू विधायक नरेंद्र कु नीरज उर्फ गोपाल मंडल की पत्नी सविता देवी जिला परिषद का चुनाव लड़ रही हैं।विधायक वोट मांग रहे हैं।इस्माइलपुर के नारायणपुर चंडीस्थान में उन्होंने कहा कि पैसा सबसे लीजिए वोट सविता को दीजिए।आप पार्षद बनाइए,हम जिप अध्यक्ष बना देंगे। विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि जिला परिषद सीट के प्रत्याशी सविता देवी को सभी अपना वोट दें। उन्होंने कहा कि चुनाव में खूब पैसा बांटा जा रहा है। आप लोग सबसे पैसा दीजिए, लेकिन वोट सविता देवी को दीजिए।

आगे जिला परिषद का अध्यक्ष कैसे बनाना है, वह मैं देख लूंगा। वहां भी पैसे का खेल होता है। कोई सिमेंट पहुंचाता है तो छड़। हर वर्ग के लोग सविता देवी को वोट दें। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा चुनाव नहीं है। कहा कि विधानसभा चुनाव में माय (मुस्लिम और राजद) समुदाय के लोग मुझे वोट नहीं दीजिएगा, लेकिन जिला परिषद के चुनाव में वोट जरुर दें। सभी का विकास करेंगे। राजद के जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी विश्वास झा ने अपनी कहा कि यदि विधायक ऐसा बयान दे रहे हैं, तो इसकी जांच होनी चाहिए। क्या सच में सांसद शराब के खेल में शामिल हैं। वो भी जदयू के सांसद। बिहार में शराबबंदी है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के सांसद अजय कुमार मंडल ही शराब निर्माण से जुड़े हैं। यह आरोप जदयू के विधायक गोपाल मंडल ने ही लगाया है। अफीम की खेती का आरोप उनपर लगाया गया। इसकी जांच होनी चाहिए। सांसद अजय कुमार मंडल ने कहा कि मैंने वीडियो देखी है। मैं कीचड़ में पत्थर नहीं फेंकता। आलाकामना को जानकारी देंगे। वहीं विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि मैं ही अगला सांसद हूं।

### पटना में सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- न्यायाधीशों को वकीलों और वादियों से करना चाहिए विनम्र व्यवहार

पटना (एजेंसी) । बिहार न्यायिक अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रविवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एम आर शाह ने 30वें बैच के 337 सिविल न्यायाधीशों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। न्यायाधीशों को लोगों की सेवा के लिए हर समय समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल, न्यायाधीश राजन गुप्ता, न्यायाधीश अश्विनी कुमार सिंह के साथ अन्य कई न्यायाधीश भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। उसके बाद अधिकारियों ने सरस्वती की वंदना की। न्यायमूर्ति एमआर शाह ने अच्छे न्यायाधीश की विशेषताओं के बारे में बताया। उन्होंने युवा अधिकारियों को याद दिलाया कि ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, सहानुभूति और कार्य के प्रति पूर्ण समर्पण एक अच्छे न्यायाधीश की पहचान है। इस दौरान न्यायाधीश एमआर शाह ने व्यक्तिगत रूप से बिहार न्यायिक सेवा के 30वें बैच के 337 सिविल न्यायाधीशों से मुलाकात की और उन्हें समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि एक न्यायाधीश को हमेशा विनम्र होना चाहिए। अधिवक्ताओं और वादियों के साथ उचित व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि पटना उच्च न्यायालय और बिहार के लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं।



न्यायाधीश राजन गुप्ता ने कहा कि केवल लंबित मामलों के आंकड़ों को शामिल करने के लिए जल्दबाजी में कानून की उचित प्रक्रिया से समझौता नहीं किया जा सकता। आम जनता में विश्वास पैदा करने के लिए कानून की उचित प्रक्रिया का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। न्यायाधीश अश्विनी कुमार सिंह ने युवा न्यायाधीशों से कहा कि वे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होते रहें और अपने ज्ञान को स्थिर न होने दें। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। अपने बीच इन न्यायाधीशों को पाकर सिविल जजों में काफी खुशी देखी गई।

### नक्शे के हिसाब से मकान नहीं बनाने पर होगा एक्शन, गोपालगंज में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का भी करना होगा इंतजाम

गोपालगंज (एजेंसी)। नक्शा पास कराने के बाद अपने हिसाब से मकान बनाने का खेल नहीं चलेगा। अब पास कराए गए नक्शा के अनुरूप ही मकान बनाना होगा। नक्शा के अनुरूप मकान नहीं बनाने वालों के खिलाफ नगर परिषद कार्रवाई करेगा। इसके साथ की बिना नक्शा पास कराए मकान बनाने वालों पर भी नगर परिषद की गाज गिरेगी। साथ ही नगरीय क्षेत्र में बनने वाले मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का भी इंतजाम करना अनिवार्य होगा। नगर परिषद की टीम अब शहर के मोहल्लों में घूम-घूम कर निर्माणाधीन मकानों की जांच करेगी।

जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि नक्शा पास कराया गया है कि नहीं। अगर नक्शा पास कराया गया है तो नक्शा के अनुसार मकान बनाया जा रहा है कि नहीं। बिना नक्शा पास कराए या नक्शा के अनुरूप मकान को निर्माण नहीं होने पर निर्माण कार्य रोक दिया जाएगा। शहर में बिना नक्शा पास कराए ही लोग बिना रोकटोक के मकान बना लेते हैं। इसके साथ ही कुछ लोग नक्शा तो पास करा लेते हैं। लेकिन उसके अनुसार मकान नहीं बनाते हैं। नक्शा पास कराने के बाद भी मनमर्जी ढंग से मकान



बनाने के कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी होती है। नियम के अनुसार सड़क से तीन फीट जमीन छोड़कर मकान बनाना होता है। नक्शा भी सड़क से तीन फीट जमीन छोड़कर मकान बनाने के लिए नगर परिषद पास करता है। लेकिन नक्शा पास कराने के बाद भी लोग सड़क से सट कर अपना मकान बना लेते हैं। जिसे देखते हुए अब नगर परिषद ने बिना नक्शा या नक्शा पास कराने के बाद भी उसके अनुसार मकान नहीं बनाने वालों पर नकेल कसने की पहल की है। इस पहल के तहत अब नगर परिषद की टीम शहर के मोहल्लों में घूम-घूमकर निर्माणाधीन मकानों की जांच करेगी। जांच के दौरान अगर नक्शा के अनुरूप या बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराने का मामले सामने आया तो निर्माण कार्य रोक दिया जाएगा। इसके साथ ही बिना नक्शा पास कराए या नक्शा के अनुरूप मकान नहीं बनाने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। गोपालगंज नगर परिषद के अध्यक्ष हरेन्द्र कुमार चौधरी का कहना है कि,नगर परिषद से नक्शा पास कराने के बाद भी उसके अनुसार मकान नहीं बनाए जाने का मामला सामने आ रहा है। कुछ लोग बिना नक्शा पास कराए ही मकान बना लेते हैं। शहर में कुछ स्थानों पर नक्शा का विचलन कर निर्माण कार्य कराने की भी शिकायतें मिल रही हैं अब नगर परिषद की टीम शहर में घूम-घूम कर निर्माणाधीन मकानों की जांच करेगी। जांच में बिना नक्शा पास कराए या नक्शा के अनुसार मकान का निर्माण नहीं करने का मामला सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। नक्शा के अनुरूप ही लोग मकान बनाए इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाएगा।

### टोंक जेल मे चौथ बसूली की जाँच कछुआ चाल कैसे मिलेगा न्याय : तोमर

**ओपन सर्च ब्यूरो**

**माधोपुर।** पिछले वर्ष टोंक जिले मे सनसनी फैला देने वाली घटना जिला कारागार टोंक मे बंद हबालती बंदियों व उनके परिजनों से चौथ बसूली का मामला उजागर करने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया की शिकायत पर सभी तथ्यों का अवलोकन करने और जाँच कराने के पश्चात राजस्थान करागार मुख्यालय के आई जी महोदय के निर्देश पर बाईस तीन दो हजार ईक्कीश को थाना कोतवाली टोंक मे आरोपियों के विरुद्ध मुकदम्मा नंबर एक सौ तीस धारा तीन सौ चोराइस भा द स के तहत दर्ज किया गया था जिसे दर्ज हुए आज लगभग दस महीने बीत चूके है परन्तु अब तक ना तो किसी दोसी को गिरफ्तार किया गया है और ना ही अभी तक जाँच पुरी की गई है पुरे मामले का खुलासा करने वाले शिकायतकर्ता एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर ने बताया की सबसे अजीब बात तो ये है कि जाँच अधिकारी ने अभी तक मुख्य पीड़ित





बंदियों के ब्यान तक दर्ज नहीं किये है शिकायत के बाद कुछ पीड़ित बंदियों मे से कुछ को दूसरे जिले की जेलो मे भेज दिया गया था तो कुछ कि जमानते हो चुकी है इस सबंध मे वो दिनांक 13-08-21 को व 14-09-21 को एस पी टोंक सहित अन्य बरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को लिखित शिकायते भी कर चूके है परन्तु पुलिस कि जाँच अब भी कछुआ चल है जबकि मामला अति गंभीर और संगीन है और एफ आई आर स्वम जेल मुख्यालय के आई जी की अनुशंसा पर उनके द्वारा कराई गई जाँच के उपरांत दर्ज कराई गई है जिसमे जिला करागार टोंक के तत्कालीन जेल अधिकारियो कि भी संलिसता उजागर हो चुकी है पुलिस के इस रबइये से अब यह स्पष्ट है कि संबंधित जाँच अधिकारी दोषियो से मिल कर उन्हें बचा रहे है और जान बुझ कर उनके खिलाफ कोई कार्यबाही नहीं कर रहे है ताकि उनके विरुद्ध साक्ष लुप्त हो जाये या दोसी पीड़ितों को डरा धमका कर उन्हें अपने पक्ष मे कर लें तोमर ने आशंका जताई है कि ऐसे मे पीड़ितों को आखिर कैसे न्याय मिलेगा इस बाबत तोमर ने एक बार फिर से प्रदेश के पुलिस महानिदेश और जिला टोंक के पुलिस अधीक्षक महोदय को शिकायत पत्र लिख कर मामले कि जाँच डिप्टी एस पी स्तर के अधिकारी से कराने और दोषियो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने कि मांग कि है आज उन्होंने पत्रकारों को इस बाबत प्रेस नोट और कि गई शिकायत कि प्रति सोमसे हुए इस बात का खुलासा किया है साथ ही तोमर बताया है कि यदि जल्द ही इस बाबत कोई कार्यबाही ना कि गई तो मजबूरन वो अदालत का दरबाजा खटखटाएंगे परन्तु दोषियो को हर हाल मे सजा दिला कर रहेंगे।

### नहर में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही कैमूर पुलिस

चैनपुर (भभुआ) (एजेंसी) । थाना क्षेत्र अंतर्गत ईसापुर बधार के पास स्थित नहर के चाट में सोमवार की सुबह एक युवक का शव बरामद होने से स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों की काफी संख्या में भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने चैनपुर थाना को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चैनपुर थाना लाने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान ग्राम गाजीपुर बलुवा निवासी रामदेव बिंद के 37 वर्षीय पुत्र संजय बिंद के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई धनजीत बिंद ने बताया कि संजय बिंद वाराणसी में रहकर मजदूरी का कार्य करता है। रविवार को घर पहुंचा था। तीन बजे के करीब अपने भतीजे किसान बिंद के साथ बाइक से कहीं घूमने के लिए गया। देर रात तक वापस नहीं आने पर घर वाले परेशान होकर खोजबीन करने लगे। मोबाइल स्विच आफ बता रहा था। लेकिन कुछ भी जानकारी नहीं मिली। सोमवार की सुबह जब स्थानीय लोग नहर के तरफ गए तो नहर में शव देखा। जिसके बाद इसकी सूचना चैनपुर थाने को दी गई। परिजनों का कहना है कि शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे संजय बिंद के साथ किसी के द्वारा मारपीट की गई हो। चेहरे पर चोट के निशान हैं। गले पर गला दबाने के निशान है। परिजनों ने विश्वास जताया है कि संजय बिंद की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया है। चैनपुर थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह ने बताया कि घटना की सूचना सोमवार की सुबह प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची। जानकारी मिली है कि उक्त युवक के साथ एक और युवक था। वह भी दुर्घटना में घायल है। वह भी थाना पहुंच चुका है। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

## हुजूर, माफिया ने कब्रिस्तान के साथ मेरा घर भी बेच दिया है, जनता दरबार में शिकायत सुन चौंके सीएम नीतीश कुमार

पटना (एजेंसी) । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दरबार में लोगों की फरियाद सुनी। राज्य के कई जिले से फरियादी पहुंचे। वैशाली की एक महिला की शिकायत पर सीएम ने सीधे डीजीपी को फोन लगाया। महिला ने कहा कि हत्या के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर सीएम ने डीजीपी को फोन लगाकर कहा है कि नौ महीने हो गए गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। एक महिला ने दुष्कर्म मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की।

एक महिला ने सीएम को बताया कि पति पंजाब में रहता है। वहां से फोन कर बोला कि गेहूं का पटवन करवा दो। पटवन करने वाले को कहने गई तो उसके बेटे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वीडियो भी बना लिया। उस दिन से धमकी देने लगा। शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसटीएफ में कार्यरत एक सिपाही पत्नी ने कहा कि शादी को तीन साल हो गए। पति पुलिसवाला है। एसटीएफ में है। शादी की लेकिन नाम सर्विस बुक पर नहीं चढ़ा है। अब वह दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है।

एक फरियादी ने बताया कि पिता उससे सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। अवैध संबंध के चक्कर में उन्होंने सारी संपत्ति दूसरे के नाम कर दी है। वे और उनकी मां इस वजह से दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। मधेपुरा से आए युवक ने



बताया कि उसे अपराधियों ने चार गोलियां मारी थी। एफआइआर भी हुई लेकिन अपराधी खुलेआम घूम रहा है। वह धमकाता है। एसपी के रीडर पर युवक ने मामले को दबाने का आरोप लगाया। तुरंत ही सीएम ने डीजीपी को फोन लगाकर मामले में कार्रवाई करने को कहा। कई ऐसे फरियादी हैं जो बिना रजिस्ट्रेशन कराए पहुंच गए हैं।

ऐसी ही एक बुजुर्ग महिला कैमूर जिले से आई। उनकी फरियाद थी कि दबंगों ने नींबू, सब्जी, खस्सी और भैंस चुरा ली है। कई जगह इसकी शिकायत की लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया इसलिए वे सीधे सीएम से शिकायत करने पहुंची हैं।

हालांकि, रजिस्ट्रेशन नहीं होने की वजह से उन्हें जनता दरबार में नहीं जाने दिया गया। वह निराश होकर लौट गई। नालंदा से पहुंची एक महिला ने पति पर दूसरी शादी कर घर से निकालने का आरोप लगाया। सीएम ने इस मामले को भी डीजीपी के पास भेजा। फर्जी शिक्षकों की नियुक्ति मामले में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की शिकायत अरवल से आए एक फरियादी ने की। बता दें कि महीने के पहले सोमवार को तय विभाग के अनुरूप सीएम मुख्य रूप से पुलिस व जमीन से जुड़े मामले सुन रहे हैं।

पहले सोमवार को गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार, कारा, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, निगरानी आदि से जुड़ी शिकायतें सुनी जाती है। आज भूमि विवाद के मामले ज्यादा आ रहे हैं। एक फरियादी ने बताया कि कब्रिस्तान के साथ ही निजी जमीन को भूमि माफिया ने बेच दिया है। अब उसे धमकी दी जा रही है।

## एमसीए ने विशेष उपलब्धि के लिए ऐजाज पटेल को सम्मानित किया

मुंबई (एजेंसी) । मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के प्रमुख विजय पाटिल ने सोमवार को न्यूजीलैंड के स्पिनर ऐजाज पटेल को सम्मानित किया, जो टेस्ट मैच की एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने। मुंबई में जन्में ऐजाज ने यहां खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी में सभी 10 विकेट चटकाकर जिम लेकर और अनिल कुंबले के दुर्लभ रिकॉर्ड की बराबरी की। उनके इस प्रदर्शन के बाद भी न्यूजीलैंड को 372 रन से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने ने बताया कि न्यूजीलैंड के इस स्पिनर ने एमसीए संग्रहालय के लिये अपने कुछ सामान दिये। उन्होंने कहा, ''ऐजाज पटेल ने संग्रहालय के लिए गेंद और टी-शर्ट सौंपी है।'' ऐजाज का बचपन मुंबई में बिता था और उनके चचेरे भाई अब भी शहर के उपनगरीय क्षेत्र जोगेश्वरी में रहते हैं।

## जो रूट ने पहले एशेज टेस्ट के लिये अंतिम एकादश का खुलासा नहीं किया

ब्रिसबेन (एजेंसी) । इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट मैच के लिये अपनी अंतिम एकादश का खुलासा करने से इन्कार कर दिया। रूट ने यह समाचार आने से पहले संवाददाताओं को संबोधित किया कि पृथकवास से जुड़ी चिंताओं के कारण पांचवां टेस्ट मैच पर्थ में नहीं होगा। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिन्स ने रविवार को साहसिक कदम उठाते हुए ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर होने वाले मैच के लिये तीन दिन पहले ही अंतिम एकादश घोषित कर दी थी। रूट ने हालांकि इस पर चर्चा करने से इन्कार कर दिया कि हसीब हमीद की शीर्ष तीन में जगह बनी रहेगी या जॉनी बेयरस्टॉ या ओली पोप में से छठे नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा। उन्होंने यह बताने से भी इन्कार कर दिया कि जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड दोनों खेलेंगे या नहीं। रूट ने कहा, ''मैं दिमागी खेल नहीं खेल रहा हूं। मैं अभी अपनी टीम घोषित करने की स्थिति में नहीं हूं।'' उन्होंने कहा, ''सच्चाई यह है कि उनके अपनी अंतिम एकादश की घोषणा करने से मैं वास्तव में चिंतित नहीं हूं या इससे हमारे दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है। हम अपने हिसाब से आगे बढ़ेंगे और जब हमें उचित लगेगा आपको बता देंगे।'' रूट ने कहा कि उन्होंने अभी तक गाबा की पिच नहीं देखी और इसलिए यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि टॉस जीतने पर वह पहले बल्लेबाजी का फैसला करेंगे या गेंदबाजी का। एक आस्ट्रेलियाई पत्रकार ने उन्हें बताया कि पिच में हरी घास दिख रही है। इस पर रूट ने कहा, ''एक तेज गेंदबाज और आस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में पैट (कमिन्स) अपना प्रभाव छोड़ चुका है। अगर पिच में घास है तो देखते हैं कि कल और मैच की सुबह वह कैसे दिखती है। अभी मैंने यह फैसला नहीं किया है कि टॉस जीतने पर मैं क्या करूंगा। इस पर हम बाद में निर्णय करेंगे।''

## रूस ने क्रोएशिया को हराकर डेविस कप खिताब जीता

मैड्रिड (एजेंसी) । रूस ने 15 साल बाद डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। रूसी स्टार दानिल मेदवेदेव ने सिलिच को 7-6 (7), 6-2 से हराया। इससे रूस को क्रोएशिया पर 2-0 की बढ़त मिली। यह रूस का 2006 के बाद पहला डेविस कप खिताब है। रूस के दानिल मेदवेदेव ने इस जीत के बाद एटीपीटूर डॉट कॉम में कहा, यह शानदार अहसास है। मैं खुद से ज्यादा टीम के लिए खुश हूं। यह लगातार पांचवां मैच है जबकि विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने डेविस कप में जीत दर्ज की है। उन्होंने तीन महीने पहले नोवाक जोकोविच को हराकर यूएस ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी जीता था। इससे पहले आंद्रे रूबलेव ने बोर्ना गोजो को हराकर रूस को मैड्रिड एरेना में खेले गए डेविस कप फाइनल में शुरुआती बढ़त दिलाई। रूबलेव ने यह मुकाबला सीधे सेटों में 6-4, 7-6 (5) से जीता। रूस ने 2002 में भी डेविस कप खिताब जीता था। रूस की तरह क्रोएशिया भी अपने तीसरे खिताब की तलाश में था। उसने 2005 और 2018 में खिताब जीता था। लेकिन रूस ने उसके तीसरे खिताब की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## एलपीएल 2021: गाले ग्लेडिएटर ने 54 रन से जीता मैच

कोलंबो (एजेंसी) । आर प्रेमदासा स्टेडियम में यहां जाफ्ना किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में गाले ग्लेडिएटर ने 54 रन से शानदार जीत हासिल की है। गाले ग्लेडिएटर के कप्तान भानुका राजपक्षे ने 31 गेदों में तीन छक्के और छह चौके की मदद से 56 रन की शानदार पारी खेली और सामित पटेल ने 31 गेंदो में छह चौके की मदद से टीम में 42 रन जोड़े। सभी खिलाड़ियों के योगदान से टीम ने सात विकेट खोकर 164 रन बनाए और जाफ्ना किंग्स को 165 रन का लक्ष्य दिया। वहीं, जाफ्ना के गेंदबाज जायडेन सील्स ने चार ओवर में तीन विकेट और डब्ल्यू हसरंगा ने चार ओवर में दो विकेट लिए। लकमल और दीक्षाना ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने आई जाफ्ना किंग्स दस विकेट खोकर 110 रन ही बना पाई। जिसमें ग्लेडिएटर के गेंदबाज सामित पटेल ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं, थारांगा और हाफिज ने दो-दो विकेट लिए। थूसारी, नूर अहमद और मादुसांका ने एक-एक विकेट लिया। लंका प्रीमियर लीग 2021 का यह दोनों टीमों के बीच पहला मैच था। आज दो मैच हैं जिसमें दूसरा मैच दांबुला जायंट्स बनाम कैंडी वारियर्स और तीसरा मैच कोलंबो स्टार्स बनाम गाले ग्लेडियेटर्स के बीच होगा

## हैमिल्टन की जीत से एफवन में खिताबी जंग बनी रोचक

जेद्दा (एजेंसी) । मौजूदा चैंपियन लुईस हैमिल्टन ने सऊदी अरब ग्रां प्री जीतकर अंतिम रेस से पहले मैक्स वर्सटाप्पन के साथ फार्मूला वन खिताब की दौड़ रोचक बना दी। इन दोनों प्रतिद्वंद्वी ड्राइवर के अब समान अंक हैं और ऐसे में अबुधाबी में होने वाली आखिरी रेस में वे खिताबी दौड़ में एक दूसरे को पीछे छोड़ने का प्रयास करेंगे। हैमिल्टन अपने आठवें जबकि वर्सटाप्पन पहले खिताब की कवायद में हैं। हैमिल्टन ने लगातार तीसरी रेस जीतकर अपने अंकों की संख्या वर्सटाप्पन के समान 369.5 पर पहुंचा दी है। ब्रिटेन का यह ड्राइवर अब आठवां खिताब जीतने और माइकल शूमाकर से आगे निकलने के करीब पहुंच गया है।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जॉनसन ने कहा, रिचर्डसन को प्लेइंग इलेवन में शामिल करना चाहिए था

सिडनी (एजेंसी) । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चयन पैनल को एशेज के पहले मैच के लिए टीम में तेज गेंदबाज झे रिचर्डसन को शामिल करना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने रविवार को गाबा में आठ दिसंबर से शुरू होने वाले एशेज सीरीज मैच के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा की थी, जिसमें 31 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क शामिल हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में स्टार्क कुल नौ विकेट ही ले सके थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में विकेट लेने में विफल रहे थे, जिसमें उन्होंने अपने चार ओवरों में 60 रन दिए। शुरुआती टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज में स्पिनर नाथन लियोन के अलावा कप्तान कमिंस, जोश हेजलवुड, स्टार्क शामिल हैं। जॉनसन, जो 2013/14 एशेज सीरीज में खेले थे, उन्होंने एसईएनजेड के शनिवार के सत्र में कहा हां देखो, मैं हमेशा स्टार्क का समर्थन करता हूं। लेकिन देखो, यह व्यक्तिगत निर्णय भी नहीं हो सकता है।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 372 रन से करारी शिकस्त दी, श्रृंखला 1-0 से जीती



मुंबई (एजेंसी) । भारत ने जयंत यादव की शानदार गेंदबाजी से दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन सोमवार को सुबह पहले घंटे में ही न्यूजीलैंड के बाकी बचे पांच विकेट निकालकर 372 रन की रिकार्ड जीत से दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की।

दिन का खेल शुरू होने के ठीक 43 मिनट बाद भारत ने 540 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा कर रही न्यूजीलैंड की टीम को 56.3 ओवर में 167 रन पर आउट कर दिया। रविचंद्रन अश्विन (34 रन देकर चार विकेट) ने हेनरी निकोल्स को ऋद्धिमान साहा के हाथों कैच कराकर भारत में अपना 300वां टेस्ट विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी का अंत किया। भारत की यह घरेलू धरती पर रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले का रिकार्ड 337 रन का था जो उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2015 में दिल्ली में बनाया था। कानपुर में अपने जज्बे का शानदार प्रदर्शन करके पहला टेस्ट मैच ड्रा कराने वाली न्यूजीलैंड की टीम यहां संघर्ष नहीं कर पायी तथा अतिरिक्त उछाल और टर्न के सामने उसके बल्लेबाजों ने आसानी से घुटने टेके। न्यूजीलैंड हालांकि इस मैच को ऐजाज पटेल के पारी में 10 विकेट के ऐतिहासिक कारनामे के लिये याद रखेगा।

भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने मैच के बाद कहा, ''विजेता के रूप में श्रृंखला का अंत करना अच्छा है। कानपुर में भी जीत के करीब पहुंच गये थे लेकिन आखिरी विकेट नहीं ले पाये। यहां हमने कड़ी मेहनत की। परिणाम भले ही एकतरफा लग रहा हो लेकिन पूरी श्रृंखला में हमने कड़ी मेहनत की।'' दिलचस्प तथ्य यह रहा कि पटेल ने न्यूजीलैंड की तरफ से दोनों पारियों में 73.5 ओवर गेंदबाजी की जबकि उनकी टीम दोनों पारियों में 84.4 ओवर तक ही बल्लेबाजी कर पायी। न्यूजीलैंड ने सुबह पांच विकेट पर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और तीसरे दिन शाम के सत्र में अच्छी लय में दिख रहे जयंत ने जल्द ही उसके विकेट निकालने शुरू कर दिये। इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में खेलने वाले जयंत ने 49 रन देकर चार विकेट लिये। उन्होंने अपने सभी चारों विकेट चौथे दिन सुबह के सत्र में लिये। जयंत ने कहा, ''सुबह विकेट में नमी थी जिससे मदद मिली। आप शाम के सत्र और आज सुबह में अंतर देख सकते हो। पिच से अधिक मदद मिल रही थी। ऐसे में गेंद सही क्षेत्र में पिच कराना महत्वपूर्ण था।'' इस जीत से भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे पर बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ जाएगी जो तीन सप्ताह के अंदर शुरू होने वाला है। जयंत ने सुबह रचिन रविंद्र को (18) को दूसरी स्लिप में चेतेश्वर पुजारा के हाथों कैच कराया और फिर फ्लाइट लेती गेंद पर काइल जैमीसन को पगबाधा आउट किया। टिम साउदी लंबा शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गये जबकि विल सोमरविले ने जयंत को वापस आसान कैच दिया।

## भारत की सबसे बड़ी जीत, कुंबले क्लब में शामिल हुए अश्विन

मुंबई, 06 दिसंबर (वेब वार्ता)। भारत ने न्यूजीलैंड को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में 372 रन शिकस्त दी जो उसकी टेस्ट मैचों में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत और कीवी टीम की सबसे बड़ी हार है। न्यूजीलैंड की टीम कानपुर में पहले टेस्ट मैच में बमुश्किल हार टाल पायी लेकिन मुंबई से उसे करारी शिकस्त झेलनी पड़ा। न्यूजीलैंड ने 1988 से भारत में कोई टेस्ट मैच नहीं जीता है और वह अभी तक भारतीय धरती पर टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत पाया। भारत का इससे पहले रनों की लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था जिसे उसने 2015 में नयी दिल्ली 337 रन से हराया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ इससे पहले उसका रिकार्ड 321 रन से जीत का था जो उसने 2016 में इंदौर में हासिल किया था। न्यूजीलैंड की यह रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने उसे 2007 में जोहानिसबर्ग में 358 रन से पराजित किया था। भारत के स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने सोमवार को केवल एक विकेट लिया लेकिन हेनरी निकोल्स को आउट करके वह



घरेलू धरती पर 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों के विशेष क्लब में शामिल हो गये। भारत की तरफ से अश्विन से पहले यह कारनामा केवल अनिल कुंबले ने किया था जिन्होंने अपने देश में 350 विकेट लिये हैं। कुंबले और अश्विन के बाद हरभजन सिंह (265) और कपिल देव (219) का नंबर आता है। अश्विन अपने घरेलू मैदानों पर 300 विकेट लेने वाले दुनिया के कुल छठे गेंदबाज बन गये हैं। उनसे पहले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (493), इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन (402), कुंबले, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (341) और आस्ट्रेलिया के शेन वार्न (319) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अश्विन ने 49 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की जबकि मुरलीधरन 48 मैचों में इस मुकाम तक पहुंचे थे। कुंबले ने घरेलू धरती पर 300वां विकेट अपने 52वें मैच में लिया था। इस ऑफ स्पिनर को मैन ऑफद सीरीज भी चुना गया। यह नौवां अवसर है जबकि उन्होंने यह पुरस्कार जीता। अश्विन ने इस मामले में जॉक कैलिस की बराबरी की जबकि रिकार्ड मुरलीधरन (11) के नाम पर है। अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने विकेटों की संख्या 66 पर पहुंचा दी है जो कि इन दोनों टीम के बीच नया रिकार्ड है।

## संघर्ष करने की प्रतिबद्धता की अच्छे प्रदर्शन में अहम भूमिका: अग्रवाल

मुंबई (एजेंसी) । न्यूजीलैंड पर दूसरे टेस्ट में भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल से सोमवार को कहा कि अच्छी तकनीक के बावजूद हमेशा रन बनाने की कोई गारंटी नहीं है लेकिन अच्छे प्रदर्शन में संघर्ष करने की प्रतिबद्धता की अहम भूमिका होती है। अग्रवाल ने पहली पारी में 150 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में भी 62 रन बनाए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अग्रवाल ने भारत के श्रृंखला 1-0 से जीतने के बाद कहा, ''रन बनाकर अच्छा महसूस होता है और यह पारी मेरे लिए विशेष है। कानपुर की तुलना में मैंने कुछ भी बदलाव नहीं किया। मैं सिर्फ मानसिक अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ खेला।'' तीस साल के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह किसी भी पारी में शतक के बारे में नहीं सोच रहे थे लेकिन दूसरी पारी में 60 रन से अधिक के स्कोर को उन्हें शतक में बदलना चाहिए था, ''तकनीक हमेशा सर्वश्रेष्ठ नहीं होती, इससे रन बनाने की गारंटी नहीं मिलती लेकिन संघर्ष करने की प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण होती है।'' उन्होंने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका में अलग तरह की चुनौती होगी, एक टीम के रूप में हम उसका लुत्फ उठाएंगे। हम इसे लेकर उत्सुक हैं।'' कानपुर में पहले टेस्ट में 13



और 17 रन की पारियां खेलने वाले अग्रवाल ने कहा कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें कहा था कि अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करो। उन्होंने कहा, ''राहुल भाई ने मुझे कहा कि श्रृंखला के बीच में तकनीक के बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। इसी तकनीक के साथ तुमने रन बनाए हैं, मानसिक रूप से खुद को मजबूत रखो, अपनी रणनीति पर कायम रहो और रन अपने आप बनेंगे।'' सुनील गावस्कर से मिली सलाह पर अग्रवाल ने कहा, ''सनी सर ने मुझे कहा था कि शुरुआत में बल्ला नीचा रखो, बायें कंधे को थोड़ा बाहर की तरफ रखकर खेलो3 इससे मदद मिली। '' भारत के सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि उन्होंने न्यूजीलैंड के बायें हाथ के स्पिनर एजाज पटेल को यहां भारतीय पारी के सभी 10 विकेट चटकाकर इतिहास रचते हुए देखने का लुत्फ उठाया लेकिन उन्हें लगता है कि इस तरह का प्रदर्शन करना उनका 'भाग्य' था। उन्होंने कहा, ''एजाज ने शानदार प्रदर्शन किया। वानखेड़े में हमेशा गेंद टर्न नहीं करती और उसने सीम का इस्तेमाल किया और गेंद को सही लाइन और लेंथ के साथ फेंका। मैंने उसे गेंदबाजी करते हुए देखने का लुत्फ उठाया। यह भाग्य था।'' अश्विन को दो मैचों में 14 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## कप्तान कोहली ने अजिंक्य रहाणे का किया समर्थन

मुंबई (एजेंसी) । भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को अपने आउट ऑफ फॉर्म टेस्ट डिप्टी अजिंक्य रहाणे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वह फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे टीम के सभी खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे क्योंकि वह ऐसा माहौल नहीं चाहते हैं जहां खिलाड़ी असुरक्षित



महसूस करें। रहाणे खराब फॉर्म से गुजर हैं, उनका आखिरी शतक 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में आया था। वह कानपुर टेस्ट में भी लंबी पारी नहीं खेल सकें, जहां श्रेयस अय्यर ने अपना डेब्यू पर शतक लगाया था। रहाणे चोट के कारण मुंबई टेस्ट में नहीं खेल सकें। इससे उनकी किस्मत अधर में लटकती नजर आ रही क्योंकि चयनकर्ता इस महीने के अंत में शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम की घोषणा करने वाले हैं। कोहली ने कहा कि रहाणे को अपनी फॉर्म का आकलन खुद करना होगा, लेकिन वह उनका समर्थन करेंगे, जैसा कि वह किसी अन्य खिलाड़ियों का ऐसी स्थिति में करते हैं। कोहली ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं उनके फॉर्म को नहीं आंक सकता। केवल वही ही जानते है कि वह किस दौर से गुजर रहे हैं। हमें इन क्षणों में उनका समर्थन करने की जरूरत है, खासकर जब उन्होंने अतीत में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया हो। हम ऐसा माहौल नहीं चाहते है कि जहां हमारे खिलाड़ी पूछे अब क्या होगा? उन्होंने कहा, हम आलोचना या प्रशंसा पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते हैं, जो कुछ भी बाहर होता है वह हमें प्रभावित नहीं करता है। हम खिलाड़ियों के रूप में जानते हैं कि टीम में क्या करना है। बाहर बहुत कुछ चल रहा है और हमें वे सारी बातें प्रभावित नहीं कर सकती हैं जिस तरह से हम खेलते हैं। हम टीम में हर किसी का समर्थन करते हैं। हम बाहर जो होता है उसके आधार पर निर्णय नहीं लेते हैं।

## नये सहयोगी सदस्यों के साथ भी मानसिकता पहले जैसी है: कोहली

मुंबई (एजेंसी) । विराट कोहली-राहुल द्रविड़ युग की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में जीत के साथ हुई और कप्तान ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के बाद कहा कि टीम नये सहयोगी सदस्य भी उसी सोच और उद्देश्य का अनुसरण कर रहे हैं जैसा की पिछली व्यवस्था में किया जा रहा था। पूर्व महान खिलाड़ी द्रविड़ ने मुख्य कोच के रूप में रवि शास्त्री की जगह ली है , जबकि पारस म्हाम्ब्रे और टी दिलीप क्रमशः भरत अरुण और आर श्रीधर के स्थान पर नए गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच बने है।

न्यूजीलैंड को दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन 372 रन के बड़े अंतर से हराने के बाद कोहली ने कहा, '' नये प्रबंधन के साथ भी हमारी मानसिकता वही है कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाना है। भारतीय क्रिकेट के मानकों को बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि यह हमेशा बढ़ता रहे।'' कोहली और शास्त्री ने एक सफल कप्तान-कोच संयोजन बनाया था जिसने विदेशों में कई टेस्ट श्रृंखलाओं में जीत दर्ज की थी।

कोहली ने कहा कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में मिली सफलता ने टीम के विदेश में खेलने के अनुभव और आत्मविश्वास को बढ़ाया है और




भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे पर पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत ने 1992 से अब तक दक्षिण अफ्रीका में तीन टेस्ट जीते हैं लेकिन टीम अभी तक वहां एक भी श्रृंखला नहीं जीत पायी है। पिछले दौरे (2017-18) में उन्हें 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान ने कहा, '' दक्षिण अफ्रीका में हमें अच्छी चुनौती मिलेगी। हमने पिछली बार वही से विदेशी दौरे पर अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया था। इस का नतीजा ऑस्ट्रेलिया में मिला था। अब हमें विश्वास है कि हम कहीं भी जीत सकते हैं।'' कोहली ने कहा, '' यह एक कठिन चुनौती है, जिसे हम सफलता हासिल करना चाहते हैं, हर कोई प्रेरित है।

उम्मीद है कि हम दक्षिण अफ्रीका में उस तरह से खेल सकेंगे जिसके लिए हमें जाना जाता है। हम श्रृंखला जीत सकते हैं।'' न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने कहा कि पहली पारी में 62 रन पर आउट होने के बाद उनकी टीम बैकफुट पर आ गयी थी। उन्होंने कहा, '' यह हमारी तरफ से निराशाजनक प्रदर्शन था। शानदार प्रदर्शन करने के लिए भारत को श्रेय दिया जाना चाहिये। जब आप 62 रन पर आउट हो जाते है तो मैच में पिछड़ जाते है। आप यहां हमेशा पहले बल्लेबाजी करना चाहते हैं क्योंकि खेल के आगे बढ़ने के साथ बल्लेबाजी मुश्किल होती जाती है। यह ऐसा नतीजा नहीं था जैसा हमने सोचा था।''

उन्होंने कहा, '' खिलाड़ी अलग-अलग परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं और हमारी टीम में काफी गहराई है। एजाज के लिए यह बहुत ही खास मैच है।खेल के इतिहास में केवल तीसरी बार किसी खिलाड़ी ने पारी में सभी 10 विकेट झटके है।

'' टेस्ट टीम में वापसी करने वाले जयंत यादव ने मैच के चौथे दिन चार विकेट झटक कर इसे यादगार बनाया। उन्होंने कहा, '' सुबह वानखेड़े की पिच में नमी थी और इससे मदद मिली, आप अंतर देख सकते थे और हमें बस सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करनी थी।''

## चयन को लेकर कड़े फैसलों पर खिलाड़ियों के साथ स्पष्ट संवाद महत्वपूर्ण होगा: द्रविड़

मुंबई (एजेंसी) । भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को यहां संकेत दिये कि टीम प्रबंधन आगे कुछ कड़े फैसले ले सकता है और उन्होंने खिलाड़ियों के साथ स्पष्ट संवाद पर जोर दिया। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ पूरी टेस्ट श्रृंखला के लिये विश्राम दिया गया जबकि कप्तान विराट कोहली पहले मैच में नहीं खेले थे। रवि शास्त्री से कमान संभालने के बाद द्रविड़ की कोच के रूप में यह पहली टेस्ट श्रृंखला थी जिसमें मयंक अग्रवाल और श्रेयस अय्यर ने एक-एक शतक लगाया। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले टीम में अपनी जगह बचाये रखने का दबाव है और ऐसे में द्रविड़ की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट में 372 रन की रिकार्ड जीत के बाद कहा, ''युवा खिलाड़ी




अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और चयन को लेकर यह अच्छा सिरदर्द है। प्रत्येक अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है और हर कोई एक दूसरे के लिये कड़ी चुनौती पेश कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि हमारा यह सिरदर्द और बढ़ेगा और हमें कुछ कड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं लेकिन जब तक हमारा स्पष्ट संवाद रहता है और हम खिलाड़ियों को समझाते हैं कि ऐसा क्यों हुआ तब तक कोई समस्या नहीं है।'' बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में पांच विकेट लिये और दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। जयंत यादव ने दूसरे टेस्ट मैच में पांच विकेट लिये जिसमें दूसरी पारी के चार विकेट शामिल हैं। द्रविड़ ने कहा कि श्रृंखला की जीत को एकतरफा कहना गलती होगी। उन्होंने कहा, ''विजेता के रूप में श्रृंखला का अंत करना अच्छा है। कानपुर में भी हम जीत के करीब पहुंच गये थे लेकिन आखिरी विकेट नहीं ले पाये। यहां हमने कड़ी मेहनत की। परिणाम भले ही एकतरफा लग रहा हो लेकिन पूरी श्रृंखला में हमने कड़ी मेहनत की।'' द्रविड़ ने कहा कि खिलाड़ी प्रत्येक मैच में सुधार करने के लिये बेताब हैं। उन्होंने कहा, ''यह देखकर अच्छा लगा कि खिलाड़ी मौकों का फायदा उठाने के लिये तत्पर हैं। टीम में कुछ सीनियर खिलाड़ी नहीं थे लेकिन उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों को श्रेय जाता है। जयंत को कल जूझना पड़ा था लेकिन उसने उससे सबक लिया और आज अच्छा प्रदर्शन किया।'' द्रविड़ ने कहा, ''मयंक, श्रेयस, सिराज जिन्हें बहुत अधिक मौके नहीं मिले। अक्षर को गेंदबाजी के अलावा के बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखना अच्छा लगा। इससे हमारे पास कई विकल्प हो गये हैं। इससे हमें मजबूत टीम बनाने में मदद मिलेगी।'' भारत ने न्यूजीलैंड को पहली पारी में 62 रन पर आउट करने के बावजूद फालोऑन नहीं दिया और द्रविड़ ने इस फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा, ''हमारे पास पर्याप्त समय था और इसलिए फालोऑन देने के बारे में नहीं सोच रहे थे। टीम में कई युवा बल्लेबाज हैं और हम उन्हें इस तरह की परिस्थितियों में बल्लेबाजी का मौका देना चाहते थे।''

## फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे होने पर बेहद खुश हैं अरशद वारसी

बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि वह फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे होने पर बेहद खुश हैं लेकिन उन्हें अभी तक विश्वास नहीं होता है कि वह इतने सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में टिक पाएंगे। अरशद वारसी ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म तेरे मेरे सपने से की थी। अरशद को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये 25 साल पूरे हो गये हैं।



अरशद वारसी ने कहा है कि उन्हें अभी तक विश्वास नहीं होता है कि वह इतने सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में टिक पाएंगे। अरशद वारसी ने कहा, मैं हैरान और खुश हूं कि मैंने 25 साल पूरे कर लिए हैं। अरशद वारसी ने कहा, मुझे लगता नहीं था कि मैं 25 साल तक फिल्म इंडस्ट्री में टिक पाउंगा मैं अपना डेब्यू करते वक्त डर गया था क्योंकि मैंने पहले कभी अभिनय नहीं किया था। मैं फिल्म करने से बहुत डरता था। मैं असफल होने से डरता था। मैं उन सभी लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया, और मुझ पर और दर्शकों पर विश्वास करना जारी रखा। मुझे लगता है कि मेरे आगे एक और लंबा सफर होने जा रहा है। **(एजेंसी)**

## हर साल चार-पांच फिल्मों में काम करना चाहते हैं सनी देओल

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल हर साल चार-पांच फिल्मों में काम करना चाहते हैं। सनी देओल इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म गदर-एक प्रेम कथा के रीमेक को लेकर चर्चा में हैं। सनी देओल ने अमीषा पटेल के साथ गदर- 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। सनी देओल ने कहा है कि वह अक्षय कुमार और अजय देवगन की तरह हर साल चार-पांच फिल्में करना चाहते हैं। सनी देओल ने कहा, लोग मेरे बारे में ढ़ेर सारी बातें करते हैं लेकिन मैं अभी भी एक अच्छी फिल्म साइन करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। यही हमारे देश की विडंबना है। मुझे और कितने सालों तक यह साबित करना होगा कि मैं एक अच्छा कलाकार हूं? चीजें बहुत बदल गई हैं। मैंने फिल्मों में अभिनय करना बंद कर दिया था लेकिन अब मैं अक्षय कुमार और अजय देवगन की तरह साल में चार-पांच फिल्में करना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि उसमें से एक तो चलेगी ही। सनी देओल ने कहा, मैंने तय किया है कि मैं साल में पांच फिल्में करूंगा और यही मेरी उपलब्धि होगी। मैंने पिछले 15 सालों में बहुत कम काम किया है। मैंने बहुत समय बर्बाद किया लेकिन अब मुझे अच्छी फिल्मों के साथ अपने करियर को अच्छी संख्या में आगे ले जाना है। फिलहाल मैं कुछ अच्छे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा हूं। **(एजेंसी)**



## सारा के साथ काम नहीं करना चाहती है अमृता सिंह!

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान को लगता है कि उनकी मां अमृता सिंह उसके साथ काम नहीं करना चाहती है। सारा अली खान की अपनी मां अमृता सिंह के साथ अच्छी बॉन्डिंग है। सारा अपनी मां से बहुत प्यार करती है। दोनों ने एक विज्ञापन में भी साथ काम किया था। सारा चाहती है कि किसी फिल्म में उसे मां अमृता सिंह के साथ काम करने का मौका मिले, लेकिन सारा को लगता है कि उनकी यह ख्वाहिश शायद ही पूरी होगी। सार अली खान को लगता है कि उनकी मां उनके साथ काम नहीं करना चाहेगी। सारा अली खान ने कहा, उनकी मां उनके साथ काम नहीं करना चाहेंगी क्योंकि वह उनकी 'मां' हैं। यदि शूट चल रहा है और उस दौरान मेरे चेहरे पर बाल भी आ गया तो वह शॉट के बीच में ही 'कट' बोल सकती हैं जिससे वह मेरे बाल ठीक कर सकें। मेरी आंखों के सामने अभी वो विजुअल है जहां वह चाहती हैं कि मैं बेस्ट दिखूं क्योंकि मैं उनकी बेटी हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी उन्हें ऐसी स्थिति में डालना चाहूंगी। सारा ने कहा ,मेरी मां का मानना है कि आपको अपने काम को 100 प्रतिशत देना चाहिए। तभी आपको वह सब वापस मिलेगा जो आप चाहते हो। वह एक्साइटेड होकर काम पर जाती हैं और डबल एक्साइटमेंट के साथ वापस आती हैं। घर लौटते ही वह कहती हैं मुझे बहुत मजा आया और मैंने इतना बढ़िया काम किया मां बनने से पहले वह एक्ट्रेस थीं और अभी भी वह उत्साही और जोशीली एक्ट्रेस हैं। **(एजेंसी)**



## शाहरुख खान ने एक बार फिर किया जिम का रुख

बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने एक बार फिर अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग शुरू करने की तैयारी कर ली है और उन्होंने फिर से जिम जाना शुरू कर दिया है जिससे वह फिल्म के हिसाब से ठीक लुक में आ सकें। शाहरुख ने लंबे ब्रेक के बाद फिल्म 'पठान' और साउथ के डायरेक्टर एटली की एक फिल्म साइन करने के बाद इन पर काम शुरू कर दिया था। हालांकि बेटे आर्यन खान के ड्रग्स केस में फंसने के बाद शाहरुख ने दोनों फिल्मों की शूटिंग रोक दी थी। अब जब आर्यन घर वापस आ गए हैं, शाहरुख खान ने दोबारा अपना काम शुरू कर दिया है। शाहरुख खान और उनके परिवार के लिए पिछले कुछ महीने काफी कठिन थे। शाहरूख अपने बेटे को लेकर इतने बिजी थे कि फिल्मों का काम रोकना पड़ा।लगभग 30-40 दिनों तक शाहरुख ने अपना डायट प्लान और एक्सरसाइज भी छोड़ दी थी जिसका असर उनकी फिजीक पर दिखने लगा है। इसके लिए अब एक बार फिर शाहरुख ने काम शुरू करने से पहले अपनी फिजीक और डायट पर ध्यान देना शुरू कर दिया है जिससे 'पठान' के लिए वह सही लुक्स में आ सकें। शाहरुख ने अब जिम जाना भी शुरू कर दिया है।





## जैकलीन फर्नांडीज को कुछ देर के लिए मुंबई एयरपोर्ट पर रोका गया

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को रविवार को अधिकारियों ने मुंबई हवाईअड्डे पर रोक दिया, लेकिन बाद में उन्हें आगे बढ़ने दिया गया। जानकारी के अनुसार, जैकलीन से हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने सुकेश चंद्रशेखर और सात अन्य से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की रोकथाम के संबंध में पूछताछ की थी। एक उच्च पदस्थ सूत्र



ने कहा कि अभिनेत्री के खिलाफ एक एलओसी (लुक आउट सर्कुलर) जारी किया गया था और एजेंसी को संदेह था कि वह विदेश जा सकती है और इसलिए, उन्होंने संबंधित प्राधिकरण को एक पत्र लिखा था। जैकलीन के मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया, लेकिन बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, वह दिल्ली के लिए फ्लाइट पकड़ने वाली थीं। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को पीएमएलए अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें जैकलीन सहित कुछ बॉलीवुड अभिनेत्रियों को गवाह के रूप में नामित किया गया था। अदालत ने आरोपपत्र दाखिल होने के तुरंत बाद उसका संज्ञान लिया और एजेंसी से सभी आरोपियों को आरोपपत्र की प्रति उपलब्ध कराने को कहा था। संभव है कि जैकलीन को फिर से जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जा सकता है। मामले में अगली सुनवाई की तारीख 13 दिसंबर है। ईडी के अधिकारी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है । **(एजेंसी)**

## नफीसा अली ने बिग बी के साथ मेजर साब के दिनों को याद किया

दिग्गज अभिनेत्री नफीसा अली आगामी फिल्म ऊंचाई में लगभग दो दशकों के बाद मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। दोनों को आखिरी बार 1998 में आई फिल्म मेजर साब में साथ देखा गया था। नफीसा ने 1998 की फिल्म में अमिताभ के साथ काम करने के बारे में बताया और साझा किया कि वह एक बार फिर अभिनेता के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी और अमिताभ की एक मोनोक्रोम तस्वीर साझा की। तस्वीर में दोनों कैमरे के लिए मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मेजर साब की यादें और ऊंचाई के लिए तोहफा। नफीसा ने अमिताभ, अनुपम खेर, और बोमन ईरानी और उनकी दोस्त किरण नायर के साथ और भी तस्वीरें साझा कीं, जो मेजर साब की शूटिंग के दौरान उनके साथ थीं। मेरी दोस्त किरण नायर (एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी) यहां मेरे साथ मुंबई में हैं और मेजर साहब की शूटिंग के दौरान भी मेरे साथ थीं। उन्होंने पहले महबूब स्टूडियो से कुछ अतिरिक्त झलकियां पोस्ट की थीं और लिखा था, मुंबई - महबूब स्टूडियो में - 24 साल बाद मेजर साब के साथ फिर से काम करने में बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। ऊंचाई सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित है। इसमें नीना गुप्ता, अनुपम खेर और बोमन ईरानी के साथ परिणीति चोपड़ा भी हैं। **(एजेंसी)**



## 25 मार्च को रिलीज होगी रवि तेजा की फिल्म रामाराव ऑन ड्यूटी

तेलुगु स्टार रवि तेजा की आगामी एक्शन थ्रिलर रामाराव ऑन ड्यूटी 25 मार्च, 2022 को बड़े पर्दे पर आएगी। रामाराव ऑन ड्यूटी का निर्देशन नवोदित फिल्म निर्माता सरथ मंडावा ने किया है। मेकर्स ने एक पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। निर्माताओं ने रवि तेजा की विशेषता वाली फिल्म के एक मजेदार पोस्टर का भी अनावरण किया। पृष्ठभूमि में भारी भीड़ और पुलिसकर्मियों के साथ, रवि तेजा सोमवार को जारी किए गए पोस्टर में एक दिलेर अवतार में दिखाई दे रहे हैं। रामाराव ऑन ड्यूटी में रवि तेजा के साथ माजिली फेम दिव्यांशा कौशिक और राजिशा विजयन मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में वेणु थोट्टमपुडी भी मुख्य भूमिकाओं में से एक में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलहाल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग चल रही है। **(एजेंसी)**

## कॉमेडी में हाथ आजमाना चाहते हैं आयुष शर्मा

अपनी पहली फिल्म लवयात्री में आदर्श प्रेमी लड़के की भूमिका निभाने वाले और अपनी नवीनतम रिलीज अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में एक खूंखार गैंगस्टर का किरदार निभाने वाले अभिनेता आयुष शर्मा का कहना है कि वह अब लोगों को हंसाना चाहते हैं और कॉमिक रोल करना चाहते है। आयुष ने कहा कि मैं कॉमेडी करना पसंद करूंगा।

31 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि वह फिल्म हेरा फेरी की तर्ज पर कुछ करना पसंद करेंगे, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल हैं। उन्होंने कहा, हेरा फेरी जैसा कुछ। यह एक सर्वकालिक कल्ट क्लासिक है। हेरा फेरी जैसा कुछ भी नहीं है, आप पूरी कॉमेडी जानते हैं, त्रुटियों की कॉमेडी। मुझे वह करना अच्छा लगेगा। महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में सलमान खान भी हैं। **(एजेंसी)**

## ऑफिशली वाइफ और हसबैंड बन चुके हैं विक्की और कटरीना

रविवार की शाम सफेद साड़ी में कटरीना कैफविक्की कौशल के घर पहुंचीं, जिसकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि संभवतः रविवार शाम विक्की और कटरीना ने रजिस्टर्ड मैरिज की हो और इसीलिए ऐक्ट्रेस और उनका पूरा परिवार ऐक्टर के घर पहुंचा हो । बीती शाम विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने घर के बाहर मौजूद फोटोग्राफर्स के लिए खाने का इंतजाम करवाया था। पिछले वीक ही यह चर्चा थी कि कपल अपनी शादी की फॉर्मैलिटी पूरी करने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घर के बाहर मीडिया की भीड़ देखते हुए ऐक्टर के घर पर ही रजिस्टर्ड मैरिज की फॉर्मैलिटी पूरी की गई। बता दें कि कटरीना कैफ और विक्की कौशल राजस्थान में शादी करने जा रहे । दोनों राजस्थान के रॉयल फोर्ट में शादी रचाने जा रहे हैं और सेलिब्रेशन का यह कार्यक्रम 7 से 9 दिसम्बर तक चलेगा। खबरों के मुताबिक, 7 दिसंबर यानी कल मंगलवार को मेहंदी का कार्यक्रम होने वाला है। वहीं 8 दिसंबर को संगीत का कार्यक्रम होगा। 9 दिसंबर को कटरीना कैफ और विक्की कौशल शादी के बंधन में बंधेगे। शादी की तैयारियां सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा स्थित होटल सिक्स सेंस बरवाड़ा फोर्ट में पूरे जोर-शोर से चल रही है, जहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं ताकि वहां परिंदा भी पर न मार पाए। **(एजेंसी)**



## नेटफ्लिक्स का सरप्राइज! अक्षय कुमार की सूर्यवंशी शुक्रवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पहुंची, ये वेब सीरीज भी हुई रिलीज

शुक्रवार सुबह नेटफ्लिक्स ने अपने ग्राहकों को जबरदस्त झटका दिया। अक्षय कुमार की फिल्म सूर्यवंशी सिनेमाघरों में बेहतरीन कलेक्शन करने के बाद ठीक चार हफ्ते बाद प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम कर दी गयी है। नेटफ्लिक्स के सब्सक्राइबर्स के लिए यह चौंकाने वाली बात थी, क्योंकि यह तो तय था कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आएगी, पर इतनी जल्दी की उम्मीद नहीं थी। प्लेटफॉर्म ने स्ट्रीमिंग डेट की कोई आधिकारिक सूचना पहले नहीं दी थी। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में 5 दिसम्बर को स्ट्रीम किये जाने का दावा किया गया था।

सूर्यवंशी ने गुरुवार (2 दिसम्बर) को सिनेमाघरों में 4 हफ्ते का सफर पूरा किया है। फिल्म 5 नवम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज की गयी थी और इन चार हफ्तों ने धुआंधार प्रदर्शन करते बॉक्स ऑफिस पर 190 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है। नेटफ्लिक्स पर सूर्यवंशी हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध है। प्लेटफॉर्म ने इसकी सूचना देते हुए एक कॉमिक वीडियो भी साझा किया है, जिसे आप नीचे देख सकते हैं-

रोहित शेट्टी निर्देशित सूर्यवंशी में अक्षय कुमार ने वीर सूर्यवंशी नाम के एटीएस चीफ का किरदार निभाया है। फिल्म में अजय देवगन और रणवीर सिंह ने भी अपने सिंघम और सिम्बा वाले कैरेक्टर में स्पेशल एपीयरेंस किया है। रिपोर्ट्स आयी थीं कि नेटफ्लिक्स ने फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स हासिल करने के लिए 100 करोड़ खर्च किये हैं।



सूर्यवंशी के अलावा आज नेटफ्लिक्स पर बेहद लोकप्रिय क्राइम सीरीज मनी हाइस्ट के आखिरी सीजन का आखिरी भाग रिलीज किया जा रहा है। फिनाले एपिसोड्स का मनी हाइस्ट के फैंस को इंतजार था। वहीं, जी5 पर अभिषेक बच्चन और चित्रांगदा सिंह की फिल्म बॉब बिस्वास स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म सुजॉय घोष की कहानी का स्पिन ऑफ है। शाह रुख खान इसके निर्माता हैं। अमेजन प्राइम वीडियो पर चर्चित वेब सीरीज इनसाइड एज का तीसरा सीजन स्ट्री हो चुका है। इस सीरीज में विवेक ओबेरॉय, आमिर बशीर, रिचा चड्ढा, सपना पब्बी और तनुज विरवानी मुख्य भूमिकाओं में नजर आते हैं। **(एजेंसी)**

## रकुल प्रीत सिंह ने शेयर की मालदीव वेकेशन की थ्रोबैक तस्वीर

### बिकिनी पहने समुंदर किनारे यूं किया चिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर अपनी एक्टिविटी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर फैंस के साथ अपने फोटोज वीडियो शेयर करती रहती हैं। सोमवार को उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो चिल करती नजर आ रही हैं। इस फोटो को अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। फोटो में वो समुंदर किनारे बैठकर एंजॉय करती नजर आ रही हैं। तस्वीर में रकुल ब्लू कलर की बिकिनी में पोज देती हुई दिख रही हैं।

इस थ्रोबैक फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, 'शरीर मिट जाता है लेकिन यादें हमेशा रहती हैं।' अभिनेत्री की इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है, फोटो को अब तक कई लाख लोग लाइक कर चुके हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। फोटो में अपने बालों में हाथ डालकर कुछ सोचती हुई दिख रही हैं। इस फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर कर उन्होंने एक खास कैप्शन भी लिखा है। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही जॉन अब्राहम की फिल्म अटैक में नजर आने वाली हैं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर ये फिल्म एक एक्शन ओरिएंटेड वेंचर है। फिल्म की कहानी हाई जैक पर आधारित है। इसके अलावा अभिनेत्री जंगली पिक्चर्स की फिल्म डॉक्टर जी में अभिनेता आष्युमान खुराना और अभिनेत्री शेफाली शाह के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म में वो आष्युमान के साथ डॉक्टर का किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी। साथ ही वो अजय देवगन की फिल्म 'मेडे' और 'थैंक गॉड' में मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। आपको बता दें कि रकुल प्रीत सिंह ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत साल 2009 में आई कन्नड फिल्म 'गिल्ली' से की है। उन्होंने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत साल 2014 में आई फिल्म 'यारियां' से की थी। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता हिमांशु कोहली के साथ अहम किरदार निभाया है। **(एजेंसी)**

## विनय पाठक-स्टारर भगवन भरोसे 2022 में होगी रिलीज

विनय पाठक अभिनीत फिल्म निर्माता शिलादित्य बोरा की आगामी फिल्म भगवान भरोसे, अपने अंतिम पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। यह 2022 में रिलीज होने के लिए तैयार है। विनय पाठक ने कहा, भगवान भरोसे एक प्यारी और विशेष कहानी है, और मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मैं शिलादित्य के पहले निर्देशन का हिस्सा बन गया हूं। यहां से उनकी लंबी शानदार सिनेमा यात्रा की शुरूआत हो रही। प्लाटून वन फिल्म्स, लाइटहाउस इनोवेंचर्स और श्री सत्य साई आर्ट्स के साथ श्रीलंकाई ऑटोरियर फिल्म निर्माता प्रसन्ना विथानगे द्वारा यह फिल्म सह-निर्मित है। साथ ही नीलमणि और मोहित चौहान ने इसकी पटकथा लिखी है। दो प्रतिभाशाली युवा सतेंद्र सोनी और स्पर्श सुमन इस फिल्म से अपनी शुरुआत कर रहे हैं। इसके अलावा फिल्म में अभिनेता विनय पाठक, मासूमेह मखीजा, मनु ऋषि चड्ढा, श्रीकांत वर्मा, सावन टैंक और कृष्ण सिंह बिष्ट हैं। मासूमेह मखीजा ने कहा, भगवान भरोसा एक ऐसी फिल्म है जो बहुत ही कठिन विषयों की खोज करती है और समकालीन भारत में इसकी अत्यधिक प्रासंगिकता है। यह एक सच्ची जुनून के साथ बनाई गई परियोजना है और यह जुनून फिल्म के हर पहलू में दिखाई देता है। बोरा ने आगे कहा कि कई बार मैं अपनी पहली फीचर को निर्देशित करने के करीब आया लेकिन असफल रहा, और अंत में करीब 20 वर्षों के इंतजार के बाद, मैंने अपनी फीचर निर्देशित पहली फिल्म भगवान भरोसे की शूटिंग पूरी कर ली है। **(एजेंसी)**

